


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन से सीएम डॉ. यादव और केंद्रीय मंत्री खट्टर ने दिखाई हरी झंडी, मेट्रो में एम्स तक किया सफर

## मेट्रो के शुभारंभ के साथ राजधानी में विकास की 'नई कहानी' शुरू

# झीलों की नगरी की 'मेट्रो' से बढ़ी और शान

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बोले- मेट्रो चली तो आनंद आ गया, भोपाल की सुंदरता का कराया अहसास, शहरी ट्रांसपोर्ट के लिए यह बड़ी सौगात**

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि मेट्रो जहां होती है वहां ऐसा लगता है कि शहर ऊंचा उठ गया है

देश में 300 किमी का दायरा बढ़ते ही भारत मेट्रो संचालन में चीन के बाद दूसरी कंट्री बन जाएगा

### मेट्रो वाला भोपाल देश का 26 वां शहर

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि भोपाल इंदौर के बाद मेट्रो चलने वाला 26 वां शहर है। आगामी दो सालों में 30 किमी के दायरे में मेट्रो का संचालन हो सकेगा। दुनिया में चीन के बाद देश दूसरे नंबर पर होगा। मनोहर लाल ने कहा कि वर्तमान में देश में 1090 किमी मेट्रो ट्रैक है और 900 किमी ट्रैक का काम चल रहा है जब 300 किमी का दायरा बढ जाएगा तो देश चीन के बाद दूसरे नंबर पर होगा।

### मेट्रो की पायलट जान्हवी बोलीं- अच्छा अनुभव रहा

एम्स मेट्रो स्टेशन पर मेट्रो की पायलट जान्हवी गोस्वामी से 'हरिभूमि' ने मेट्रो चलाने के अनुभव पर सवाल पूछा। उन्होंने कहा कि बहुत अच्छा। को-पायलट ने कहा कि मेट्रो को चलाने के लिए विशेष ट्रेनिंग ली है।

## सभी लोगों ने मेट्रो से शहर को निहारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मेट्रो ट्रेन में बैठकर शहर का नजारा देखकर सुंदरता का अहसास हुआ। मेट्रो संचालन के साथ राजधानी में विकास की नई कहानी शुरू हुई है। इसके चलने से सभी यात्रियों, मरीजों को लाभ मिलेगा। शहरी ट्रांसपोर्ट के लिए यह बड़ी सौगात है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को एम्स मेट्रो स्टेशन पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि मेट्रो भोपाल के विकास में महती भूमिका निभाएगी। इसके पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन पर मेट्रो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और उसमें सवार होकर एम्स मेट्रो स्टेशन पहुंचे। डॉ. यादव ने कहा कि लोगों का उत्साह देखते ही बनता था। लोग बेहद खुश थे। बच्चे, बुजुर्गों ने ट्रेन से शहर को निहारा है तो बहुत अच्छा लगा। उन्होंने मेट्रो के संचालन पर सभी को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार का लाभ मिल रहा है। प्रदेश में 5800 करोड की 262 योजनाएं संचालित हो रही हैं जो गर्व की बात है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री द्वारा इंदौर में अंडरग्रांउड लाइन को मंजूरी मिलने का भी आभार माना। इससे पहले सुबह मिंटो हॉल में मेट्रो का लोकार्पण किया गया।

- सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन को फूलों से सजाया गया था
- फूलों के बीच लोग सेल्फी, फोटो लेते और वीडियो बनाते रहे
- मेट्रो के अंदर भी सवार लोगों ने खूब सेल्फी ली





### केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल बोले



बाएं से सीएम डॉ.मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल एवं मंत्री कैलाश विजयवर्गीय

### रोजमर्रा की आवाजाही आसान होगी

एम्स मेट्रो स्टेशन पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि झीलों की नगरी में मेट्रो के चलने से शान बढी है। मेट्रो जहां होती है वहां ऐसा लगता है कि शहर उंचा उठ गया है। इससे रोजमर्रा की आवाजाही आसान होगी। पैसा बचेगा और वातावरण बेहतर होगा।

## मेट्रो में सवार हुए मंत्री-विधायक के साथ करीब 600 लोग



मेट्रो में सफर करते हुए मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव (मध्य में)

सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद आलोक शर्मा, महापौर मालती राय, मंत्री कृष्णा गौर, मंत्री विश्वास सारंग, विधायक विष्णु खत्री के अलावा भाजपा के नेता, मीडिया से जुडे लोगों सहित सरकारी एजेंसियों के लोग भी बैठे। करीब 600 लोग मेट्रो में सवार थे। सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन पर केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री के पहुंचने का लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे थे कि वे जल्द आएं और हरी झंडी दिखाएं ताकि मेट्रो में बैठने का मौका मिले। जैसे ही मेट्रो का गेट खुला लोग उसमें खुशी-खुशी सवार हो गए।







वीडियो संदेश जारी कर सोनिया ने केंद्र पर साधा निशाना

# ‘क्रांतिकारी कदम’ मनरेगा पर सरकार ने बुलडोजर चला दिया, नाम भी बदल दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र की एनडीए सरकार संसद के शीतकालीन सत्र में मनरेगा की जगह पर ‘वीबी-जी राम जी’ बिल लेकर आई। इस बिल को संसद के दोनों सदनों में पास कर दिया गया हैं। इसके पास होने पर कांग्रेस संसदीय दल की चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने एक वीडियो संदेश जारी किया है। सोनियाने 20 साल पहले लाए गए मनरेगा कानून को क्रांतिकारी कदम बताया। उन्होंने अब नए कानून को लेकर सोनिया गांधी ने कहा कि सरकार ने मनरेगा पर बुलडोजर चला दिया। सोनिया ने कहा कि अब किसको, कितना, कहां और किस तरह रोजगार मिलेगा, यह जमीनी हकीकत से दूर दिल्ली में बैठकर सरकार तय करेगी।



### 20 साल पहले लाया गया था

सोनिया ने कहा कि 20 साल पहले डॉ. मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे, तब संसद में मनरेगा कानून आम राय से पास किया गया था। यह ऐसा क्रांतिकारी कदम था, जिसका फायदा करोड़ों ग्रामीण परिवारों को मिला था।

### गरीबों के हितों पर किया हमला

सोनिया ने कहा कि कांग्रेस का मनरेगा को लाने और लागू करने में बड़ा योगदान था, लेकिन यह पार्टी से जुड़ा मामला कभी नहीं था। ये देशहित और जनहित से जुड़ी योजना थी। मोदी सरकार ने इस कानून को कमजोर करके देश के करोड़ों किसानों, श्रमिकों और भूमिहीन ग्रामीण वर्ग के गरीबों के हितों पर हमला किया है। इस हमले का मुकाबला करने के लिए हम सब तैयार हैं।

### सरकार ने गरीबों और वंचितों के हितों को नजरअंदाज किया

सोनिया ने कहा कि पिछले 11 साल में मोदी सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार, गरीबों और वंचितों के हितों को नजरअंदाज कर मनरेगा को कमजोर करने की हर कोशिश की, जबकि कोविड के वक्त ये गरीब वर्ग के लिए संजीवनी साबित हुआ। लेकिन बहुत अफसोस की बात है कि अभी हाल में सरकार ने मनरेगा पर बुलडोजर चला दिया।

जयराम ने परमाणु विधेयक पर साधा निशाना

# हमें सब कुछ मालूम हो गया प्रधानमंत्री ने शांति बिल जबरन क्यों पास कराया?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने शनिवार को आरोप लगाया कि परमाणु विधेयक शांति बिल को संसद में सिर्फ इसलिए जबरन पारित कराया गया ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने एक समय के अच्छे दोस्त के साथ शांति बहाल कर सकें। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने हालांकि किसी का नाम नहीं लिया। जयराम ने कहा कि शांति बिल ‘सिविल लायबिलिटी फॉर न्यूक्लियर डैमेज एक्ट’ के मुख्य प्रावधानों को खत्म करता है और यह एक चिंता का विषय है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि संयुक्त राज्य अमेरिका के नेशनल डिफेंस ऑथराइजेशन एक्ट 2026 में भी इसे लेकर चिंता जताई गई है।



### कांग्रेस ने अमेरिकी एक्ट का किया जिक्र

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी वित्तीय वर्ष 2026 के लिए नेशनल डिफेंस ऑथराइजेशन एक्ट पर हस्ताक्षर किए हैं। यह एक्ट 3,100 पन्नों का है। अब हमें पक्का पता चल गया है कि प्रधानमंत्री ने इस हफ्ते की शुरुआत में संसद में शांति बिल को जल्दबाजी में पास कराया। यह उनके एक समय के अच्छे दोस्त के साथ शांति बहाल करने के लिए था।

### अमेरिकी कानून का किया जिक्र

अमेरिकी एक्ट के पेज 1,912 पर ‘न्यूक्लियर लायबिलिटी नियमों पर संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत के बीच संयुक्त मूल्यांकन’ शीर्षक के तहत एक सेक्शन है। जिसमें कहा गया है कि ‘विदेश सचिव, अन्य संबंधित संघीय विभागों और एजेंसियों के प्रमुखों के परामर्श से, अमेरिकी-भारत रणनीतिक सुरक्षा संवाद के भीतर भारत गणराज्य की सरकार के साथ एक संयुक्त परामर्श तंत्र स्थापित किया जाएगा, जो नियमित आधार पर बैठक करेगा। इसमें कहा गया है कि भारत के घरेलू परमाणु दायित्व नियमों को अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के साथ संरेखित करने पर चर्चा की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### सीएम धामी ने थामा रैकेट, फिट रहने को कहा

**देहरादून।** सीएम पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को बहुउद्देशीय क्रीड़ा हॉल, परेड ग्राउंड, देहरादून में



उत्तराखंड सचिवालय बैडमिंटन क्लब द्वारा आयोजित 10वीं अंतर्विभागीय बैडमिंटन स्पर्धा का शुभारंभ किया। उन्होंने यहां बैडमिंटन कोर्ट में बैडमिंटन भी खेला। खेल जीवन में अनुशासन के साथ-साथ तनाव को दूर करता है। शरीर को फिट रखता है।

### दिल्ली में जल्द लागू होगी ईवी पॉलिसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के मुद्दे पर घिर रही भाजपा सरकार ने जनवरी में जनता की



भलाई के लिए इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) पॉलिसी लाने का ऐलान किया है। सरकार का दावा है कि इससे जनता को स्वच्छ हवा मिलेगी। मंत्री पंकज कुमार सिंह ने कहा कि ईवी पॉलिसी बहुत जल्द लाई जाएगी। हम इसे अगले 15 दिनों के अंदर पब्लिक डोमेन में रखेंगे।

### शाह से मिले नायडू प्रोजेक्ट पर की बात

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित



शाह से मुलाकात की और राज्य में चल रहे कई अहम प्रोजेक्ट्स की प्रगति पर चर्चा की। नायडू ने विशाखापत्तनम में सीआईआई पार्टनरशिप समिट में मिले सकारात्मक निवेशक प्रतिक्रिया पर जोर दिया, जहां बड़ी कंपनियों ने दिलचस्पी दिखाई है।

### 3 भाजपा समर्थकों की ट्रेन हादसे में मौत

**नादिया।** पीएम मोदी आज पश्चिम बंगाल के दौरे पर हैं। ऐसे में एक दुखद घटना सामने आई है। नादिया



जिले के ताहेरपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में शामिल होने जा रहे मुर्शिदाबाद के 3भाजपा समर्थकों की ट्रेन हादसे में मौत हो गई। यह घटना शुक्रवार तड़के ताहेरपुर स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक के किनारे हुई। मृतकों में रामप्रसाद घोष सबलदहा, बरंजा के थे।

### राजस्थान में 25 ट्रेनें लेट,10 उड़ानें प्रभावित

**जयपुर।** राजस्थान में शीतलहर और कोहरे का डबल अटैक जारी है। सुबह और रात में कोहरे की



वजह से 25 ट्रेन का टाइम-टेबल प्रभावित हुआ है। शुक्रवार को सिर्फ जयपुर एयरपोर्ट से 7 विमानों ने तय समय से देरी से उड़ान भरी जबकि कुछ का समय बदला गया है। आईएमडी ने न्यूनतम तापमान में औसतन एक से दो डिग्री तक की गिरावट का अलर्ट जारी किया है।

## नादिया रैली को कोलकाता से पीएम मोदी ने किया वर्चुअली संबोधित

# बंगाल को जंगलराज से मुक्त करें, टीएमसी की लूट और धमकियों ने सभी हदें पार की

### पीएम मोदी ने 3,200 करोड़ के नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन भी किया



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को पश्चिम बंगाल के तहेरपुर हेलीपैड पर उतरने की कोशिश में विफल रहे। क्षेत्र में घने कोहरे के कारण दृश्यता बहुत कम थी, जिससे पीएम का हेलीकॉप्टर कुछ समय हेलीपैड के ऊपर मंडराने के बाद वापस कोलकाता हवाई अड्डे लौट गया। उन्होंने एयरपोर्ट से ही वर्चुअली संबोधन किया। उन्होंने खराब मौसम के कारण रैली स्थल तक नहीं पहुंच पाने पर लोगों से माफी भी मांगी। पीएम ने कहा कि पश्चिम बंगाल में कई विकास परियोजनाएं राज्य सरकार की वजह से लंबित पड़ी हैं। उन्होंने कहा कि अगर टीएमसी भाजपा का विरोध करना चाहती है तो करे, लेकिन राजनीतिक फायदे के लिए विकास को रोके जाने की बात समझ से बाहर है। पीएम ने लोगों से अपील की कि वे भाजपा को एक मौका दें, डबल इंजन सरकार बनने दें और भरोसा दिलाया कि उनकी सरकार बंगाल के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध रहेगी।पीएम ने 3,200 करोड़ रुपए के नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन भी किया। पीएम मोदी सुबह करीब 10.40 बजे दिल्ली से कोलकाता पहुंचे थे।

एसआईआर पर ममता सरकार पर गरजे प्रधानमंत्री

खराब मौसम के कारण रैली स्थल तक नहीं पहुंचने पर लोगों से माफी भी मांगी

चट्टोपाध्याय को नमन कर कहा- वंदे मातरम को राष्ट्र निर्माण का मंत्र बनाएंगे



गुवाहाटी में टर्मिनल भवन के उद्घाटन के दौरान पीएम मोदी

**पीएम मोदी ने बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को किया नमन**

पीएम मोदी ने महान साहित्यकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को नमन करते हुए कहा कि वंदे मातरम ब्रिटिश शासन के खिलाफ संघर्ष का मंत्र था। पीएम मोदी ने कहा वंदे मातरम को राष्ट्र निर्माण का मंत्र बनाना है।

### बंगाल में घुसपैठियों को टीएमसी का संरक्षण मिल रहा

प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार देश के नागरिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। उन्होंने कहा कि जीएसटी ने बंगाल समेत पूरे देश के लोगों को बड़ी राहत दी है और दुर्गा पूजा और अन्य त्योहारों के दौरान देशभर के लोग इससे काफी लाभान्वित हुए हैं। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि बंगाल में घुसपैठियों को टीएमसी का संरक्षण प्राप्त है। पीएम ने कहा कि गंगा बिहार से होकर बंगाल तक जाती है और बिहार ने बंगाल को रास्ता दिखाया है। उन्होंने कहा कि बंगाल को जंगलराज से मुक्त होना होगा। प्रधानमंत्री ने दोहराया कि वे पूरे दिल से बंगाल के लोगों के लिए समर्पित हैं और राज्य के लिए फंड और नीतियों की कोई कमी नहीं है।

**राजमार्ग और सेक्शन की सौगात दी**

नदिया जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-34 के बरजागुली-कृष्णानगर सेक्शन के 66.7 किलोमीटर लंबे फोर-लेन का उद्घाटन और उत्तर 24 परगना जिले में 17.6 किलोमीटर लंबे बारासात-बरजागुली सेक्शन के फोर-लेन का शिलान्यास किया। अधिकारियों ने बताया कि इन परियोजनाओं से कोलकाता और सिलीगुड़ी के बीच एक महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी लिंक बनने की उम्मीद है, जिससे राज्य के दक्षिणी और उत्तरी हिस्सों में व्यापार, पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

### मीडिया पोस्ट में कहा टीएमसी के कुशासन के कारण सभी लोग पीड़ित

पीएम मोदी ने शुक्रवार शाम को एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि बंगाल के लोगों को केंद्र की कई जन-समर्थक पहलों से फायदा हो रहा है। टीएमसी के कुशासन के कारण पीड़ित हैं। टीएमसी की लूट और धमकियों ने सभी हदें पार कर दी हैं। भाजपा से लोगों को उम्मीद है। यहां ममता सरकार एसआईआर का लगातार विरोध कर रही है। टीएमसी का आरोप है एसआईआर ‘जल्दबाजी’ में की जा रही है और शरणार्थी हिंदुओं को, मताधिकार से वंचित किया जा सकता है।

### प्रधानमंत्री के दौरे से जनता में खुशी की लहर

प्रधानमंत्री के पश्चिम बंगाल दौरे पर वहां के स्थानीय लोगों ने खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का हमारे बीच में आगमन शुभ संकेत है। निसंदेह उनके आने से राज्य में विकास से संबंधित कार्यों में तेजी देखने को मिलेगी। उनका आगमन हमारे बीच में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है, जिसका हम सभी लोगों को स्वागत करना चाहिए ।

## असम को ईस्ट पाकिस्तान का हिस्सा बनाने की साजिश हो रही



पीएम ने किया गुवाहाटी एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन

पीएम मोदी

**गुवाहाटी।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को असम में लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया।अदाणी समूह द्वारा संचालित गोपीनाथ बरदोलोई इंटरनेशनल एयरपोर्ट का बड़े पैमाने पर विस्तार किया जा रहा है, ताकि गुवाहाटी को पूर्वोत्तर भारत का प्रमुख विमानन केंद्र और दक्षिणपूर्व एशिया का प्रवेश द्वार बनाया जा सके.5,000 करोड़ की इस परियोजना में 13.1 एमपीपीए क्षमता वाला एक नया प्रकृति-थीम वाला टर्मिनल, उन्नत रनवे और एयरसाइड बुनियादी ढांचा, और नियोजित कार्गो और एमआरओ सुविधाएं शामिल हैं।

### कांग्रेस ने दशकों तक पूरे क्षेत्र की उपेक्षा की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम के गुवाहाटी में एक सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकारों के लिए असम और पूर्वोत्तर का विकास उनके एजेंडे में ही नहीं था, बल्कि असम को ईस्ट पाकिस्तान का हिस्सा बनाने की साजिश रची जा रही थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकारों में बैठे लोग कहते थे कि असम और पूर्वोत्तर में जाता ही कौन है? उनकी सोच थी कि असम और पूर्वोत्तर को आधुनिक एयरपोर्ट, बेहतर रेलवे और हाईवे की क्या जरूरत है। इसी सोच की वजह से कांग्रेस ने दशकों तक इस पूरे क्षेत्र की उपेक्षा की।

### मेरे लिए असम का विकास प्राथमिकता, बिना पर्ची, बिना खर्ची कार्यक्रम हो गया बंद

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस 6-7 दशकों तक गलतियां करती रही, मोदी एक-एक करके उन गलतियों को सुधार रहा है। मेरे लिए असम का विकास जरूरत भी है, जिम्मेदारी भी है और इसकी जवाबदेही भी है। इसलिए पिछले 11 सालों में असम, पूर्वोत्तर के लिए लाखों-करोड़ो की परियोजनाएं शुरू हुई हैं। असम भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस ) लागू करने में नंबर एक राज्य बना है। कांग्रेस के समय असम में बिना पर्ची, बिना खर्ची के सरकारी नौकरी मिलना असंभव था, लेकिन आज यहां हजारों युवाओं को बिना पर्ची, बिना खर्ची के नौकरी मिल रही है।

होसपेटे तालुक के एक बालिका सरकारी स्कूल में लॉन्च की

# यहां के सरकारी स्कूलों में पढ़ाया जाएगा एआई, स्टेम व रोबोटिक्स

### छात्रों को आधुनिक तकनीकों की जानकारी मिल सकेगी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कर्नाटक में साइएंट एआई लैब ( विजयपथ) पहल की शुरुआत की। इसा उद्देश्य सरकारी स्कूलों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), एसटीईएम (स्टेम) और रोबोटिक्स शिक्षा तक आसान और समान पहुंच सुनिश्चित करना है। यह योजना होसपेटे तालुक के एक बालिका सरकारी स्कूल में लॉन्च की गई। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस पहल से जुड़ी तस्वीरें साझा की। पायलट प्रोजेक्ट के तहत सरकारी स्कूलों में पांच अत्याधुनिक एआई, एसटीईएम और रोबोटिक्स लैब स्थापित की जा रही हैं।

कर्नाटक में वित्त मंत्री सीतारमण ने शुरू की विजयीपथ पहल



विजयीपथ की शुरुआत करतीं मंत्री सीतारमण

### लैब्स में मिलेंगी कई सुविधाएं

इन लैब्स में हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटर, एआई के लिए तैयार सॉफ्टवेयर, रोबोटिक्स किट, इंटरनेट ऑफ थिंग्स डिवाइस, सेंसर और सुरक्षित ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी की सुविधा दी जाएगी। छात्र आधुनिक तकनीकों से सीधे जुड़ सकेंगे।

### इससे ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे तकनीकों से परिचित होंगे

यह पहल खासतौर पर ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों पर केंद्रित है। इसका मकसद स्कूल स्तर पर ही भविष्य की तकनीकों से छात्रों को परिचित कराना है, जिससे उनमें डिजिटल समझ, कम्प्यूटेशनल सोच और नवाचार की क्षमता विकसित हो सके। विजयीपथ पहल से 2,000 से ज्यादा छात्रों को लाभ मिलेगा और 200 से अधिक शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसे एक ऐसा स्केलेबल सीएसआर मॉडल बताया गया है।

## भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन ने किया साफ

# इंडिगो के यात्रियों को 26 दिसंबर को दिया जाएगा 10,000 रुपए का ट्रैवल वाउचर

### इस महीने की 3,4 और 5 तारीख को कई उड़ाने हो गई थीं रद्द

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो इस महीने की शुरुआत में बड़ी संख्या में उड़ानों के रद्द होने से प्रभावित यात्रियों को अगले हफ्ते से 10,000 रुपए का ट्रैवल वाउचर देगी। कई रिपोर्ट्स में ये कहा जा रहा है कि बजट एयरलाइन इंडिगो 26 दिसंबर को इस महीने की 3,4 और 5 तारीख को रद्द हुई उड़ानों से प्रभावित यात्रियों को 10,000 रुपए की वैल्यू वाला ट्रैवल वाउचर देगी।



इंडिगो एयरलाइंस

यह प्रभावित यात्रियों को सरकारी नियमों के अनुसार दिए जाने वाले 5,000 रुपए से 10,000 रुपए तक के मुआवजे के अतिरिक्त होगा।

### सीधे भुगतान सुनिश्चित करने का दिया गया था निर्देश

इंडिगो को ट्रैवल एजेंटों और ऑनलाइन ट्रैवल एजेंसियों से यात्रियों का विवरण एकत्र करने और प्रभावित ग्राहकों को सीधे भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था। चेयरमैन विक्रम सिंह मेहता ने कहा था,व्यापक उड़ान रद्दीकरण के मूल कारणों की पहचान करने के लिए बाहरी तकनीकी विशेषज्ञों को नियुक्त करेगा।

## राहुल के जर्मनी में बयान पर देश में मचा बवाल, भाजपा ने किया सवाल

# विदेशी धरती पर राहुल ने फिर किया देश को ‘शर्मसार’

### सदन में न आकर वे इंडियन डायस्पोरा को एड्रेस करने गए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान पर देश में विवाद छिड़ गया है। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि राहुल ने फिर विदेशी धरती से भारत का अपमान किया है। विपक्ष के नेता को सच में जिम्मेदारी से पेश आना होता है, खासकर तब जब वह विदेशी धरती पर हो। पात्रा ने कहा संसद चल रही है, सदन में कई बिल पर चर्चा हो रही है और राहुल जर्मनी में इंडियन डायस्पोरा को एड्रेस करने गए हैं। हमने राहुल गांधी को म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू फैक्ट्री जाते हुए देखा और वहां उन्होंने उनकी मैन्युफैक्चरिंग की तारीफ की और कहा कि उन्हें दुख है कि भारत में मैन्युफैक्चरिंग खराब है।

भाजपा प्रवक्ता पात्रा ने कांग्रेस नेता को सुनाया



### राहुल और जिम्मेदारी कभी साथ नहीं चल सकते

उन्होंने कहा कि राहुल का बार-बार विदेश जाना और विदेशी धरती से भारत की बेइज्जती करना दिखाता है कि वे और कांग्रेस पार्टी की इंडिया के लिए क्या भावनाएं हैं? राहुल और जिम्मेदारी कभी साथ-साथ नहीं चल सकते। जब भी वे विदेश जाते हैं, तो पार्लियामेंट और इंडिया की बेइज्जती करते हैं।

### मीर जाफर हैं राहुल, भारत के दुश्मनों से मिलेः भाटिया



भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने आरोप लगाया कि राहुल ने जर्मनी यात्रा के दौरान भारत के दुश्मनों से मुलाकात की। वे ऐसे तत्वों से हाथ मिलाकर वे देश के खिलाफ आखिर किस तरह की साजिश रच रहे हैं? भाटिया ने कहा कि वे मार जाफर बन गए हैं।

राहुल ने यह कहा

### भारत में विनिर्माण में गिरावट आ रही, विकास थम गया

राहुल गांधी ने जर्मनी के दौरे पर कहा कि हमें विनिर्माण



पारिस्थितिकी तंत्र बनाने और नौकरियां सृजित करना जरूरी है। उन्होंने बीएमडब्ल्यू के कारखाने का दौरा किया। भारत के विनिर्माण उत्पादन गिर गया है। विकास थम गया है।

## महाराष्ट्र सरकार ने बनाया नियम

# स्कूलों के नाम में ग्लोबल इंटरनेशनल लगाना बैन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र सरकार ने पात्रता के बिना स्कूलों के इंटरनेशनल या ग्लोबल शब्दों के प्रयोग पर रोक लगा दी है।



स्कूल अब अपने नाम में ‘अंतरराष्ट्रीय’ या ‘वैश्विक’ जैसे शब्दों का प्रयोग नहीं कर सकेंगे। जब तक कि वे विदेशों में परिसर का होना अथवा अंतरराष्ट्रीय पाठ्यक्रम प्रदान करना जैसे कुछ विशिष्ट पात्रता मानदंडों को पूरा न करें।

### मानदंड अधूरा तो नाम बदलने होंगे

स्कूल शिक्षा विभाग ने स्थानीय शिक्षा अधिकारियों को नए प्रस्तावों और मौजूदा स्कूलों की जांच करने और नए नियमों का अनुपालन करने का निर्देश दिया है। स्कूलों को अपने नाम में उपरोक्त शब्दों का प्रयोग करने के लिए भारत के बाहर कैंपस होना या मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय पाठ्यक्रम प्रदान करना आवश्यक है। जो स्कूल पहले से ही इन शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं, यदि वे मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं, तो उन्हें नाम बदलना होगा।

जबलपुर
रविवार, 21 दिसंबर 2025
पौष मास शुक्ल पक्ष-02
वर्ष : 20, अंक : 232
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 23
न्यून. 10

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

कैंसर संबंधी दावे भ्रामक

## अंडा खाना पूरी तरह सुरक्षित: प्राधिकरण



**नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने अंडों को लेकर फैलाए जा रहे कैंसर के खतरे संबंधी दावों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि यह दावे न केवल वैज्ञानिक तथ्यों से परे हैं, बल्कि जनता में अनावश्यक भय और भ्रम भी पैदा कर रहे हैं। एफएसएसएआई ने स्पष्ट किया कि पोल्ट्री और अंडों में नाइट्रोफ्यूरान का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित है।

भोपाल में हुई शहरी विकास मंत्रियों की क्षेत्रीय बैठक

केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा

# आजादी के '100 साल' ध्यान में रख तैयार करें शहरों के विकास की योजना

बैठक में मप्र, छत्तीसगढ़, राजस्थान, दिल्ली और उत्तरप्रदेश के शहरी विकास मंत्री, राज्य मंत्री, भारत सरकार एवं राज्यों के अधिकारी शामिल थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि वर्ष @2047 तक भारत की शहरी आबादी अनुमान के मुताबिक कुल आबादी की 50 फीसदी तक हो जाएगी। जब हम इसे ध्यान में रख कर शहरी योजनाओं का क्रियान्वयन करेंगे, तभी विकसित और आत्मनिर्भर भारत बना सकेंगे।

उन्होंने कहा कि शहरी कार्य मंत्रालय ने योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए देश में क्षेत्रवार राज्यों की बैठक करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि हर राज्य की भौगोलिक स्थिति और परेशानियां अलग है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राज्यों के विकास के लिए केंद्र सरकार सपोर्टिंग सिस्टम के रूप में काम करती है, ठोस प्रयास तो राज्य सरकारों को ही करना होगा। खट्टर शनिवार को भोपाल के कुशाभाऊ इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर मे शहरी विकास मंत्रियों की क्षेत्रीय बैठक (उत्तरी एवं मध्य राज्य) में बोल रहे थे। बैठक में मप्र, छत्तीसगढ़, राजस्थान, दिल्ली और उत्तरप्रदेश के शहरी विकास मंत्री, राज्य मंत्री, भारत सरकार एवं राज्यों के अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

**केंद्र सरकार सपोर्टिंग सिस्टम के रूप में काम कर रही**



भोपाल के कुशाभाऊ इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर मे शहरी विकास मंत्रियों की क्षेत्रीय बैठक

***विकसित और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिये समन्वय से करें योजना का क्रियान्वयन***

***अधोसंरचना विकास के कार्यों में बजट का हो सही उपयोग***

### पीएम आवास की सुरक्षा की गारंटी राज्य सरकारें दें

बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में 9 लाख 46 हजार आवासों में 8 लाख 79 हजार आवास निर्माण किए जा चुके हैं। पूर्ण आवासों के आधार पर मप्र प्रथम सर्वश्रेष्ठ राज्यों में शामिल है। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में 60 हजार आवासों को स्वीकृति दी जा चुकी है। केंद्र सरकार के अधिकारियों ने कहा कि जिन हितग्राहियों के प्रधानमंत्री आवास योजना में मकान बनाए जा चुके हैं, उनकी सुरक्षा की गारंटी राज्य सरकार को देना चाहिए।

### जिस कार्य के लिए केंद्र की राशि, उसे वहीं खर्च की जाए

केंद्रीय मंत्री खट्टर ने कहा कि केंद्र सरकार से मिलने वाली राशि का उपयोग उसी कार्य के लिए होना चाहिए, जिस कार्य के लिए राशि दी गई हो। उसे अन्य मदों में खर्च नहीं किया जा सकता। शहरों के विकास के लिए केंद्र सरकार से मिलने वाली बजट राशि का पूरा उपयोग समय पर किया जाए। खट्टर ने कहा कि क्षेत्रीय बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत योजना, स्वच्छ भारत मिशन और शहरी परिवहन व्यवस्था पर मुख्य रूप से चर्चा की जा रही है।

### मप्र में नगरीय निकायों को बनाया जा रहा है आत्मनिर्भर

मप्र के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि प्रदेश के नगरीय निकायों को आर्थिक और तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। नर्मदा नदी के किनारे बसे शहरों में सीवरेज कार्य को प्राथमिकता दी गई है। राज्य सरकार ने संकल्प लिया है कि नर्मदा नदी में गंदा पानी न मिलाया जाए। उन्होंने बताया कि प्रदेश की नगरीय क्षेत्रों में संपत्तियों की जीआईएस मैपिंग की गई है। इस कार्य से संपत्ति कर में 150 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। उन्होंने अमृत योजना में अधूरे कामों को पूरा करने के लिये केंद्र से मदद दिए जाने का आग्रह किया।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### कोमा में बेटा, पिता ने घर बेचकर मांगी इच्छामृत्यु



**नई दिल्ली।** गाजियाबाद के हरीश राणा (31) के लिए उनके माता-पिता ने सुप्रीम कोर्ट से इच्छामृत्यु की गुहार लगाई है। 2013 में इंजीनियरिंग की पढ़ाई के दौरान चौथी मंजिल से गिरने के बाद हरीश 12 वर्षों से कोमा में हैं। उनके इलाज के लिए पिता अशोक राणा अपना घर बेच चुके हैं और फिलहाल सैंडविच बेचकर गुजारा कर रहे हैं।

### राजा मर्डर केस में सोनम की जमानत याचिका खारिज



**शिलांग।** मेघालय की शिलांग कोर्ट ने इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड की मुख्य आरोपी पत्नी सोनम रघुवंशी की जमानत याचिका खारिज कर दी है। पुलिस की 700 पन्नों की चार्जशीट के अनुसार, सोनम ने प्रेमी और भाड़े के हत्यारों के साथ राजा की हत्या की साजिश रची थी।

बांग्लादेश में हिंसा का तांडव

## हिंदू युवक के बाद 7 साल की बच्ची को जिंदा जलाया

**ढाका।** बांग्लादेश के लक्ष्मीपुर सदर में शुक्रवार देर रात कुछ उपद्रवियों ने एक घर को बाहर से बंद कर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। आग में जिंदा जलने से एक 7 साल की बच्ची की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए। यह घर बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेता बिलाल हुसैन का है। घटना रात करीब 1 बजे की है। आग लगने से बिलाल की 7 साल की बेटी आयशा अख्तर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, बिलाल हुसैन और उनकी दो अन्य बेटियां सलमा अख्तर (16) और सामिया अख्तर (14) गंभीर रूप से झुलस गईं। बिलाल का इलाज लक्ष्मीपुर सदर अस्पताल में चल रहा है, जबकि दोनों बेटियों को गंभीर हालत में ढाका भेजा गया है।



■ बीएनपी नेता के घर में आग लगाई

ट्रेन के 5 डिब्बे-इंजन पटरी से उतरे

## असम में राजधानी एक्सप्रेस से टकराकर 7 हाथियों की मौत

एजेंसी ▶▶ नगांव/गुवाहाटी



■ कोहरे के कारण हादसे की आशंका

असम के होजाई जिले में शनिवार सुबह हाथियों का एक झुंड सैरंग-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आ गया। हादसे में सात हाथियों की मौत हो गई और एक हाथी का बच्चा घायल हो गया। हादसे में ट्रेन का इंजन और पांच कोच भी पटरी से उतर गए। यह हादसा सुबह 2:17 बजे चांगजुराई गांव के पास हुआ। हादसे में किसी यात्री के घायल होने की खबर नहीं है। नगांव के डिवीजनल फॉरेस्ट ऑफिसर सुहास कदम ने बताया कि इलाके में घना कोहरा होने के कारण यह हादसा होने की आशंका है।

मां और दादा पर हमला किया

## बहू को ससुर ने पिलाई थी शराब, नाती ने मार डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रीवा



■ नाती फरार पुलिस को तलाश

बिछिया थाना क्षेत्र के बदराव इलाके में एक नाती ने अपने ही दादा की डंडों से पीट-पीटकर बेरहमी से हत्या कर दी। वारदात का मुख्य कारण ससुर और बहू का साथ बैठकर शराब पीना बताया जा रहा है। यह घटना शनिवार दोपहर करीब 3 बजे की है। मृतक श्रीनिवास साकेत उम्र 68 वर्ष ने सुबह बैंक से पैसे निकाले थे। इसके बाद वह अपनी बहू के साथ बैठकर शराब पी रहे थे। मृतक के दूसरे नाती आशीष चौधरी ने बताया कि बहू ने काफी अधिक शराब पी ली थी और वह चलने की स्थिति में नहीं थी, जिसके बाद वे घर के अंदर ही शराब पीने लगे।

अशोका गार्डन क्षेत्र में शुक्रवार शाम 5 बजे की घटना

## 9 साल की मासूम बच्ची से 35 साल के इलेक्ट्रिशियन ने पार्क में कर दिया दुष्कर्म

**भीड़ ने पकड़कर धुना, पुलिस ने दबोचा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र में 9 साल की बच्ची से पार्क में दुष्कर्म का मामला सामने आया है। 35 साल के इलेक्ट्रिशियन ने पार्क में बच्ची को अकेला देखकर वहां बने खंडहरनुमा कमरे में उसे लेकर पहुंचा था। वहां उससे दुष्कर्म कर रहा था, इसी बीच बच्ची की मां पहुंच गई और आरोपी के चंगुल से उसे छुड़ा लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया है। वहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार 9 साल की बच्ची थाना क्षेत्र में रहती है। उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। शुक्रवार शाम करीब पांच बजे बच्ची घर के पास पार्क में खेल रही थी। इसी बीच वहां आरोपी नरेंद्र राजपूत पहुंचा। खंडहरनुमा कमरे में ले जाते समय बच्ची की छोटी बहन ने आरोपी को देख लिया। उसने मां को घटना की जानकारी दी। मां फौरन पार्क के कमरे में पहुंची।



लोगों ने आरोपी को पकड़कर जमकर धुना और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी नरेंद्र राजपूत अविवाहित है। वह नशे में धुत था। वह बच्ची को जानता था कि उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं है।

### हिंदू संगठन ने थाने में किया हंगामा

घटना की जानकारी मिलते ही हिंदू संगठन के लोग अशोका गार्डन थाने पहुंच गए। वे थाने के बाहर नारेबाजी करने लगे। उन्होंने आरोपी पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने हिंदू संगठन को आश्वासन दिया कि मामला पाक्सो एक्ट से जुड़ा हुआ है और पुलिस आरोपी पर कड़ी कार्रवाई कर रही है।

## टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान

टूर्नामेंट भारत व श्रीलंका में अगले साल फरवरी और मार्च में खेला जाएगा

## गिल-जीतेश बाहर, ईशान किशन और रिंकू सिंह को मिल गई जगह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टी-20 विश्व कप अगले साल फरवरी और मार्च में खेला जाना है। 7 फरवरी से इस टूर्नामेंट का आगाज होना है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए भारत की 15 सदस्यीय क्रिकेट टीम का ऐलान कर दिया है। सूर्यकुमार यादव 2026 टी-20 विश्व कप में टीम इंडिया के कप्तान होंगे। शुभमन गिल को जगह नहीं मिली है। इसके अलावा जितेश शर्मा भी 15 सदस्यीय टीम का हिस्सा नहीं हैं। अक्षर पटेल को टीम का उपकप्तान बनाया गया है। हाल ही में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 500 से ज्यादा रन बनाने वाले ईशान किशन को टीम में शामिल किया गया है।

**7 फरवरी से इसका आगाज होगा कुल 20 टीमें हिस्सा लेंगी**



शुभमन गिल



जितेश शर्मा



ईशान किशन



रिंकू सिंह

### 2026 टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम

- 4 बल्लेबाज- सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा और रिंकू सिंह
- 2 विकेटकीपर- संजू सैमसन (विकेटकीपर) और ईशान किशन (विकेटकीपर)
- 4 ऑलराउंडर- शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या, वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल
- 5 गेंदबाज- अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा, कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती



पीड़ित के पिता रविलाल दास ने बताया कि सरकार की तरफ से किसी ने कोई बात नहीं की। उन्हें अपने बेटे की हत्या की खबर सबसे पहले सोशल मीडिया से मिली। ये उसी समय हुआ जब छात्रा नेता उस्मान शरीफ हादी की हत्या के लिए इंसाफ की मांग कर रहे प्रदर्शनकारी हिंसा कर रहे थे

## बांग्लादेश में मारे गए दीपू के पिता ने बताई बर्बरता की कहानी

# बुरी तरह पीटा, पेड़ से बांधा और केरोसिन डालकर लगा दी 'आग'

एजेंसी ▶▶ ढाका

भारत-विरोधी कट्टरपंथी नेता हादी की मौत के बाद बांग्लादेश में नए सिरे से हिंसा भड़क उठी है। इस्लामी कट्टरपंथी लगातार हिंदुओं को टारगेट कर रहे हैं। मयमनसिंह की एक कपड़ा फैक्ट्री में काम करने वाले 25 साल के दीपू चंद्र दास को गुरुवार रात इस्लाम का कथित तौर पर अपमान करने के आरोप में पीट-पीटकर मार डाला गया।

पीड़ित के पिता रविलाल दास ने बताया कि सरकार की तरफ से किसी ने कोई बात नहीं की। उन्हें अपने बेटे की हत्या की खबर सबसे पहले सोशल मीडिया से मिली। ये उसी समय हुआ जब छात्रा नेता उस्मान शरीफ हादी की हत्या के लिए इंसाफ की मांग कर रहे प्रदर्शनकारी हिंसा कर रहे थे।



दीपू दास को जलाते लोग (इन्सेट में) दीपू दास फाइल फोटो

### नरपिशाचों की तरह जश्न मनाने लगे

रविलाल दास ने बताया कि हमें फेसबुक से खबरें मिलनी शुरू हुईं, फिर और भी लोग इसके बारे में बात करने लगे। हमें तब पता चला जब किसी ने मुझे बताया कि उसे बुरी तरह पीटा गया है। आधे घंटे बाद मेरे चाचा आए और मुझे बताया कि कट्टरपंथी मेरे बेटे को ले गए और पीट-पीटकर निढाल करने के बाद, हैवानों ने उसका बेजान शरीर पेड़ से बांध दिया। फिर उन्होंने उस पर केरोसिन डालकर आग लगा दी और नरपिशाचों की तरह जश्न मनाने लगे। उसका जला हुआ शरीर बाहर छोड़ दिया गया।

### दीपू की हत्या के मामले में 7 गिरफ्तार

*हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की हत्या मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बांग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) ने मयमनसिंह के बलुका में सनातन हिंदू युवक दीपू चंद्र दास (27) की पीट-पीटकर हत्या के मामले में सात लोगों को संदिग्ध के रूप में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में मोहम्मद लिमोन सरकार (19), मोहम्मद तारेक हुसैन (19), मोहम्मद मानिक मिया (20), इरशाद अली (39), निजुम उद्दीन (20), आलमगीर हुसैन (38) और मोहम्मद मिराज हुसैन अकॉन (46) शामिल हैं। आरएबी-14 ने विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाकर संदिग्धों को गिरफ्तार किया।*

## सुपुर्द-ए-खाक हुआ उस्मान हादी



शरीफ उस्मान हादी के जनाजे में शामिल लोग

बांग्लादेश में शनिवार को इंक़िलाब मोंचो के संयोजक शरीफ उस्मान हादी को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। उस्मान हादी के नमाज़-ए-जनाज़ा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और दुआ की। हादी को राष्ट्रीय कवि काजी नज़रुल इस्लाम की कब्र के बगल में दफनाया गया। मोहम्मद यूनुस ने हादी को अंतिम विदाई देते हुए कहा कि हादी आप हमारे दिलों में बसते हैं। जब तक बांग्लादेश का अस्तित्व रहेगा, आप इस राष्ट्र का हिस्सा बने रहेंगे। शनिवार को राजकीय शोक दिवस घोषित कर दिया है।

### आतंकवादियों को मिल रही शह

*शेख हसीना सरकार में पूर्व सांसद और सूचना मंत्री मोहम्मद अली अराफात ने कहा है कि हादी की मौत के विरोध प्रदर्शनों की आड़ में कट्टरपंथी इस्लामी ताकतें बांग्लादेश की सड़कों पर कब्जा कर रही हैं। हादी के समर्थकों ने हत्या के लिए न्याय की मांग करते हुए धरना दिया। बाद में इस कार्यक्रम में भड़काऊ भाषण दिए गए।*

### सरकार को अल्टीमेटम

इंकलाब मंच से जुड़े हादी के सहयोगी अब्दुल्ल अल जबेर ने यूनुस सरकार को अल्टीमेटम दिया है कि सरकार अगले 24 घंटे में सार्वजनिक रूप से यह स्पष्ट करे कि हादी की हत्या के जिम्मेदार लोग कौन हैं और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए क्या-क्या कदम उठाए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### यूट्यूबर अनुराग की 10 करोड़ की कारें जब्त

**उन्नाव।** यूपी के उन्नाव जिले का यूट्यूबर अनुराग द्विवेदी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के रडार पर है।



जांच एजेंसी ने उनकी लैंबॉर्गिनी, बीएमडब्ल्यू, मर्सिडीज और थार जब्त की है। इन लग्जरी कारों की कीमत 10 करोड़ रुपए बताई जा रही है। 25 साल के अनुराग और उनके घरवालों के सभी बैंक खाते सीज कर दिए हैं। इन खातों से हुई लेन-देन की जांच भी शुरू कर दी है। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग निवारण अधिनियम के तहत यह कार्रवाई की है।

### कोहरे के चलते दिल्ली एयरपोर्ट पर 129 उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** शनिवार को पूरे उत्तर भारत में घना कोहरा छाया रहा,



जिसके चलते दृश्यता बेहद कम होने से दिल्ली हवाई अड्डे पर उड़ान सेवाएं बुरी तरह से प्रभावित हुईं। दिल्ली एयरपोर्ट पर 129 उड़ानें रद्द हुईं, जिनमें कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानें भी शामिल हैं। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अनुसार हवाई अड्डा केट-3 कैटेगरी में संचालित हो रहा है, जिसके तहत विमानों की लैंडिंग और टेक-ऑफ के दौरान विशेष सावधानी बरती जा रही है।

## सऊदी और भारत संबंधों को बेहतर करने पर लगातार कर रहे काम

# वीजा में छूट पर किया समझौता, श्रम कानूनों में बदलाव से भारतीयों को मिलेगा बड़ा फायदा

एजेंसी ▶▶ रियाद

भारत और सऊदी अरब के संबंधों में एक और नया अध्याय जुड़ गया है। दोनों देशों ने वीजा से जुड़े समझौते पर दस्तखत किए हैं। इस समझौते में कुछ पासपोर्ट धारकों को शॉर्ट-स्टे वीजा की जरूरत से छूट दी गई है। रियाद में विदेश मंत्रालय के दफ्तर में साइन किया गया यह समझौता दोनों देशों के बीच आधिकारिक मेलजोल को आसान करने के लिए किया गया है। इसे सऊदी-भारत वीजा छूट समझौते का नाम दिया गया है।

यह समझौता नौकरशाही की बाधाओं को दूर करने के लिए किया गया है। भारत और सऊदी अरब ने अब आधिकारिक तौर पर कुछ खास पासपोर्ट धारकों को छोटी अवधि के वीजा की आवश्यकता से छूट देने वाले आपसी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे नई दिल्ली और रियाद के बीच राजनयिक संबंध नए मुकाम पर पहुंच गए हैं।

> यह वीजा छूट जिन पासपोर्टों के धारकों के लिए है। इसके तहत दोनों देशों के राजनयिक, विशेष और आधिकारिक पासपोर्ट धारक छोटी अवधि के लिए वीजा के बिना रियाद और नई दिल्ली की यात्रा कर सकेंगे

- आधिकारिक कामों के लिए यात्रा तेज और सुगम होगी
- प्रवासी श्रमिकों से सिर्फ अनुबंधित काम ही करवाया जाएगा



भारतीय राजदूत डॉ. सुहेल खान (बाएं) और सऊदी के उप मंत्री अब्दुल अल-स्मरी

### राजनयिक वीजा बगैर कर सकेंगे यात्रा

*सऊदी अरब और भारत ने आपसी अल्पकालिक वीजा छूट समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत दोनों देशों के राजनयिक, विशेष और आधिकारिक पासपोर्ट धारक छोटी अवधि के लिए वीजा के बिना रियाद और नई दिल्ली की यात्रा कर सकेंगे। सऊदी अरब विदेश मंत्रालय के प्रोटोकॉल मामलों के उप मंत्री अब्दुल माजीद अल-स्मरी और भारतीय राजदूत डॉ. सुहेल एजाज खान ने डील पर हस्ताक्षर किए। यह वीजा छूट आम पर्यटकों या व्यावसायिक यात्रियों पर लागू नहीं होती है। यह छूट जिन पासपोर्टों के धारकों के लिए है। उनमें- राजनयिक पासपोर्ट, विशेष पासपोर्ट (अक्सर उच्च पदस्थ सरकारी अधिकारियों के लिए) और आधिकारिक पासपोर्ट (सरकारी काम पर जाने वाले सिविल सेवकों के लिए) रखने वाले शामिल हैं।*

### वीजा आवेदन की आवश्यकता नहीं

इन पासपोर्ट को रखने वाले लोग अब एक-दूसरे के देशों में छोटी अवधि के लिए प्रवेश कर सकेंगे। उन्हें पहले से वीजा के लिए आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी। इससे आधिकारिक कामों और राजनयिक व्यस्तताओं के लिए यात्रा तेज और सुगम हो जाएगी। ऐसे कदम अक्सर घनिष्ठ नीतिगत संवाद को बढ़ावा देते हैं। इससे भविष्य में यात्रा सहयोग का विस्तार हो सकता है।

### श्रमिकों को हर साल 30 दिन के वेतन के साथ मिलेगी सालाना छुट्टी

*सऊदी अरब ने खेती और पशुपालन से जुड़े मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए श्रम कानून में बड़ा बदलाव किया है। इससे सऊदी में रहने वाले हजारों भारतीय कामगारों को फायदा होगा। सऊदी अरब के मानव संसाधन और सामाजिक विकास मंत्री इंजीनियर अहमद अल-राजही ने नये कानून को मंजूरी दे दी है। 30 दिनों की वेतन के साथ सालाना छुट्टी की गारंटी देता है। इसके अलावा अगर कॉन्ट्रैक्ट, छुट्टी लेने से पहले खत्म हो जाता है तो भी उन्हें पूरे पैसे दिए जाएंगे।*

### अतिरिक्त काम के लिए मूल वेतन का 50 प्रतिशत मिलेगा

*अतिरिक्त काम के लिए श्रमिक को मूल वेतन का 50 प्रतिशत अतिरिक्त भुगतान मिलेगा, हालांकि आधिकारिक छुट्टियों पर किया गया काम ओवरटाइम में नहीं गिना जाएगा। नियमों के मुताबिक, नियोक्ता 21 वर्ष से कम उम्र के श्रमिकों को नियुक्त नहीं कर सकते हैं और न ही उनसे अनुबंध में तय काम के अलावा कोई अन्य काम करा सकते हैं। किसी कर्मचारी को दूसरे के लिए या निजी व्यवसाय के लिए काम करने को मजबूर करना भी प्रतिबंधित कर दिया गया है।*

## विदेश मंत्री जयशंकर का बड़ा बयान

# अब कोई मर्जी नहीं थोप सकता शक्ति और प्रभाव के कई केंद्र



एजेंसी ▶▶ पुणे

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने एक बयान में कहा है कि वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक संतुलन बड़े बदलाव से गुजर रहा है और अब ताकत के कई केंद्र उभरे हैं। पुणे में सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड यूनिवर्सिटी) के 22वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि कोई भी देश, चाहे वह कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, अब सभी मुद्दों पर अपनी मर्ज़ी थोप नहीं सकता।

उन्होंने कहा कि इसका मतलब यह भी है कि अब दुनिया के देशों के बीच एक स्वाभाविक मुकाबला है और यह अपना संतुलन बनाता है। शक्ति और प्रभाव के कई केंद्र उभरे हैं। उन्होंने कहा कि शक्ति के विचार की कई परिभाषाएं हैं, जिनमें व्यापार, ऊर्जा, सेना, संसाधन, तकनीक और टैलेंट शामिल हैं।

### सही फैसलों और नीतियों से भारत आगे

डॉ. जयशंकर ने कहा कि आजादी के बाद, कई देश तरक्की और खुशहाली हासिल कर पाए और अब वे अपनी किस्मत खुद नियंत्रित करते हैं। सही फैसलों और समझदारी भरी नीतियों ने बहुत बड़ा फर्क डाला है। भारत के मामले में, हमने देखा है कि कैसे नेतृत्व और प्रशासन ने हमारी आर्थिक वृद्धि और सामाजिक बदलाव के अलग-अलग दौर में उतार-चढ़ाव का सामना किया। इस दौर में जिस देश ने सबसे ज़्यादा फायदा उठाया है, वह चीन है। लेकिन हमने भी अच्छा किया है, खासकर सुधारों के बाद के दौर में, और पिछले दशक में तो और भी ज़्यादा। इसके उलट, पश्चिमी दुनिया का ज़्यादातर हिस्सा अब महसूस करता है कि वह ठहर गया है, यह भावना धीरे-धीरे राजनीतिक मायने लेने लगी है। पश्चिमी लोगों ने जानबूझकर ज़्यादा मुनाफा कमाने के लिए उत्पादन इकाइयों को दूसरी जगह शिफ्ट करने का फैसला किया।

### नई पीढ़ी भारत की जिम्मेदारी ले

विदेश मंत्री ने कहा कि जब मैं आपके समय में था, तब दुनिया अलग थी और कम जटिल थी, लेकिन दुनिया एक बड़े बदलाव से गुजरी है और हमारे समाज और देश में भी बदलाव हुए हैं। अब नई पीढ़ी पर जिम्मेदारी है कि वे विकसित भारत की जिम्मेदारी लें।

## कश्मीर में खराब मौसम के चलते प्रशासन सतर्क

# भारी और बिना एंटी-स्किड चेन वाले वाहनों की आवाजाही पर लगा प्रतिबंध

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

कश्मीर में मौसम का मिजाज बदलने की संभावना के बीच प्रशासन ने एहतियाती कदम उठाए हैं। ताजा मौसम पूर्वानुमान में बारिश और बर्फबारी की आशंका जताई गई है।

स्थिति को देखते हुए एसडीएम गुलमर्ग की ओर से शनिवार को टंगमर्ग-गुलमर्ग रोड को लेकर यातायात सलाह जारी की है। सलाह में भारी और बिना एंटी-स्किड चेन वाले वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई गई है। प्रशासन का कहना है कि यह प्रतिबंध सार्वजनिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लगाया गया है ताकि फिसलन भरी सड़कों पर किसी भी तरह की दुर्घटना से बचा जा सके। खराब मौसम से सड़क पर फिसलन और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है।



सड़क पर जमी बर्फ

### प्रतिबंध अगले आदेश तक लागू

*तहसीलदार टंगमर्ग, एसएचओ टंगमर्ग और एसएचओ गुलमर्ग को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। गुलमर्ग एसडीएम की ओर से कहा गया है कि बारिश और बर्फबारी की संभावना को देखते हुए यह आदेश दिया जाता है कि भारी वाहनों और बिना एंटी-स्किड चेन वाले वाहनों को टंगमर्ग-गुलमर्ग सड़क और इसके विपरीत चलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।*

## तोशाखाना मामला: पूर्व पीएम को झटका

# इमरान खान व बुशरा बीबी को 17 साल की सजा, 1.64 करोड़ जुर्माना



इमरान खान, बुशरा बीबी

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व पीमए और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को बड़ा झटका लगा है। संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) की विशेष अदालत ने शनिवार को तोशाखाना-2 मामले में दोनों को 17-17 साल की कैद की सजा सुनाई। अदालत ने दोनों पर 1.64 करोड़ पाकिस्तानी रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना न भरने की स्थिति में उन्हें अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। विशेष न्यायाधीश (सेंट्रल) शाहरुख अर्जुमंद ने रावलपिंडी की अदियाला जेल में सुनवाई के दौरान यह फैसला सुनाया, जहां इमरान खान पहले से ही बंद हैं। अदालत ने इमरान खान को पाकिस्तान दंड संहिता की धारा 34 और धारा 409 के तहत 10 साल की कठोर कैद, जबकि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 5(2) के तहत 7 साल की सजा सुनाई।

## रूस का यूक्रेन पर भीषण मिसाइल हमला

# तबाह हुआ ओडिसा पोर्ट, 8 की मौत, 27 घायल, कारें क्षतिग्रस्त



रूसी हमले में तबाह यूक्रेन का पोर्ट

एजेंसी ▶▶ कीव

रूस ने यूक्रेन के दक्षिणी शहर के ओडेसा में बंदरगाह पर बड़ा हमला किया है। रूस के इस मिसाइल हमले में 8 लोग मारे गए और 27 घायल हो गए। यूक्रेन की इमरजेंसी सर्विस ने शनिवार सुबह इस भयावह हमले की जानकारी दी है। सर्विस ने टेलीग्राम पोस्ट में कहा कि एक बस पर सवार होकर जा रहे यात्रियों में से भी कुछ लोग घायल हो गए।

रात को पोर्ट पर हुए हमले के केंद्र में आने से बस सवार घायल हो गए। इसके अलावा पार्किंग लॉट में खड़ी एक ट्रक आग की चपेट में आ गई। इसके बाद कई कारें भी क्षतिग्रस्त हो गईं।

### बैलिस्टिक मिसाइल से किया गया हमला

*ओडेसा क्षेत्र के प्रमुख ओलेह कीपर ने कहा कि ओडिसा बंदरगाह पर बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया गया। जवाब में यूक्रेनी बलों ने ड्रोनों से एक रूसी युद्धपोत और अन्य सुविधाओं को निशाना बनाया। यूक्रेन के जनरल स्टाफ ने शनिवार को एक बयान में रूसी हमले और पलटवार की पुष्टि की। टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप पर पोस्ट किए गए बयान के अनुसार शुक्रवार रात के हमले में रूसी युद्धपोत 'ओखोटनिक' को निशाना बनाया गया।*

## उपराष्ट्रपति ने कपड़ा और परिधान निर्यात बाजार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा पर जताई चिंता

### कपड़ा उद्योग नए बाजार तलाशे, पर्यावरण अनुकूल उत्पादन करें

# एफटीए वर्तमान की जरूरत, तभी भारत बराबरी में खड़ा हो सकेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने वैश्विक कपड़ा और परिधान निर्यात बाजार में भारत को बराबरी दिलाने के लिए और अधिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) करने की जरूरत पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश जैसे प्रतिस्पर्धी देशों को एफटीए का बड़ा लाभ मिल रहा है, जबकि भारत को अभी इस मोर्चे पर और तेजी दिखाने की जरूरत है। यह बात उन्होंने शनिवार को अपैरल एक्सपोर्ट्स प्रमोशन काउंसिल (एईपीसी) के पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए कही। उपराष्ट्रपति ने कहा कि पहले वैश्विक स्तर पर परिधान निर्यात में भारत के सामने बहुत ज्यादा प्रतिस्पर्धी नहीं थे, लेकिन अब बांग्लादेश, लाओस, कंबोडिया, वियतनाम और कई अफ्रीकी देश कड़ी चुनौती दे रहे हैं।




एईपीसी के पुरस्कार समारोह को संबोधित करते उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन

### 2030 तक कपड़ा उद्योग 350 अरब डॉलर का होगा

### 100 अरब डॉलर का निर्यात लक्ष्य रखें

उपराष्ट्रपति ने कहा कि एफटीए अब जरूरी हो गया है। हमारे प्रतिस्पर्धी देशों को सबसे बड़ा फायदा इसी का मिल रहा है। उन्होंने बताया कि भारत का लक्ष्य 2030 तक कपड़ा उद्योग का आकार 350 अरब डॉलर तक पहुंचाने का है, जिसमें से 100 अरब डॉलर का योगदान निर्यात से होना चाहिए। इसके लिए उन्होंने परिधान उद्योग से नए बाजार तलाशने, पर्यावरण अनुकूल उत्पादन, जिम्मेदार सोर्सिंग और अपशिष्ट कम करने की रणनीतियां अपनाने का आह्वान किया।

### तीन वर्षों में कपड़ा निर्यात होगा दोगुना

उपराष्ट्रपति ने भरोसा जताया कि आने वाले तीन वर्षों में भारत का कपड़ा निर्यात दोगुना हो जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत में कपड़ा उद्योग को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह आगे बढ़ेगा और मुझे पूरा विश्वास है कि अगले तीन साल में निर्यात दोगुना होगा। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का कपड़ा और परिधान निर्यात 37.75 अरब डॉलर रहा।

## डब्ल्यूएचओ भवन में जेपी नड्डा का दौरा

# वैश्विक स्वास्थ्य सहयोग पर दिया जोर, भारत की प्रतिबद्धता दोहराई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्रीय कार्यालय (एसईएआरओ) के नव-उद्घाटित भवन का केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शुक्रवार को दौरा किया।

नड्डा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय और वैश्विक स्वास्थ्य सहयोग को मजबूत करने के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि आज के दौर में सार्वजनिक स्वास्थ्य की चुनौतियां किसी एक देश तक सीमित नहीं हैं। इन समस्याओं से निपटने के लिए सभी देशों को मिलकर, समन्वित और निरंतर प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने सामूहिक कार्रवाई को समय की सबसे बड़ी जरूरत बताया।



जेपी नड्डा और डॉ. टेड्रोस

डब्ल्यूएचओ महानिदेशक डॉ. टेड्रोस अधानोम घेब्रेयेसस ने भारत सरकार और पीएम नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कांफ्रेंसः स्कूलों में रामायण ज्ञान, सुंदरकांड पाठ से भक्तिमय हुआ जबलपुर

**जबलपुर।** चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कांफ्रेंस के तत्वावधान में नई पीढ़ी को रामायण के आदर्शों से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित तीन दिवसीय रामायण ज्ञान प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। 16 से 19 दिसंबर तक चली इस प्रतियोगिता में जिले के 86 स्कूलों (ग्रामीण 52, शहरी 34) के लगभग 5000 विद्यार्थियों ने सहभागिता कर रामायण ज्ञान का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता का सफल संचालन आयोजन अध्यक्ष अजय बिश्नोई, सचिव डॉ. अखिलेश गुमाश्ता, जिला परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा एवं श्री रामजी अग्रवाल के मार्गदर्शन में हुआ। रत्नेश मिश्रा, श्रद्धा नेमा और श्वेता श्रीवास्तव के विशेष प्रयासों से संस्कार पब्लिक स्कूल, मॉडल स्कूल, एमएलबी स्कूल,



सरस्वती शिशु मंदिर सहित अनेक शालाओं में प्रतियोगिता संपन्न हुई। विजेता विद्यार्थियों को आगामी कार्यक्रमों में प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

कांफ्रेंस की सफलता एवं आध्यात्मिक वातावरण के विस्तार हेतु 20 दिसंबर को शहर के विभिन्न स्थानों पर सामूहिक सुंदरकांड पाठ आयोजित किए गए। इनमें नेमा कल्याण समाज भवन (कचनार रोड) में राजेन्द्र नेमा एवं विनोद दुबे, खेरमाई मंदिर में सीतला श्रीवास्तव महिला मंडल, मानस मंडल गेट नंबर 4, पनागर मानस मंडल में संतोष दुबे, हटाना सेवा समिति (बायपास) में ओ.पी. दुबे, हनुमान मंदिर स्नेह नगर में हनुमानपुरी चौहान, रामचरितमानस भवन लमती में अनीता दुबे, देवताल हनुमान मंदिर में बाबा विश्वनाथ पुरी के सानिध्य में तथा दुर्गा मानस मंदिर त्रिमूर्ति नगर में सुंदरकांड पाठ हुए। इन आयोजनों के माध्यम से चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कांफ्रेंस शैक्षणिक एवं सामाजिक स्तर पर रामायण के संस्कारों और संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है।

## बीटी तिराहा का नाम बदलने की मांग तेज, लघु काशी या राधा–कृष्ण तिराहा करने का प्रस्ताव

**जबलपुर।** संस्कारधानी जबलपुर के गढ़ा क्षेत्र स्थित बी टी तिराहा का नाम बदलने की मांग को लेकर धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों ने एक स्वर में आवाज उठाई है। सिद्ध श्री मां दरबार, सनाढ्य कल्याण परिषद, सनातन धर्म महासभा सहित अनेक संगठनों ने जिला प्रशासन और नगर निगम से तिराहे का नाम लघु काशी तिराहा अथवा श्री राधा–कृष्ण तिराहा किए जाने की मांग की है। इस संबंध में सिद्ध श्री मां दरबार के संचालक पूज्य दैवज्ञ पंडित अरुण शर्मा ने कहा कि बी टी तिराहा का नाम अंग्रेजी शासनकाल के तत्कालीन गवर्नर के बंगले के नाम पर पड़ा था, जो गुलामी की मानसिकता की याद दिलाता है। जबकि इस स्थान पर लगभग 500 वर्ष प्राचीन स्वनिर्मित श्री राधा–कृष्ण भगवान की अलौकिक प्रतिमा स्थापित है, जो गढ़ा वासियों ही नहीं बल्कि दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। यह क्षेत्र पूरे प्रदेश में लघु काशी के नाम से भी जाना जाता है। सनातन धर्म महासभा के पंडित अशोक मनोध्या, सनाढ्य कल्याण परिषद के अध्यक्ष पंडित देवेंद्र गोटिया, सर्व ब्राह्मण कल्याण परिषद के प्रदेश संयोजक पंडित चंद्रशेखर शर्मा, गोकुल धाम सोसायटी के अध्यक्ष उत्तम सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि जिस स्थान के कारण संस्कारधानी की पहचान देशभर में है, उस तिराहे का नाम भी प्रभु श्री राधा–कृष्ण के नाम पर होना चाहिए। इस मांग का समर्थन करते हुए डॉ. संदीप नेमा, डॉ. आर.एस. चंडोक, अभिषेक शर्मा, आशीष शर्मा, सरदार तलविंद्र सिंह ओबेराय, विमल शुक्ला, प्रकाश राय, तेजिंदर सलूजा, संजय गुप्ता, आनंद तिवारी, विक्रम गौतम सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, महिलाएं एवं गढ़ा वासी उपस्थित रहे। सभी ने महापौर एवं नगर निगम आयुक्त से शीघ्र प्रस्ताव पारित कर नाम परिवर्तन करने की मांग की है।

## पीएम कृषि सिंचाई योजनाः आयोजित किया गया वाटरशेड जल महोत्सव

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अंतर्गत ग्राम पंचायत तिलसानी में वाटरशेड जल महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिहोरा विधानसभा विधायक संतोष बरकड़े रहे। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य महेंद्र बरकड़े, मंडल अध्यक्ष बघराजी विनोद मार्को, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुंडेश्वर धाम विनोद पांडेय, जिला परियोजना अधिकारी पीएम कृषि सिंचाई योजना सूरज शर्मा, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा अनिल बुधौलिया सहित संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच, उप सरपंच और सभी पंच गण, स्कूल शिक्षक, छात्र-छात्राएं, और ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक संतोष बरकड़े द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद निर्माण कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण संपन्न हुआ। विधायक बरकड़े ने ग्रामीणों और छात्रों को वर्षा जल संचय, जल संरक्षण और जल के विवेकपूर्ण उपयोग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सभी को वृक्षारोपण के लिए भी प्रेरित किया। सभी गणमान्य अतिथियों ने ग्रामीणों से जनभागीदारी एवं श्रमदान के माध्यम से शासन द्वारा निर्मित जल संरचनाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आव्हान किया। कार्यक्रम के दौरान संबंधित स्कूलों के छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर उत्साहवर्धन भी किया गया। सभी के सहयोग और सक्रिय भागीदारी से यह जल महोत्सव सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।



## पूर्व राज्यमंत्री स्व. पं. ओमकार प्रसाद तिवारी की प्रतिमा पुनः दमोहनाका चौक पर स्थापित की जाए

**जबलपुर।** मध्य विधानसभा क्षेत्र के जुझारू संघर्षशील कर्मठ नेता म.प्र. सरकार के पूर्व राज्यमंत्री स्व. पं. ओमकार प्रसाद तिवारी गरीबों के मसीहा थे, जिनकी प्रतिमा दमोहनाका चौक पर पूर्व में स्थापित थी, फ्लाई ओवर बनने के कारण मूर्ति को अलग किया गया था, एवं वादा किया गया था कि फ्लाई ओवर निर्माण पूर्ण होने के बाद प्रतिमा पुनः स्थापित की जावेगी। फ्लाई ओवर का निर्माण हो जाने के बाद भी आज तक प्रतिमा को पुनः स्थापित नहीं किया गया है। भारतीय सर्व जनजाति सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्द्र कुमार कुलस्ते, राष्ट्रीय महासचिव शैलेष सिंह लोधी (भाजपा नेता), राजेश कोरी, आकाश यादव, रमेश धुर्वे, शंकर गोंटिया, अशोक गोंटिया, हेमन्त ठाकुर सहित भारतीय सर्व जनजाति सेना के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने महापौर एवं आयुक्त नगर निगम जबलपुर से प्रतिमा शीघ्र स्थापित कराने की मांग की है।

रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

## डॉ. रुद्रिका भटेले बनीं पूरे प्रदेश की टॉपर

हरिभूमि, जबलपुर।

नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के School of Excellence in Pulmonary Medicine के अंतर्गत श्वास-रोग (Respiratory Medicine) विभाग के छात्र अपनी असाधारण उपलब्धियों के कारण चर्चा में हैं। इस क्रम में डॉ. रुद्रिका भटेले ने एम.डी. रेस्पिरेटरी मेडिसिन फाइनल परीक्षा में 91.25% अंक प्राप्त कर पूरे मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया। यह उपलब्धि उनकी मेहनत, अनुशासन और समर्पण के साथ-साथ विभाग के अकादमिक माहौल और सतत मार्गदर्शन का परिणाम है।

विभाग के अन्य छात्र भी राज्य और राष्ट्रीय स्तर की क्विज़ प्रतियोगिताओं, पोस्टर प्रस्तुतियों और शोध गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेकर पुरस्कार प्राप्त कर रहे हैं। इसी कड़ी में डॉ. राघव सरीन ने भी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल क्विज़ प्रतियोगिताओं में पुरस्कार जीतकर विभाग की प्रतिष्ठा बढ़ाई।



विभाग में केवल डॉ. संजय भारती (विभागाध्यक्ष) और डॉ. बृज बिहारी पटेल कार्यरत हैं। इसके बावजूद विभाग में भर्ती गंभीर मरीजों का उपचार और क्लिनिकल एक्सपोज़र उच्चतम स्तर का है। जबलपुर रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग में राज्य के अन्य मेडिकल कॉलेजों की तुलना में सबसे अधिक ब्रोंकोस्कोपी और थोराकोस्कोपी की जाती है, जिससे क्षय रोग (TB), फेफड़ों का कैंसर, सारकॉइडोसिस और अन्य जटिल श्वास रोगों का सटीक निदान संभव होता है। कई ऐसे मरीजों को सही निदान और उपचार यहां मिलने से जीवनदान मिला। सीमित संसाधनों और उच्च दबाव के बावजूद फैकल्टी अपने एम.डी. विद्यार्थियों को प्रेरित करते हैं, उन्हें शोध, अकादमिक गतिविधियों और कौशल विकास में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। विभाग की यह सेवा और शिक्षण क्षमता न केवल गंभीर रोगियों की जान बचा रही है, बल्कि आने वाले चिकित्सकों को प्रशिक्षित कर देश की चिकित्सा व्यवस्था को भी सुदृढ़ बना रही है।

## अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में खाद्य सामग्री बनाते पाये जाने पर रेस्टारेंट का पंजीयन निरस्त

**जबलपुर।** खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग ने गेट नम्बर-चार के पास मदनमहल स्टेशन रोड़ राइट टाउन स्थित श्री बालाजी रेस्टोरेंट का पंजीयन अस्वच्छ एवं अस्वास्थकर परिस्थितियों में खाद्य पदाथों का निर्माण पाये जाने पर तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। इस प्रतिष्ठान का आज शनिवार को खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अधिकारियों द्वारा किये गये आकस्मिक निरीक्षण के दौरान मौके पर अस्वास्थकर तथा अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य पदार्थों का निर्माण होना तथा खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के अन्तर्गत अनुसूची-4 में वर्णित स्वच्छता संबंधी प्रावधानों का उल्लंघन पाया गया था। खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार दुबे के अनुसार खाद्य पदार्थों के विक्रय का वार्षिक टर्नओवर 12 लाख रूपये से अधिक होने के कारण खाद्य श्री बालाजी रेस्टारेंट को खाद्य अनुज्ञप्ति प्राप्त कर कारोबार का संचालन किया जाना चाहिये था। इसके बावजूद इस प्रतिष्ठान से खाद्य कारोबार का संचालन मात्र खाद्य पंजीयन के आधार पर होना पाया गया। उन्होंने बताया कि प्रतिष्ठान में व्याप्त अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों की गंभीरता तथा धारा 31 की अवहेलना को देखते हुये लोकस्वास्थ्य के हित में श्री बालाजी रेस्टारेंट से खाद्य पदार्थों के निर्माण तथा विक्रय को रोकने इसका खाद्य पंजीयन तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। इस प्रतिष्ठान से खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 31 के अन्तर्गत खाद्य अनुज्ञप्ति प्राप्त करने तक प्खाद्य कारोबार का संचालन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

विविधता में एकता का संगम

## जबलपुर की विकास गाथा ने मंत्रमुग्ध किए 12 राज्यों के युवा प्रतिनिधि



**जबलपुर।** संस्कारधानी जबलपुर में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में देश के 12 विभिन्न राज्यों से आए युवा प्रतिनिधियों ने शहर की सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक विकास का अनुभव किया और अभिभूत हो उठे। महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', केंट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी और निगमाध्यक्ष रिंकू विज ने करीब 200 प्रतिनिधियों का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं को जबलपुर के ऐतिहासिक, सामाजिक और प्रशासनिक पहलुओं से अवगत कराया। भ्रमण कार्यक्रम के दौरान प्रतिनिधियों को नगर निगम सदन हॉल ले जाकर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं और नगर सरकार के कामकाज की जानकारी दी गई। इसके बाद महापौर, विधायक और निगमाध्यक्ष ने प्रतिनिधियों को शहर के प्रमुख स्थलों और विकास कार्यों का अवलोकन कराया। प्रतिनिधियों ने जबलपुर की स्वच्छता, चौड़ी सड़कों और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत हो रहे विकास कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि शहर में परंपरा और आधुनिकता का अद्भुत संतुलन देखने को मिलता है। भ्रमण के दौरान युवाओं ने मां नर्मदा तट की सुंदरता और अनुशासन की भी प्रशंसा की और इसे अन्य शहरों के लिए प्रेरणादायक बताया।



संतोष श्रीवास्तव बने जिलाध्यक्ष एवं जिला महासचिव बने बच्चन श्रीवास्तव

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की नवीन कार्यकारिणी गठित

**जबलपुर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने आगामी सत्र हेतु महासभा की नवीन कार्यकारिणी का गठन करते हुये संतोष श्रीवास्तव को जिलाध्यक्ष, डॉ. शरद श्रीवास्तव को एवं सुधीर खरे को जिला कार्यकारी अध्यक्ष, आलोक श्रीवास्तव एवं नीलेश भटनागर को जिला उपाध्यक्ष, बच्चन श्रीवास्तव को जिला महासचिव, डॉ. संदीप माथुर एवं एड. हिमांशु खरे को जिला सचिव, विजय खरे को जिला संगठन सचिव एवं महेन्द्र श्रीवास्तव को जिला सांस्कृतिक प्रभारी के पद पर मनोनीत किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव, अजीत श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, मयंक श्रीवास्तव, नवनीत श्रीवास्तव, सुरेन्द्र प्रताप श्रीवास्तव आदि ने नवीन पदाधिकारियों को अपनी शुभकामनायें देते हुये प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव के प्रति आभार व्यक्त किया।

## आज होगा जैविक हाट का आयोजन

**जबलपुर।** स्वस्थ्य भोजन, स्वच्छ मिट्टी और सुरिक्षत पर्यावरण को बढ़ावा देने हेतु जिला प्रशासन जबलपुर एवं कृषि विभाग द्वारा जैविक एवं प्राकृतिक हाट बाजार का आयोजन प्रत्येक रविवार नियमित रूप से किया जा रहा है। इस रविवार 21 दिसम्बर को भी कृषि उपज मंडी प्रांगण जबलपुर में सुबह 10 बजे से जैविक हाट लगाया जा रहा है। जैविक हॉट में किसान अपने उत्पाद लेकर मौजूद रहेंगे।

उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम के अनुसार जैविक हाट में गेहूं, चना, उड़द दाल, मूंग दाल, अरहर दाल, चावल जैसे अनाज तथा कोदो-कुटकी, रागी जैसे श्री अन्न उपलब्ध रहेंगे। इनके अलावा साग-सब्जियों में पालक भाजी, लौकी, सेम गाजर, टमाटर, बैगन और भी हरी सब्जियां किसान लेकर आएंगे। उन्नत किस्म के अमरुद, अनार, पपीता, आंवला जैसे फल भी उपभोक्ताओं को जैविक हाट में उपलब्ध होंगे।

डॉ निगम ने बताया कि ये सभी उत्पाद रासायनिक उर्वरक व कीटनाशकों से मुक्त रहेंगे। इनके उत्पादन के लिए किसानों को भली भांति प्रशिक्षण भी दिया गया है, जिससे बिना उत्पादन घटाएं एवं बिना लागत बढ़ायें किसानों ने जैविक विधि से कृषि उत्पादन प्राप्त किए हैं। उप संचालक कृषि ने नागरिकों से बड़ी संख्या के जैविक हाट में आकर गुणवत्ता युक्त उत्पादों को क्रय कर उन किसानों का उत्साह वर्धन करने का अनुरोध किया है जो इसमें भागीदारी कर रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से अपने साथ कपडे का बैग अवश्य लाने का आग्रह भी किया है, ताकि पर्यावरण को पॉलीथिन मुक्त बनाने में उनकी भी सहभागिता सुनिश्चित हो सके।

### आज आयोजित होगा निःशुल्क ध्यान शिविर

**जबलपुर।** नगर निगम जबलपुर एवं गिरनार ध्यान सभा के संयुक्त तत्वावधान में आज, 21 दिसंबर 2025, भंवरताल गार्डन ऑडिटोरियम में सनातन साधना पद्धति के अंतर्गत पहली बार निःशुल्क ध्यान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्रातः 9:00 बजे से 10:30 बजे तक चलेगा। ध्यान शिविर का शुभारंभ महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' के मुख्यातिथ्य में होगा। महापौर जी के सराहनीय प्रयासों से यह दिव्य ध्यान दिवस संपन्न हो रहा है।

### पीड़ित मानवता सेवा ईश्वर के तुल्य है

**जबलपुर।** कमला नेहरू नगर व्यापारी संघ एवं धनुष यज्ञ रामलीला समिति तथा संपूर्ण ब्राह्मण मंच ने संयुक्त रूप से बढ़ती ठंड से बचने के लिए गर्म कम्बल, प्रदान किये। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी सेवा की। प्रारंभ में धनंजय वाजपेई ने कहा मानव सेवा ईश्वर की सेवा है, हमारे सभी सदस्य कृतसंकल्पित होकर हर क्षेत्र में गरीब, असहाय के लिए ठंड से बचने श्रद्धा अनुसार सेवा प्रदान करें। आज के कार्यक्रम में धनंजय बाजपेई, नाथूराम गुप्ता, गुड्डा विश्वकर्मा, शिवम शर्मा, सीताराम कुरचानिया, निशांत शर्मा, रावेंद तिवारी, यदुवंश मिश्रा उपस्थित थे।



अरुण जैन की नेत्रों से दुनिया देखेंगे नेत्र हीन

## मरणोपरांत नेत्रदान से दो नेत्रहीनों के जीवन मे आई रोशनी

हरिभूमि, जबलपुर।



सन्मति ज्ञानोदय समिति शक्तिनगर के वरिष्ठ सदस्य कृपाल चौक निवासी अरूण कुमार जैन के मरणोपरांत परिजनों द्वारा लिया गया उनके नेत्रदान करने का निर्णय दो नेत्रहीनों के जीवन में रोशनी दे गया। श्री जैन का शनिवार 20 दिसम्बर की दोपहर 12 बजे 93 वर्ष की आयु में देहावसान हो गया था। इस दुःख की घड़ी में भी उनके परिजनों ने नेत्र ज्योति मिशन बरेला के माध्यम से नेत्रदान करने का निर्णय लिया। नेत्रदान की संपूर्ण प्रक्रिया दादा वीरेंद्र पूरी देव जी नेत्रालय द्वारा डॉ. पवन स्थापक के कुशल मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न की गई। नेत्र ज्योति मिशन बरेला ने सेवा के इस महान कार्य के लिये स्व. अरुण कुमार जैन के परिजनों को साधुवाद दिया है।

कलेक्टर फेसबुक पर किसानों से उपार्जन से जुड़े विषयों पर होगा सीधा संवाद

## सोमवार को धान उपार्जन पर होगा सीधा संवाद फेसबुक लाइव

**जबलपुर।** ई-टोकन एवं उर्वरक वितरण प्रणाली पर किसानों से हुये सीधे संवाद की कामयाबी के बाद अब धान उपार्जन की व्यवस्था पर फेसबुक लाइव का कार्यक्रम सोमवार 22 को शाम 4 बजे से होगा। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशानुसार धान उपार्जन पर फेसबुक लाइव का यह कार्यक्रम जिला प्रशासन के आधिकारिक फेसबुक पेज ₹कलेक्टर जबलपुर₹ पर होगा। किसान इस कार्यक्रम से जुड़कर उपार्जन से जुड़े विषयों पर अपनी जिज्ञासा का समाधान प्राप्त कर सकेंगे, अपनी कठिनाइयों को बता सकेंगे तथा सुझाव भी दे सकेंगे। धान उपार्जन पर फेसबुक लाइव के कार्यक्रम में किसानों के सवालों का जबाब उपार्जन व्यवस्था से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी देंगे।

मनुष्य में देवत्व का भाव जगाने 5000 से अधिक श्रद्धालुओं ने किया गायत्री महायज्ञ

# 251 कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ का गीता धाम मैदान, ग्वारीघाट में भव्य शुभारंभ





करीब 4 घंटे तक क्रमबद्ध रूप से गायत्री यज्ञ चलता रहा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

जबलपुर।

अखिल भारतीय गायत्री परिवार के तत्वावधान में ग्वारीघाट स्थित गीता धाम में आयोजित 251 कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ शनिवार सुबह अत्यंत श्रद्धा और आध्यात्मिक वातावरण के बीच हुआ। महायज्ञ के पहले ही दिन 5000 से अधिक श्रद्धालुओं ने एक साथ गायत्री यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर मनुष्य में देवत्व के भाव को जागृत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 6:00 बजे ध्यान, प्राणायाम एवं साधना के साथ हुआ। इसके पश्चात सुबह 8:00 बजे देव आवाहन के साथ यज्ञ विधिवत प्रारंभ किया गया, जो दोपहर लगभग 2 बजे तक निरंतर चला। इस दौरान भगवती वेदमाता गायत्री एवं देव शक्तियों का पूजन विधिविधान से संपन्न हुआ।

### चार दिवसीय यज्ञ में उमड़ा जनसैलाब

19 से 22 दिसंबर तक चलने वाले चार दिवसीय गायत्री महायज्ञ में जबलपुर ही नहीं, बल्कि आसपास के अन्य शहरों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं। पहले ही दिन 8 से 10 हजार लोगों की सहभागिता दर्ज की गई। यज्ञ स्थल पर भोजन, आवास, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं गायत्री परिवार द्वारा की गई हैं। परिसर में सप्त क्रांति की झांकी स्थापित की गई है। साथ ही गुरुदेव द्वारा रचित 3200 कृतियों की प्रदर्शनी भी श्रद्धालुओं के लिए लगाई गई है।

शाम 4:00 बजे से प्रारंभ हुए द्वितीय चरण के कार्यक्रम में भजन-संगीत एवं आध्यात्मिक प्रवचनों का आयोजन किया गया। इस अवसर मंत्री प्रहलाद पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

प्रहलाद पटेल ने कहा- "हम अत्यंत सौभाग्यशाली हैं कि नर्मदा के पावन तट पर गायत्री परिवार द्वारा इतने भव्य स्तर पर यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। निश्चित रूप से इसका आध्यात्मिक लाभ जन-जन को मिलेगा।" यज्ञ स्मारिका का विमोचन किया गया। साथ ही यज्ञ से संबंधित विशेष कैलेंडर का भी विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। रक्तदान शिविर में 50 से अधिक यूनिट रक्त संग्रह किया गया। हरिद्वार से आए संत-साधकों का मार्गदर्शन

शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे मनीषी श्याम बिहारी दुबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि "संस्कारों के अभिवर्धन से मानव देव तुल्य बन सकता है।" कार्यक्रम में स्वामी अखिलेश्वरानंद महाराज, नरसिंह दास महाराज, उद्योगपति कैलाश गुप्ता, डॉक्टर जितेंद्र जामदार सहित अनेक संत, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### संस्कार निर्माण का कार्य कर रहा है गायत्री परिवार

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि गायत्री परिवार संस्कार, चरित्र और राष्ट्र निर्माण का कार्य कर रहा है, जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव हो रहा है। शांतिकुंज से मध्य जोन प्रभारी जगदीश कुल्मी, प्रभाकांत तिवारी की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## शिक्षक कल्याण योजना से स्वर्गीय लोधी के परिवार को प्रदान की 40 लाख रुपए की राशि

**सिहोरा।** शिक्षा विभाग की आर्थिक विरोधाभासी नीतियों की चलते वर्षों तक विभाग में अपनी सेवाएं देने के बाद भी अचानक संकट की स्थिति बनने पर शिक्षक के परिवार पर आर्थिक विपत्ति के बादल मंडराने लगते हैं। ऐसी स्थिति में पी एम यू एम शिक्षक संघ की कर्मचारी कल्याण योजना शिक्षक के परिवार के लिए एक जीवन की नई रोशनी देकर आई है। शिक्षक कल्याण कोष के सदस्य प्राथमिक शाला मनका में पदस्थ शिक्षक स्वर्गीय दिलीप सिंह लोधी के निधन के बाद संघ के द्वारा उनके परिवार को 40 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।जिससे शिक्षक के परिवार का भविष्य उज्ज्वल और सुरक्षित हो सका। शिक्षक संघ द्वारा संचालित यह योजना परिवार के भावी जीवन के लिए सुनहरी लकीर साबित हुई। संघ के संस्थापक सतीश खरे के कुशल निर्देशन में प्रदेश भर के सदस्यों से सौ -सौ रुपए का स्वैच्छिक सहयोग लिया जाता है। रजिस्ट्रेशन की अवधि 3 माह होंने की स्थिति में यदि सेवा काल में किसी शिक्षक का निधन हो जाता है तो परिवार के नामिनी के खाते में एक प्रक्रिया के तहत सहयोग राशि आहरित कर दी जाती है।इस योजना के अंतर्गत संघ ने मध्यप्रदेश में विकास खण्ड स्तर पर पदाधिकारी नियुक्त किए हैं। लोधी के परिवार को आर्थिक मदद देने के लिए अशोक उपाध्याय,के जी पाठक,सुशील दाहिया,संजीव उरमलिया,मनोज श्रीवास्तव,आनंद गुप्ता,आशीष पहारिया,बलराम उपाध्याय,रूद्रेश कुररिया,नरेंद्र झरिया आदि ने सराहनीय कदम के लिए संघ के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# अव्यवस्थाओं से बेहाल जिला अस्पताल विक्टोरिया, युवा कांग्रेस ने किया घेराव



जबलपुर

जिला अस्पताल विक्टोरिया में व्याप्त अव्यवस्थाओं और गंभीर अनियमितताओं के विरोध में युवा कांग्रेस ने प्रदर्शन करते हुए अस्पताल का घेराव किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष सोनू कुकरेले एवं नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) संजय मिश्रा को ज्ञापन सौंपकर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की मांग की। जिला अध्यक्ष सोनू कुकरेले एवं नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने बताया कि अस्पताल में मरीजों की स्थिति बेहद चिंताजनक है। बेड की कमी के चलते मरीजों को फर्श पर लिटाया जा रहा है, गंदी चादरें दी जा रही हैं और कई वार्डों में पंखे जैसी बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। डॉक्टरों की समय पर उपस्थिति न होने और स्टाफ की कमी से इलाज प्रभावित हो रहा है। कई मरीजों को आवश्यक दवाएं व मलहम समय पर नहीं मिल पा रहे हैं, वहीं सफाई व्यवस्था भी बदहाल बनी हुई है। युवा कांग्रेस ने अस्पताल परिसर में वाहन स्टैंड के नाम पर हो रही अवैध वसूली का मुद्दा भी उठाया और इसे तत्काल बंद करने की मांग की। चेतावनी दी गई कि यदि व्यवस्थाओं में शीघ्र सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। प्रदर्शन में पूर्व पार्षद पंकज पांडे, गुड्डू नवी, कपिल भोजक, सचिन वाजपेई, अजय रावत, अभ्युत बाजपेयी, नितिन सिंह, सौरभ यादव, शिशिर नन्होरिया, शेंकी सोनकर, बादल पंजवानी, भानु यादव, राजा रैकवार, मोंटी वंशकार, श्रीकांत विश्वकर्मा, बसंत ठाकुर, सिद्धांत जैन, नीलेश जैन, शादाब खान, शुभम बोहित, आजम कुरैशी, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डॉ. राकेश साहू की बहुप्रतीक्षित पुस्तक "आई टू हेव ए लव स्टोरी" का लोकार्पण

जबलपुर।

टैगोर इंटरनेशनल साहित्य एवं कला महोत्सव 'विश्वरंग 2025' के अवसर पर एक महत्वपूर्ण साहित्यिक क्षण तब आया, जब लेखक, विचारक एवं शिक्षा समुदाय से जुड़े डॉ. राकेश साहू की बहुप्रतीक्षित पुस्तक "आई टू हेव ए लव स्टोरी" का विधिवत लोकार्पण किया गया। यह गरिमामय आयोजन साहित्यिक मंच पर विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।



पुस्तक का लोकार्पण प्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ. वीना सिन्हा, अरुण कमल, लीलाधर मंडलोई, कुमार अनुपम की उपस्थिति में तथा 'विश्वरंग 2025' के प्रतिनिधि श्री संजय राठौर के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. राकेश साहू की यह कृति प्रेम, संवेदना और मानवीय रिश्तों की गहराई को सरल, भावनात्मक और प्रभावशाली भाषा में प्रस्तुत करती है। विश्वरंग मंच पर बड़ी संख्या में उपस्थित रचनाकारों, साहित्य प्रेमियों एवं पाठकों ने पुस्तक का स्वागत किया और लेखक को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में डॉ. राकेश साहू ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# साहू बीस दिनों से कर रहे अन्न त्याग सत्याग्रह

सिहोरा।

सिहोरा जिला की मांग को लेकर चल रहा जनआंदोलन अब निर्णायक मोड़ पर पहुंचता दिख रहा है। सिहोरा विधायक संतोष बरकड़े से प्राप्त जानकारी का हवाला देते हुए लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि 23 दिसंबर मंगलवार को मुख्यमंत्री मोहन यादव से जिले की मांग पर वार्ता होगी। यह चर्चा उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा की मध्यस्थता में प्रस्तावित है।

**मुख्यमंत्री से मंगलवार को वार्ता संभव, सातवां जत्था अनशन पर बैठा**

### आंदोलनकारियों में जागी उम्मीद

जिला आंदोलन के प्रमुख सत्याग्रही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पूर्व प्रचारक प्रमोद साहू, जो केवल जल पीकर विगत बीस दिनों से अन्न त्याग कर त्याग्रह पर डटे हुए हैं उन्होंने कहा उपमुख्यमंत्री ने सिहोरा वासियों से जो वचन दिया था उसे निभाने की दिशा में कदम बढ़ा है। आशा है अब फैसला जनता के पक्ष में होगा।

### धरना स्थल पर सातवां जत्था अनशन पर बैठा

पुराने बस स्टैंड पर चल रहे क्रमिक अनशन में शुक्रवार को सातवें जत्थे के रुप में कृष्णकुमार कुररिया,रामजी शुक्ला,डब्बू पाठक,राजेश कुररिया,प्रेमचंद चौधरी,रामेश्वर दाहिया सहित अनेक लोग बैठे। संभावना है कि आंदोलनकारी मुख्यमंत्री से भेंट के लिए सोमवार को भोपाल रवाना हो सकते हैं।

## कालेज में ओपन केंपस ड्राइव का आयोजन

**सिहोरा।** शासकीय श्यामसुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में केंपस ड्राइव का आयोजन फ्रीडम एम्पलाईबिलिटी अकादमी नई दिल्ली एनजीओ द्वारा शुक्रवार को ओपन केंपस ड्राइव का आयोजन किया गया । इस ड्राइव में ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को अंग्रेजी, कंप्यूटर अन्य विषयों को पढ़ाया जाने हेतु शिक्षकों का चयन किया गया । इस रोजगार मेले में 30



विद्यार्थी उपस्थित हुए इनमें से 6 विद्यार्थियों का चयन लखनऊ ट्रेनिंग के लिए किया गया है। इन चयनित विद्यार्थियों का ऑनलाइन इंटरव्यू होगा उसके बाद 90 दिन की ट्रेनिंग लखनऊ जाना होगा। महाविद्यालय द्वारा लगातार विद्यार्थियों के प्लेसमेंट हेतु प्रयास किया जा रहे हैं । इस अवसर पर प्राचार्य प्रो एम.के. श्रीवास्तव एवं जनभागीदारी समिति अध्यक्ष राजा मोर,डॉ.एस के.मेहरोलिया,एचआर दीपक सिंह एवं मनीशॉ आदि उपस्थित थे।

# गृह आधारित शिक्षा से दिव्यांग बच्चों को मिल रही नई राह



**पाटन।** गृह आधारित शिक्षा कार्यक्रम के तहत नम्रता स्पेशल स्कूल द्वारा बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के लिए सराहनीय कार्य किया जा रहा है। स्कूल के संचालक नितिन विश्वकर्मा ने बताया कि जो बौद्धिक एवं बहु दिव्यांग बच्चे शारीरिक अक्षमताओं के कारण स्पेशल स्कूल नहीं आ पाते, उनके लिए घर पर ही शिक्षा की व्यवस्था की गई है। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की अनुमति से संचालित इस कार्यक्रम के अंतर्गत स्पेशल स्कूल के प्रशिक्षित एजुकेटर बच्चों के घर पहुंचकर उन्हें प्रशिक्षण दे रहे हैं। इसी क्रम में नम्रता स्पेशल स्कूल की शिक्षिकाएं रेशु श्रीवास्तव एवं गुलबसा मंसूरी ने दिव्यांग बच्चों के घर जाकर गृह आधारित शिक्षा दी, बच्चों का हाल-चाल जाना तथा उनके माता-पिता को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। यह पहल दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।




# अस्पताल में भेंट किए एयर कंडीशनर

सिहोरा।

नेशनल हाईवे इंफ्रा ट्रस्ट एन एच आई टी के रीवा–कटनी–जबलपुर–लखनादौन हाईवे प्रोजेक्ट के अंतर्गत आयोजित सामाजिक सहभागिता कार्यक्रम के तहत सिविल अस्पताल सिहोरा को मरीजों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की सुविधा हेतु दो स्प्लीड एयर कंडीशनर एसी प्रदान की गयी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीजों को बेहतर स्वच्छ एवं आरामदायक वातावरण उपलब्ध कराना है जिससे उन्हें उपचार के दौरान राहत मिल सके और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार हो। इस अवसर पर अस्पताल प्रशासन द्वारा एन एच आई टी के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में प्रोजेक्ट से मैनेजर पृथ्वी राठी,एच आर संजय मिश्रा,अस्पताल प्रभारी डॉ. सुनील लटियार सहित अस्पताल का समस्त स्टाफ उपस्थित था।

# सांस्कृतिक चेतना और आर्थिक आत्मनिर्भरता पर केंद्रित राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित

**सिहोरा।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य एवं अर्थशास्त्र विभाग द्वारा विकसित भारतः विजन 2047 विषय पर शनिवार को एक-दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया जिसमें देश भर से शिक्षाविदों,शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जन भागीदारी समिति अध्यक्ष राजा थे तथा अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.मनोज कुमार श्रीवास्तव ने की एंव अतिरिक्त संचालक प्रो पंजाब राव चंदेलकर मुख्य संरक्षक के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता डॉ.अरुणा पल्टा (पूर्व कुलगुरु,हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग (छ.ग.)) ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक चेतना ही उसकी आत्मा है और यदि हम 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनना चाहते हैं तो हमें परंपरा,तकनीक और नवाचार का समन्वय करना होगा। विषय विशेषज्ञ प्रो.मुकेश जैन (सेवानिवृत्त प्राध्यापक वाणिज्य, उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान भोपाल) ने कहा कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा में टिके रहने के लिए भारत को लागत दक्षता, गुणवत्ता मानकों और नवाचार पर ध्यान केंद्रित करना होगा। डॉ.दीपक कुमार राय (सहायक प्राध्यापक बिहार नेशनल कॉलेज) पटना ने कहा कि भारत की भाषिक विविधता उसकी शक्ति है और अंग्रेज़ी को एक सेतु भाषा के रूप में अपनाते हुए हमें क्षेत्रीय भाषाओं को भी समान महत्व देना चाहिए। वेबिनार में प्रस्तुत शोध-पत्रों में भारतीय अर्थव्यवस्था,सांस्कृतिक विरासत,साइबर सुरक्षा,वैश्विक व्यापार और बहुभाषिकता जैसे विषयों पर गहन विमर्श हुआ। चयनित शोध-पत्रों का प्रकाशन स्मारिका में किया जाएगा। आयोजन समिति के सदस्यों ने समन्वयक डॉ.डी.के.बघेल, प्रो.सुनु आर.के.मैथ्यू एवं डॉ.संदीप कुर्मी के निर्देशन में वेबिनार को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। अमित साहू,रिया अग्रवाल,आशीष सोनी, भव्या विश्वकर्मा एंव रागिनी कुशवाहा का विशेष योगदान रहा।

## कोल समाज की बैठक आज

सिहोरा

नगर के अम्बेडकर भवन मझौली रोड में कोल समाज की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन आज रविवार को आयोजित की गई है। कोल समाज के अध्यक्ष मुन्ना लाल गोटिया ने बताया दोपहर 10.30 बजे से आयोजित बैठक महाकौशल क्षेत्र के समस्त कोल जनजाति के संगठनों को संबद्ध करते हुए एक संगठन का निर्माण करने के उद्देश्य से आयोजित की गई है। जिसमें समाज के सभी से लोगों से पहुंचने की अपील की गई है।

# विशेष राजस्व वसूली अभियान के अंतर्गत अब तक डेढ़ लाख की हुई वसूली

सिहोरा

तहसील कार्यालय सिहोरा में राजस्व वसूली अभियान 19 दिसम्बर से आरंभ किया गया जिसमें ग्राम खितौला,सिहोरा,गोसलपुर,गांधीग्राम मंझगवा आदि में विशेष रूप से जारी है और इसमें अवकाश के दिनों में भी कर्मचारी कार्य करके अभियान को गति प्रदान कर रहे हैं। सिहोरा तहसीलदार ने बताया की कृषकों को बकाया भू राजस्व उपकार डाइवर्सन एवं अर्थ दंड की वसूली हेतु मांग पत्र भी जारी किए गए है इस विशेष सात दिवसीय अभियान में कृषकों को 100 प्रतिशत भू राजस्व उपकार डाइवर्सन अर्थ दंड जमा करने हेतु सूचना दी गई है । उक्त बकाया भू राजस्व उपकार डाइवर्सन अर्थ दंड की राशि जमा ना करने पर निजी भूमि को कुर्क की जाने की कार्यवाही भी की जाएगी। शिविर में डायवर्सन और भू-फाटक सहित अन्य वसूली की राशि समय पर जमा कराने बड़े डिफाल्टर के प्रकरण की सूची बनाकर वसूली के लिए




नोटिस जारी किये गये है यदि उसके बाद भी राशि जमा नहीं होती है तो उसके लिए कुर्की की कार्यवाही शुरू की जायेगी।

### इनका कहना है

विशेष राजस्व वसूली अभियान के तहत सात दिवस में अनिवार्य रूप से भू राजस्व उपकर डायवर्सन एवं अर्थ दंड की बकाया राशि जमा करनी होगी जमा ना करने की स्थिति में भूमि कुर्क की कार्यवाही की जाएगी

**श्रीमती रूपेश्वरी कुंजाम**
तहसीलदार सिहोरा

## निधन

**श्रीमती चंदनबाला पारख–** छोटी बजरिया गढ़ा निवासी श्री अशीष पारख की धर्मपत्नी तथा आरूष व अर्पण की मां श्रीमती चंदनबाला पारख (42) का निधन हो गया। अंतिम यात्रा आज सुबह 11 बजे चौहानी मुक्तिधाम की ओर रवाना होगी।

**श्रीमती नन्हीं बाई बेन–** शंकर शाह नगर छापर रामपुर निवासी श्री दालचंद बेन की धर्मपत्नी श्रीमती नन्हीं बाई बेन (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मनोहर पछेल–** झामनदास चौक लालमाटी निवासी श्री मनोहर पछेल का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री श्याम बाबू शर्मा–** पुलिस लाइन कांचघर निवासी श्री श्याम बाबू शर्मा (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री यशवंत चौधरी–** सिद्धबाबा वार्ड आशा चक्की के पास निवासी श्री प्रेमलाल चौधरी के पुत्र श्री यशवंत चौधरी (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती पुष्पा पाठक–** रवीना विहार गुप्तेश्वर निवासी श्री प्रियदर्शन पाठक की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा पाठक (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कृष्णकांत पटेरिया–** लाल कुआं हनुमानताल निवासी श्री कृष्णकांत पटेरिया (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री शैलेंद्र झा–** जय प्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री शैलेंद्र झा (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजकुमार चौधरी–** बाबा टोला ठक्कर ग्राम निवासी श्री रामपत चौधरी के पुत्र श्री राजकुमार चौधरी (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती चंद्रमोहनी खरे–** नेपियर टाउन पंजाबी बारात घर के पास निवासी श्री नरेंद्र भूषण खरे की धर्मपत्नी श्रीमती चंद्रमोहनी खरे (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रेखा बाई ठाकुर–** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री छोटे लाल ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती रेखा बाई ठाकुर (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री लखन लाल सराठे–** कटरा अधारताल निवासी श्री लखन लाल सराठे (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजकुमार दाहिया–** शारदा नगर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री राजकुमार दाहिया का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मंगल प्रसाद झारिया–** शारदा चौक शारदा मंदिर रोड मदनमहल निवासी श्री मंगल प्रसाद झारिया (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जयराज चौधरी–** रविदास धाम ठक्कर ग्राम निवासी श्री गोविंद चौधरी के पुत्र श्री जयराज चौधरी (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती आशा देवी सोनी–** संजीवनी नगर गढ़ा निवासी श्री आरपी सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती आशा देवी सोनी (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शिव प्रसाद गूजर–** आचार्य विनोबा भावे वार्ड पूर्वी करियापाथर निवासी श्री शिव प्रसाद गूजर (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**डॉ. ब्रजेश कुमार झारिया–** राजुल टाउन शिप फेस 2 तिलहरी निवासी डॉ. ब्रजेश कुमार झारिया (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राम बाई चौधरी–** वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री प्रेम लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती राम बाई चौधरी (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती प्रेमलता नायडू–** डेनिंग रोड साउथ सिविल लाइन निवासी श्री नरसिंह नारायण नायडू की धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमलता नायडू (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**सुश्री इंदू पासी–** गली नं. 23, सदर निवासी श्री लल्लूराम पासी की पुत्री सुश्री इंदू पासी (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 90/- प्रति वर्ग से.मी.
फिक्स साइज:- सें.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- सें.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज सें.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362160

# भारत सरकार का अभिनंदन, उन्होंने मनरेगा का नाम जी राम जी रखा: मंत्री प्रहलाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मैं भारत सरकार का अभिनंदन करता हूं, उन्होंने मनरेगा का नाम जी राम जी रखा और 125 दिन रोजगार की गारंटी दी है। यह बात शुक्रवार को पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने कही। कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रहलाद पटेल ने बीते दो वर्षों की विभाग की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं और भविष्य की कार्ययोजनाओं का रिपोर्ट कार्ड पेश किया।

उन्होंने ग्रामीण विकास, श्रमिक कल्याण, महिला सशक्तिकरण, रोजगार सृजन और आधारभूत ढांचे से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णयों और घोषणाओं की जानकारी दी। मंत्री के पटेल ने बताया कि मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के तहत बीते दो वर्षों में एक लाख सात हजार 536 प्रकरणों में लगभग दो हजार 333 करोड़ रुपए की सहायता राशि श्रमिकों और उनके परिवारों को प्रदान की गई है। पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 1250 किलोमीटर से अधिक सड़कों और 323 पुलों का निर्माण पूरा किया जा चुका है। नई योजनाओं के माध्यम से 20,600 से अधिक बसाहटों को सड़क नेटवर्क से जोड़ा जा रहा है।

**खास बातें**

- मंत्री प्रहलाद पटेल ने पेश किया विभाग के दो वर्ष का रिपोर्ट कार्ड
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 1250 किमी से अधिक सड़कों और 323 पुलों का निर्माण पूरा


प्रेसवार्ता में विभाग की उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी देते मंत्री पटेल।

### श्रम सुधार और महिला श्रमिकों के लिए नए फैसले: पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री

श्रम मंत्री ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए पीथमपुर, मंडीदीप और उज्जैन जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। उद्योगों को पर्यावरण संरक्षण और मजदूरों के हितों के आधार पर स्टार रेटिंग दी जाएगी। महिला श्रमिकों के लिए नाइट शिफ्ट में काम करने पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया गया है।

### नर्मदा परिक्रमा पथ बनेगा

पटेल ने बताया कि नर्मदा परिक्रमा पथ पर आसरा स्थल के लिए 10 करोड़ से ज्यादा की राशि से स्वीकृति मिली। 20 से 25 किलोमीटर के बीच में नर्मदा परिक्रमावासियों के लिए आवश्यक भवन बनेगा। जल गंगा सर्वेक्षण अभियान 2025 में एसआईपीआरआई सॉफ्टवेयर को बनाया गया।

### 33 हजार ग्राम सहायक पदों पर होगी भर्ती: मंत्री पटेल

मंत्री पटेल ने बताया कि प्रदेश में 33 हजार ग्राम सहायक पदों पर भर्ती की जाएगी। आने वाले दो-तीन महीनों में भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी। पंचायत सचिव के पदों को आधा रोजगार सहायकों के माध्यम से और आधा परीक्षा के जरिए भरा जाएगा। 'उत्तर' नामक एक समग्र पोर्टल विकसित किया गया है, जो नागरिकों और शासन के बीच संवाद का सशक्त माध्यम बनेगा।

### दो मंजिला बनाए जाएंगे पंचायत और जनपद भवन

प्रहलाद पटेल ने बताया कि पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए 922 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से 2472 अतिरिक्त ग्राम सेवा सदन, 106 सुशासन भवन और पांच जिला सुशासन भवन स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा जनपद पंचायत भवनों के लिए 557 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। अब पंचायत और जनपद भवन दो मंजिला बनाए जा सकेंगे।

**कृषि मंत्री कंसाना ने दो साल की उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी दी**

## खाद के लिए लाइन में लगे किसान कांग्रेस का प्रीप्लान, प्रदेश में खाद पर्याप्त मात्रा में

मध्य प्रदेश में सरकार को 2 साल पूरे हो गए हैं। सभी मंत्री अपने विभागों की उपलब्धियों की जानकारी लेकर जनता के बीच आ रहे हैं। कृषि मंत्री एंदल सिंह कंसाना विभाग की जानकारी देते हुए सवालों के जवाब में उलझ गए हैं। उनसे सवाल किया गया है कि प्रदेश में किसान खाद के लिए लाइन लगाकर खड़े हुए हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि खाद के लिए लाइन में लगे किसान कांग्रेस का प्रीप्लान है। लोगो को लाइन में लगा दिया जाता है फिर कोई थप्पड़ मारता है कोई हंगामा करता है। प्रदेश में खाद पर्याप्त मात्रा में है।

खाद को लेकर होने वाले प्रदेश फर्जी होते है। नकली खाद-बीज पर देश भर में मध्य प्रदेश में एफआईआर हुई है। हमने प्रदेश भर में 95 मामलों में एक्शन लेते हुए एफआईआर दर्ज की है। वहीं प्रदेश में किसानों का कर्ज माफी के प्रस्ताव के सवाल पर कहा कि हमारे घोषणा पत्र में किसान ऋण माफी नहीं है। यह तो कांग्रेस की घोषणा और किसान हुई कमलनाथ की वजह से डिफाल्टर हुए है। कृषि मंत्री एंदल सिंह कसाना


प्रेसवार्ता को संबोधित करते मंत्री कंसाना।

ने बताया कि, कृषि विभाग का बजट 2002- 03 में 600 करोड़ था जो वर्ष 2024-25 में बढ़कर 27,050 करोड़ रु हो चूका है। इसके साथ ही कृषि का रकबा 2024-25 में 297 लाख हैक्टेयर हो गया। वहीं सिंचाई क्षमता 2024-25 में 55 लाख हैक्टेयर हो गई है। कृषि मंत्री ने बताया कि, मध्य प्रदेश मक्का उत्पादन में पहले नंबर पर और दलहन उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। प्रदेश के 29 जिलों के 27 लाख 28 हजार किसानों को 1860.23 करोड़ की राहत राशि का वितरण हुआ।

### सरकार ने किसानों के लिए सिंचाई का रकबा बढ़ाया

वर्ष 2024-25 में 35 लाख से अधिक किसानों को 275.86 करोड़ दावा भुगतान किया गया। भावंतर योजना से किसानों को फायदा मिला है। सोयाबीन की फसल बेचने वाले किसानों को 400 करोड़ का भुगतान किया गया है। आने वाले दिनों एक और कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 600 करोड़ रुपए किसानों के खातों में ट्रांसफर किया जाएगा। सरकार ने किसानों के लिए सिंचाई का रकवा बढ़ाया है।

**प्रदेश भाजपा अध्यक्ष खंडेलवाल के नेतृत्व में बैतूल के विधायकों ने की भेंट**

## बैतूल में मेडिकल कॉलेज स्थापना के लिए विधायकगण ने माना मुख्यमंत्री के प्रति आभार

सीएम डॉ. यादव और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा 23 दिसम्बर को करेंगे भूमिपूजन

### बैतूल के कोसमी क्षेत्र में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज की होगी स्थापना

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से बैतूल विधायक तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के नेतृत्व में बैतूल जिले के विधायकों ने भेंट कर बैतूल को मेडिकल कॉलेज तथा अन्य सौगातें देने के लिए मुख्यमंत्री का आभार माना।

मुख्यमंत्री निवास पर हुई भेंट में विधायक सर्वश्री महेंद्र सिंह चौहान, डॉ. योगेश पंडाग्रे, चंद्रशेखर देशमुख तथा गंगाबाई उइके मौजूद रहीं। डॉ. यादव और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा बैतूल जिले के कोसमी क्षेत्र में पीपीपी मोड पर आरंभ हो रहे मेडिकल कॉलेज का 23 दिसम्बर को भूमिपूजन करेंगे।

### चोपना के परिवारों के पट्टों के मामले के निराकरण का अनुरोध


वरिष्ठ विधायक व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल व विधायकों से चर्चा करते हुए सीएम डॉ. यादव।

### उपचार के साथ मेडिकल की पढ़ाई में होगी सुविधा

*विधायकों ने कहा कि जनजातीय और ग्रामीण बहुल बैतूल जिले में मेडिकल कॉलेज खुलने से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्र के मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा जिले में ही मिल सकेगी। इससे स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार हो सकेगा। पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना से क्षेत्र के विद्यार्थियों को मेडिकल की पढ़ाई में भी सुविधा होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का विधायकों ने सारणी के सतपुड़ा ताप विद्युत गृह में लगभग 12 हजार करोड़ रुपए की लागत की 660 मेगावाट यूनिट इकाई की स्थापना की वर्षों पुरानी मांग स्वीकृत करने, भीमपुर में 100 बिस्तरीय अस्पताल और चिचोली में 50 बिस्तरीय अस्पताल की स्वीकृति देने के लिए भी आभार माना। डॉ. यादव से घोड़ाडोंगरी विधायक गंगा बाई उइके ने चोपना क्षेत्र के परिवारों के पट्टों के प्रकरणों के निराकरण के संबंध में भी अनुरोध किया।*

## कक्षा बारहवीं की छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

परपा थाना क्षेत्र के ग्राम घाटपदमुर भाटीगुड़ा में पेपर खराब होने से परेशान एक छात्रा ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

मामले की जानकारी देते हुए परपा थाना प्रभारी ने बताया कि घाटपदमुर निवासी साधना पटेल 18 वर्ष, 12वीं साइंस की पढ़ाई कर रही थी, अभी कुछ दिनों से उनकी अर्धवार्षिक परीक्षाएं चल रही थी।

**हिन्दुजा हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड**
HINDUJA HOUSING FINANCE
कार्पोरेट कार्यालय: 167-169, द्वितीय तल, लिटिल माउंट मेट्रो स्टेशन, साईपेठ, चेन्नई- 600015
रीजनल ब्रांच ऑफिस: 101-बी, प्रथम तल एनआर के बिजिनेस पार्क विजय नगर, इंदौर (म.प्र.) 452010 Email - auction@hindujahousingfinance.com

**परिशिष्ट IV कब्जा नोटिस ( अचल संपत्ति हेतु )**

जहां तक अधोहस्ताक्षरी के अधिकृत अधिकारी होने के नाते हिन्दुआ हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (HHFL) के प्राधिकृत अधिकारी और वित्तीय परिसंपत्तियो के पुर्ननिर्माण और सुरक्षा इंट्रेस्ट एक्ट 2002 के प्रवर्तन के तहत और सेक्शन 13(12) के तहत (प्रदत्त) शक्तियों के प्रयोग में सुरक्षा इंटरेस्ट (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ा जाता है। उधारकर्ताओं को कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी किए गए नोटिस उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लेखित राशि को चुकाने के लिए नीचे दिए गए निर्देशों का उल्लेख किया गया है उधारकर्ता राशि को चुकाने में विफल रहा है, इस बात की जानकारी उधारकर्ताओं, गारंटरो और आम जनता को दी गई है कि अधोहस्ताक्षरी ने संपत्ति के अधिकार में नीचे वर्णित संपत्ति का अधिग्रहण कर लिया है, जो उस पर प्रदान की गई शक्तियों के खंड (4) के अधीन है। उक्त अधिनियम के 13 सुरक्षा इंट्रेस्ट प्रवर्तन नियम 2002 के सह नियम (8) के साथ पढ़े जाते हैं। आम तौर पर जनता को इस बात के सावधान किया जाता है कि उधारकर्ता संपत्ति का सौदा न करें और संपत्ति के साथ किसी भी सौदे के लिए एचएफएल के बदलाव का विषय होगा। राशि के अनुसार ब्याज के साथ यहां उल्लेख किया है।

| नाम और पता उधारकर्ता गारंटर / सहउधारकर्ता | डिमांड नोटिस तिथि देय राशि | सुरक्षित संपत्ति का विवरण | कब्जा तारीख एवं प्रकार |
|---|---|---|---|
| MP/JBR/REWA/A000000623 MP/JBR/REWA/A000000793 श्री सुनील कुमार सिंह श्रीमती प्रीति सिंह श्री सुजीत कुमार सिंह | 09-10-2025 Rs. 23,74,266/- | संपत्ति का वह हिस्सा जिसका नाम निगम रीवा वार्ड क्रमांक 2 शेष वार्ड जंक्शन 318 पटवारी हल्का निपनिया 27, सर्वे क्रमांक 337/1 ग्राम निपनिया नगर निगम रीवा, शहरी, रीवा, मध्य प्रदेश, भारत - 486001 है। माप क्षेत्र- 1550 वर्ग फीट, सीमा इस प्रकार है - पूर्व: कृष्णा सिंह का प्लॉट, पश्चिम: रामगोपाल कुशवाहा का प्लॉट, उत्तर: रम्मू का घर, दक्षिण: 15 फीट चौड़ी सड़क | 20/12/2025 Symbolic |
| MP/JBR/REWA/A000000247 श्री मोती लाल यादव श्री राजकुमारी यादव | 06-01-2025 Rs. 11,61,078/- | मौजा सुरवार, ग्राम पंचायत सुरवार, वि.के. सिरमौर, पीएच सुरवार राजस्व सर्कल मंडल, तहसील सिरमौर - 486448 कुल क्षेत्रफल 3875 वर्ग फुट, विक्रय पत्र के अनुसार सीमाएं - पूर्व - जवाहर यादव का घर, पश्चिम - मनीष यादव की भूमि, उत्तर - सरकारी भूमि, दक्षिण - मोतीलाल यादव का घर | 16/12/2025 Physical |
| MP/JBR/CDWR/A000000436 श्री अशोक शेंडे श्रीमती शीतल शेंडे | 15-10-2025 Rs. 5,03,789/- | संपत्ति ग्राम मौजा रामाकोना P.H.N 10 तहसील सौसर खसरा नंबर 56/1/1 पर स्थित नागपुर - छिंदवाड़ा रोड पर स्थित है। माप क्षेत्र- कुल क्षेत्रफल- 500 वर्ग फीट, सीमा - पूर्व: 15 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम: विक्रेता भूमि, उत्तर: घनश्याम शेंडे का प्लॉट, दक्षिण: विक्रेता भूमि | 18/12/2025 Symbolic |
| MP/JBR/SEON/A000000222 श्री भगतराम मरावी श्री कमलेश कुमार मरावी श्रीमती लक्ष्मी मरावी | 15-10-2025 Rs. 11,74,850/- | संपत्ति आवासीय घर और भूमि ग्राम पिनराई तहसील धनोरा जिला सिवनी पी.एच.एन. संख्या 44 आर.एन.एम धनोरा तहसील धनोरा जिला सिवनी खसरा संख्या 175/1 पर स्थित है, माप क्षेत्र- कुल क्षेत्रफल- 1107 वर्ग फुट, सीमा इस प्रकार है - पूर्व: दसरू मस्कले का घर, पश्चिम: नेपाल सिंह का घर, उत्तर: सड़क, दक्षिण: अपना प्लॉट | 20/12/2025 Symbolic |
| MP/CDA/PDHA/A000000042 श्री चेतन जसुतकर श्री ज्ञानेश्वर जसुतकर श्रीमती लीला जसुताकर | 15-10-2025 Rs. 9,32,950/- | ग्राम/मौजा का घर - मरुद पी.एच.एन नंबर 45 बी.नंबर 312 आर.आई. सर्कल - टीगांव तहसील पांढुर्णा, जिला - छिंदवाड़ा आबादी खसरा नंबर 260 में माप क्षेत्र - कुल क्षेत्रफल - 2327 वर्गफुट, सीमा - पूर्व: भूरोआ झुमड़े का मकान, पश्चिम: ग्राम पंचायत भवन, उत्तर: आम रास्ता, दक्षिण: स्कूल | 19/12/2025 Symbolic |
| MP/JBR/JBLP/A000000637 श्री हरिहर दुबे श्रीमती ज्योति दुबे | 15-10-2025 Rs. 20,52,759/- | संपत्ति का वह पूरा भाग मौजा महाराजपुर क्रमांक 664 पी.एच.नं. 17/20 न्यू 60 आरएनएम महाराजपुरा वार्ड क्रमांक 75 तहसील पनागर जिला जबलपुर पटवारी भित्र खसरा क्रमांक 238/3 और खसरा क्रमांक 238/4 का हिस्सा है, माप क्षेत्र- कुल क्षेत्रफल- 949 वर्ग फीट, सीमांकित क्षेत्र - पूर्व: विक्रेता का शेष भाग, पश्चिम: साइड रोड, उत्तर: दुर्वे का घर, दक्षिण: साइड रोड | 17/12/2025 Symbolic |
| MP/JBR/NRSP/A000000218 श्री प्रमोद श्रीवास श्रीमती प्रीति बाई | 15-10-2025 Rs. 7,94,995/- | संपत्ति मौजा भोजहिर एन.बी. 355 पी.एच. नंबर 118 आर.एन.एम बोहानी ब्लॉक चावरपाठा तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर आबादी खसरा नंबर 231 में स्थित है। माप क्षेत्र- कुल क्षेत्रफल- 1470 वर्ग फीट। सीमांकित क्षेत्र - पूर्व: सरकारी भूमि, पश्चिम: गोविंद नामदेव का मकान, उत्तर: महेंद्र श्रीवास का मकान, दक्षिण: साइड रोड। | 18/12/2025 Symbolic |
| MP/JBR/BLGT/A000000253 श्री राजेश कुमार अवचट श्री दीपक अवचट श्रीमती शकुंतला अवचट | 15-10-2025 Rs. 28,29,350/- | संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल जो प्लॉट है, गांव बालाघाट नजूल वार्ड क्रमांक 24 पी.एच.एन 13/1 आर.एन.एम बालाघाट -2 तहसील और जिला बालाघाट एम.पी. खसरा क्रमांक 345/1/17-346/1-347/1-348/1-350/1/17 माप क्षेत्र- कुल क्षेत्रफल- 1509 वर्ग फीट सीमांकित - पूर्व: विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम: विक्रेता की शेष भूमि, उत्तर: सुरेश पिपलवार की भूमि, दक्षिण: सड़क | 18/12/2025 Symbolic |
| MP/JBR/BRMN/A000000029 श्री शैलेन्द्र मालवीय श्री जगदीश मालवीय श्रीमती रंजना मालवीय | 15-10-2025 Rs. 10,28,253/- | संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा मौजा चिरह खुर्द एस.नं. 147 पी.एच.नं. 14/124 तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर नगर पालिका खसरा नं. 198/8/1 से बाहर है, माप क्षेत्र- कुल क्षेत्रफल- 825 वर्ग फीट, सीमांकित क्षेत्र - पूर्व: विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम: गीता राजपूत की प्लेट, उत्तर: विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण: कच्चा रास्ता | 19/12/2025 Symbolic |
| MP/JBR/JBLP/A000000692 श्री सुरेश चौधरी श्रीमती पूनम चौधरी श्री राजेश चौधरी | 15-10-2025 Rs. 28,70,540/- | संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल, मौजा कजरवारा (भोंगा द्वार खंदारी लक्ष्मी बाई वार्ड एन.बी. 505 पी.एच.एन. नंबर 23/27 आरएनएम 2 तहसील और जिला जबलपुर खसरा नंबर 11/1 माप क्षेत्र- कुल क्षेत्रफल- 1050 वर्ग फीट सीमांकित - पूर्व: मुलई की भूमि, पश्चिम: साइड रोड, उत्तर: रामनारायण की भूमि, दक्षिण: बस्ती | 17/12/2025 Symbolic |

**वैधानिक नोटिस उधारकर्ताओं / जमानतदार**

उधारकर्ताओं / जमानतदारों को स्टेटमेंट नोटिस द्वारा सावधानी पूर्वक कहा जाता है कि संपत्ति को किसी भी समय सार्वजनिक नीलामी / निविदाओं के माध्यम से बेंचा जा सकता है और इस तरह इसे सुरक्षा ( बयाज ) प्रवर्तन नियम 2002 नियम 6, 8 और 9 के तहत एक नोटिस के रूप में भी माना जा सकता है। प्राधिकारी अधिकारी मोबाईल नं.- Vaibhav Shrivastav - 7987969803, Rajesh Chakotiya - 84355 71111, Gourav Naik - 75877 48188, Divyank Srivastava - 8318225992

दिनांक - 21/12/2025 प्राधिकृत अधिकारी, हिन्दूजा हाऊसिंग, फायनेंस लिमिटेड

**सीएम ने की महावाणिज्य दूत रेवाच से भेंट**

## इजरायली कंपनियां मप्र में निवेश की इच्छुक, कृषि-पर्यटन पर भी हुई चर्चा


मुम्बई प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रेवाच से सौजन्य भेंट की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को मुम्बई प्रवास के दौरान इजरायल के महावाणिज्य दूत यानिव रेवाच से सौजन्य भेंट की।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इजरायली महावाणिज्य दूत रेवाच से कृषि, जल प्रबंधन, क्षमता निर्माण, पर्यटन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विकास के संबंध में चर्चा हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि इजरायली कंपनियां मप्र में निवेश की इच्छुक हैं। इन इजरायली कंपनियों को मप्र सरकार की ओर से आवश्यक प्रोत्साहन, भूमि आवंटन, एकल-खिड़की मंजूरी और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

**एटीएम में पैसे जमा करते समय अज्ञात बदमाश ने की वारदात**

## पीएनबी की दो महिला कर्मचारियों से 50 हजार की लूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के अकलतरा में दिनदहाड़े लूट की बड़ी घटना सामने आई है। अकलतरा के मिनी माता चौक स्थित पीएनबी एटीएम में दोपहर करीब 11 बजे एक बदमाश ने वारदात को अंजाम दिया।जानकारी के अनुसार, पीएनबी की दो महिला कर्मचारी एटीएम में करीब साढ़े आठ लाख रुपये लेकर पहुंची थीं। इनमें से करीब साढ़े सात लाख रुपये एटीएम में डाले जा चुके थे। इसी दौरान मुंह में गमछा बांधे एक युवक ने एटीएम में प्रवेश किया और महिला कर्मचारियों की आंखों में स्प्रे डाल दिया। इसके बाद बदमाश 50 हजार रुपये लेकर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही अकलतरा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई है। आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## पिता पर नाबालिग बच्ची से रेप का आरोप, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के पसान थाना क्षेत्र के ग्राम अमझर से देर रात एक सनसनीखेज मामला सामने आया। जानकारी के अनुसार, 13 वर्षीय नाबालिग लड़की ने अपने पिता पर कथित दुष्कर्म करने का आरोप लगाया। पीड़िता ने देर रात अपने मोबाइल से मां को घटना की जानकारी दी। घटना की सूचना मिलते ही सुबह मां-बेटी थाने पहुंचीं और औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोप के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. /अ-6/2025-26

पक्षकार:- डा. गिरीश कुमार पाण्डेय पिता स्व. रामकृष्ण पाण्डेय वगैरह ....आवेदकगण....

बनाम

अभिषेक पाण्डेय पिता कृष्ण कुमार पाण्डेय ......अनावेदक

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण डा. गिरीश कुमार पाण्डेय पिता स्व. रामकृष्ण पाण्डेय वगैरह निवासी राजेन्द्र नगर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. ने अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला चांटापारा शीट नं. 02 प्लाट नं. 31/20 रकबा 6000 व.फु. भूमि स्थित है। उक्त भूमि नजूल अभिलेख मे आवेदकगण एवं अनावेदक अभिषेक पाण्डेय पिता कृष्ण कुमार पाण्डेय के नाम पर संयुक्त रूप से दर्ज है। आवेदकगण के व्दारा उक्त भूमि को मौखिक बंटवारा का यादाश्तनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र छ.ग.भूराजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनॉक 07/01/26 को न्यायालयीन समय में स्वत: उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति / दावा विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 16/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल बिलासपुर (छ.ग.)

**2289 मतदान केंद्रों के हिसाब से तैयार की जा रही वोटर लिस्ट**

## दो लाख वोटर्स के बदल जाएंगे मतदान केंद्र, नाम कटने के बाद बने हालात

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

*22 साल पहले दर्ज सवा पांच लाख मतदाता मिसिंग, 9 लाख परिवार से जुड़े*

चार नवंबर से 44 दिन तक चले स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के बाद राजधानी की बैरसिया, उत्तर, नरेला, मध्य, दक्षिण पश्चिम, गोविंदपुरा और हुजूर की तस्वीर बदल दी है। इसके क्षेत्र में तो बदलाव नहीं हुआ है, लेकिन वोटर्स की तादाद में भारी फेरबदल होने जा रहा है। अधिकतर विधानसभाओं में 12 हजार से लेकर एक लाख वोटर्स के नाम काटे जा रहे हैं।

ऐसे में शेष बचने वाले मतदाताओं के मतदान केंद्रों में भी खासा बदलाव होगा। जिसके तहत जिले के 2029 मतदान केंद्रों को बढ़ाकर 2289 किया गया है। जिससे 260 नए मतदान केंद्र वजूद में आ आएंगे।

वर्ष- 2022 में दर्ज थे 11 लाख 81


फाइल

### 2289 करने का प्रस्ताव आयोग को भेजा

चुनाव आयोग ने एसआईआर शुरु होने के पहले ही 12 सौ मतदाताओं के हिसाब से मतदान केंद्रों की संख्या रखने की हिदायत दी थी। जिसके तहत भोपाल की सात विस के 2029 मतदान केंद्रों को बढ़ाकर 2289 करने का प्रस्ताव आयोग को भेजा था। जिसे आयोग ने मंजूर कर लिया है। जिसके तहत अब जिले में 260 नए मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

### एक केंद्र पर रहेंगे आठ सौ

भोपाल में भारी तादाद में नाम काटे जाने की वजह से मतदान केंद्रों पर जुड़े मतदाताओं की संख्या खासी कम हो जाएगी। नए 260 मतदान केंद्रों के जुड़ने के बाद भोपाल में आठ सौ मतदाताओं के हिसाब से पोलिंग बूथ की लिस्ट तैयार होगी। निर्वाचन से जुड़े अफसरों का कहना है कि आने वाले समय में इन मतदान केंद्रों पर नए वोटर्स की तादाद बढ़ने से दिक्कत नहीं होगी।

### चार लाख 38 हजार 876 नाम

वर्तमान में अनकलेक्टेबल जिसमें, मृत, एबसेंट, शिफ्टेड और डबल केटगरी वाले चार लाख 38 हजार 876 नाम हटाने का काम शुरु कर दिया है। जिसके बाद नए 260 मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की शिफ्टिंग की जाएगी। इधर नो मैपिंग वाले एक लाख 16 हजार 317 मतदाताओं के नोटिस भी जारी किए जाएंगे।

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं उपवनमण्डल अधिकारी, केवलारी (सा.) उपवनमण्डल**

No.- 9424794111 // सूचना // E-Mail ID :- sdoFTkeolari@mp.gov.in

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दक्षिण सिवनी (सा.) वनमण्डल के उपवनमण्डल केवलारी (सा.) अन्तर्गत दर्ज वन अपराध प्रकरण क्रमांक 35644/15 दिनांक 06.10.2025 में लिप्त मोटर सायकिल (01) बजाज डिस्कव्हर वाहन क्रमांक MP-28-MD - 9498 चेचिस नम्बर MD2DSJZZZTPE16362 इंजन नम्बर JZUBTE22048 (02) बजाज डिस्कव्हर वाहन क्रमांक MP-22 MD - 9471 चेचिस नम्बर MD2DSJZZZUPG67212 इंजन नम्बर JZUBUG57362 (03) बजाज डिस्कव्हर वाहन क्रमांक MP - 04 - JM-2510 चेचिस नम्बर MD2DSJZZZVPA49502 इंजन नम्बर JZUBVA22260 (04) बजाज डिस्कव्हर वाहन क्रमांक CG-04-K-4726 चेचिस नम्बर MD2DSJZZZUPF4765 इंजन नम्बर XXX (05) हॉण्डा सी.बी. साइन वाहन क्रमांक MP-22-MJ-2527 चेचिस नम्बर ME4JC65ALJ7259219 इंजन नम्बर JC65E72405736 मे वनोपज सागौन काष्ठ (लट्ठा ) 02 नग = 0.211 घमी. एवं वन परिक्षेत्र बरघाट (सा.) अन्तर्गत दर्ज वन अपराध प्रकरण क्रमांक 35644/15 दिनांक 06.10.2025 में जप्त उक्त 05 नग मोटर सायकिल वाहनो में सागौन काष्ठ 02 नग = 0.211 घमी. परिवहन करते हुये जप्त किये गये है । वन अपराध प्रकरण में जप्त किये गये वाहन मय परिवहन की जा रही काष्ठ को राजसात किये जाने की कार्यवाही प्राधिकृत अधिकारी / उपवनमण्डल अधिकारी केवलारी (सा.) के कार्यालय में प्रचलित है ।

अत: उक्त 05 नग दो पहिया मोटर सायकिल वाहनो के मालिक को या / अथवा वाहन से संबंधित स्वहित रखने वालो को जाती है कि उक्त ज्ञापन प्रकाशित होने की तिथी से निर्धारित समय सीमा 30 दिवस के अन्दर वैधानिक दस्तावेज के साथ अद्योहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय सूचना दी में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें । यदि कोई पक्षकार उपस्थित नही होते है तो एक तरफा कार्यवाही की जाकर वाहन राजसात किया जावेगा ।

**वाहनो विवरण निम्नानुसार है**

| क्र. | परिक्षेत्र का नाम | कार्यालय का नाम जहॉं उपस्थित होना है | वाहन मालिक नाम पता | वाहन का प्रकार /सामग्री | वाहन क्रमांक/ चैचिस क्रमांक | इंजन क्रमांक | वन अपराध प्रकरण क्र./दिनॉक | वाहन में जप्त की गई अवैध काष्ठ (चिरान) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केवलारी (सा.) | प्राधिकृत अधिकारी एवं उपवनमण्डल अधिकारी केवलारी (सा.) | अज्ञात | मोटर सायकिल | MP-28-MD-9498 | JZUBTE22048 | 35644/15 दिनॉक 06.10.2025 | सागौन काष्ठ (चरपट) 02 नग = 0.211 घमी |
| | | | | मोटर सायकिल | MP-22-MD-9471 | JZUBUG57362 | | |
| | | | | मोटर सायकिल | MP-04-JM-2510 | JZUBVA22260 | | |
| | | | | मोटर सायकिल | CG-04-K-4726 | MD2DSJZZZUPF4765 | | |
| | | | | मोटर सायकिल | MP-22-MJ-2527 | JC65E72405736 | | |

(डॉ. आर. के. गुरूदेव) स.व.सं.
प्राधिकृत अधिकारी एवं उपवनमण्डल अधिकारी केवलारी (सा) उपवनमण्डल

G-22950/25 "स्वच्छता ही सेवा"

**केंद्र सरकार का 'विकसित भारत- जी राम जी' बिल आखिर संसद में पारित हो गया। सत्ता पक्ष का तर्क है कि मनरेगा में समय के साथ कई संरचनात्मक खामियां पैदा हो गई थीं, जिनका लाभ भ्रष्ट तत्वों ने उठाया। नए विधेयक के जरिए सरकार मजदूरों को अधिक काम, बेहतर भुगतान व्यवस्था और पारदर्शिता देने की दिशा में आगे बढ़ रही है। अब काम की गारंटी 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है, तो यह मजदूरों के लिए सकारात्मक कदम होगा। उधर, प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने इसके नाम परिवर्तन पर विरोध जताया है। कांग्रेस का आरोप है कि इस योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाना राष्ट्रपिता का अपमान है। वहीं, विपक्ष ने यह आशंका भी जताई कि धीरे-धीरे यह योजना अपने मूल स्वरूप से दूर हो जाएगी और भविष्य में इसे समाप्त करने का रास्ता तैयार किया जा रहा है। अब असली परीक्षा इस बात की होगी कि क्या गरीब मजदूर को नियमित काम, समय पर भुगतान और सम्मानजनक मजदूरी मिल पाती है या नहीं। फिलहाल, संसद की बहस और राजनीतिक घमासान के बीच देश की सबसे बड़ी रोजगार योजना एक नए दौर में प्रवेश करने जा रही है। इसी मुद्दे का विश्लेषण करता *आजकल* का यह खास अंक...**

# भरोसे की कसौटी पर 'जी राम जी'



**विश्लेषण**

सुशील देव

वरिष्ठ स्तंभकार

आखिरकार लंबी और तीखी राजनीतिक बहस के बाद 'जी राम जी' विधेयक लोकसभा में पारित हो गया। मजदूरों के हित में लाए गए इस विधेयक को केंद्र सरकार मनरेगा का उन्नत और पारदर्शी विकल्प बता रही है, जबकि विपक्ष इसे एक लोकप्रिय योजना को कमजोर करने और महात्मा गांधी के नाम को हटाने का राजनीतिक प्रयास मान रहा है। संसद के भीतर और बाहर जिस तरह का शोर, धक्का–मुक्की और आरोप–प्रत्यारोप देखने को मिले, उसने यह साफ कर दिया कि यह केवल एक प्रशासनिक सुधार का मुद्दा नहीं, बल्कि विचारधारा और राजनीति से भी गहराई से जुड़ा विषय है। सत्ता पक्ष का तर्क है कि 'विकसित भारत जी राम जी विधेयक 2025' के जरिए सरकार मजदूरों को अधिक काम, बेहतर भुगतान व्यवस्था और पारदर्शिता देने की दिशा में आगे बढ़ रही है। सरकार का दावा है कि मनरेगा में समय के साथ कई संरचनात्मक खामियां पैदा हो गई थीं, जिनका लाभ भ्रष्ट तत्वों ने उठाया। अनियमितताएं बढ़ीं।

**मजदूरों के हित में लाए गए 'विकसित भारत जी राम जी विधेयक को केंद्र सरकार मनरेगा का उन्नत और पारदर्शी विकल्प बता रही है, जबकि विपक्ष इसे लोकप्रिय योजना को कमजोर करने और महात्मा गांधी के नाम को हटाने का राजनीतिक प्रयास मान रहा है। संसद के भीतर और बाहर जिस तरह का शोर और आरोप–प्रत्यारोप देखने को मिले, उसने यह साफ कर दिया कि यह केवल एक प्रशासनिक सुधार का मुद्दा नहीं, बल्कि विचारधारा और राजनीति से भी गहराई से जुड़ा विषय है। उम्मीद करें कि मेहनतकश व्यक्ति को उनका सम्मानजनक रोजगार और सुरक्षित भविष्य मिलेगा।**

## नाम परिवर्तन पर विपक्ष नाराज

मजदूरी और निर्माण सामग्री के अनुपात में गड़बड़ी, फर्जी जॉब कार्ड, भुगतान में देरी और राज्यों में धन के दुरुपयोग जैसे आरोप लंबे समय से सामने आते रहे हैं। सरकार का कहना है कि नए विधेयक में तकनीक, निगरानी और जवाबदेही को मजबूत किया गया है, ताकि गरीब मजदूर तक योजना का वास्तविक लाभ पहुंचे।

वहीं विपक्ष की आपत्ति का केंद्र केवल प्रशासनिक बदलाव नहीं, बल्कि नाम परिवर्तन भी है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों का आरोप है कि सरकार योजनाओं के नाम बदलने में ज्यादा रुचि रखती है, बजाय उनके प्रभावी क्रियान्वयन के। उनका कहना है कि मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाना केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि उस विचारधारा को कमजोर करने का प्रयास है, जो गांव, श्रम और आत्मनिर्भरता को केंद्र में रखती है। विपक्ष ने यह आशंका भी जताई कि धीरे-धीरे यह योजना अपने मूल स्वरूप से दूर हो जाएगी और भविष्य में इसे समाप्त करने का रास्ता तैयार किया जा रहा है। इसी कारण विपक्ष ने विधेयक को स्थायी समिति में भेजने की मांग की, ताकि विस्तृत चर्चा और संशोधन हो सकें, लेकिन यह मांग लोकसभा में खारिज कर दी गई। सरकार ने विपक्ष के इन आरोपों का तीखा जवाब दिया।



## महिलाओं की भागीदारी बढ़ी

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सदन में कहा कि कांग्रेस ने महात्मा गांधी के नाम का इस्तेमाल राजनीतिक लाभ के लिए किया, जबकि उनके आदर्शों को जमीन पर लागू नहीं किया। उन्होंने याद दिलाया कि मनरेगा का मूल नाम 'नरेगा' था और 2009 के चुनाव से पहले इसमें महात्मा गांधी का नाम जोड़ा गया।

सरकार का दावा है कि मोदी सरकार ने गांधी के ग्राम स्वराज, स्वावलंबन और श्रम की गरिमा के विचारों को वास्तविक नीतियों में उतारने का प्रयास किया है। चौहान ने आंकड़ों के जरिए यह भी बताया कि कांग्रेस शासन के दौरान जहां 1660 करोड़ श्रम दिवस सृजित हुए, वहीं मौजूदा सरकार के दौरान यह आंकड़ा 3210 करोड़ तक पहुंचा। महिलाओं की भागीदारी भी 48 प्रतिशत से बढ़कर 56.73 प्रतिशत होने का दावा किया गया। सरकार की एक बड़ी दलील यह भी रही कि मनरेगा में मजदूरी और सामग्री खर्च का संतुलन कई राज्यों में बिगड़ा हुआ था। नियमों के अनुसार जहां 60 प्रतिशत राशि मजदूरी पर खर्च होनी चाहिए थी, वहां कई राज्यों में यह अनुपात कम कर दिया गया और सामग्री पर बेहद कम खर्च दिखाया गया। इससे न केवल काम की गुणवत्ता प्रभावित हुई, बल्कि भ्रष्टाचार के रास्ते भी खुले।

## लूट-खसोट पर लगाम लगेगी

सरकार का कहना है कि 'जी राम जी' विधेयक में इन खामियों को दूर करने के लिए स्पष्ट प्रावधान किए गए हैं और तकनीकी निगरानी से लूट-खसोट पर लगाम लगेगी। हालांकि विपक्ष का यह सवाल भी वाजिब है कि किसी योजना की आत्मा केवल नियमों से नहीं, बल्कि राजनीतिक इच्छाशक्ति और ईमानदार क्रियान्वयन से तय होती है। मनरेगा ने अपने शुरुआती वर्षों में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को संबल दिया, पलायन को रोका और संकट के समय लाखों परिवारों के लिए सुरक्षा कवच का काम किया। कोरोना काल में भी इस योजना ने ग्रामीण भारत को संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऐसे में विपक्ष का डर है कि बदलाव की आड़ में यदि योजना की पहुंच या अधिकार कमजोर हुए, तो इसका सीधा असर सबसे गरीब वर्ग पर पड़ेगा। विपक्ष दलों ने संसद से सड़क तक इस विधेयक को लेकर विरोध जताया। कहा, महात्मा गांधी का नाम हटाकर सरकार ने उचित नहीं किया। विपक्ष ने इसे गांधी का अपमान भी बताया। सच यह भी है कि मनरेगा जैसी बड़ी योजना में खामियां रही हैं और कुछ राज्यों में केंद्र व राज्य-दोनों की जिम्मेदारी तय होती है। भुगतान में देरी, काम की उपलब्धता और निगरानी की समस्याएं वास्तविक रही हैं।

## अब 125 दिन काम की गारंटी

यदि नया विधेयक इन समस्याओं को दूर करता है और सरकार का यह दावा सही साबित होता है कि अब काम की गारंटी 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है, तो यह मजदूरों के लिए सकारात्मक कदम होगा। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि पारदर्शिता केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि जमीनी स्तर पर भी दिखे। आखिरकार 'जी राम जी' विधेयक केवल नाम परिवर्तन या राजनीतिक जीत–हार का मुद्दा नहीं होना चाहिए। यह करोड़ों ग्रामीण मजदूरों की रोजी–रोटी से जुड़ा सवाल है। सत्ता पक्ष और विपक्ष-दोनों को चाहिए कि वे जल्दबाजी में निष्कर्ष निकालने के बजाय इसके क्रियान्वयन पर नजर रखें।

## सुरक्षित भविष्य की उम्मीद

यदि सरकार वास्तव में गांधी के आदर्शों को जीवित रखने और विकसित गांव की नींव पर विकसित भारत बनाने का दावा कर रही है, तो उसे इस विधेयक को पूरी ईमानदारी से लागू करना होगा। वहीं विपक्ष की भूमिका भी केवल विरोध तक सीमित न रहकर रचनात्मक सुझाव देने की होनी चाहिए। उम्मीद की जानी चाहिए कि नए नाम और नए ढांचे के साथ यह योजना मजदूरों के काम के अधिकार को मजबूत करेगी, गांवों में टिकाऊ विकास को बढ़ावा देगी और राजनीति से ऊपर उठकर उस उद्देश्य को पूरा करेगी। उम्मीद करनी चाहिए कि मेहनतकश व्यक्ति को उनका सम्मानजनक रोजगार और सुरक्षित भविष्य मिलेगा।

# नाम बदलने के साथ हकीकत भी बदले



**नई योजना**

रवि शंकर

स्वतंत्र पत्रकार

शेक्सपियर के मशहूर नाटक रोमियो एंड जूलियट की एक लाइन है, जिसका अर्थ है- नाम में क्या रखा है। आज अगर शेक्सपियर होते तो भारत की संसद उन्हें बताती कि शेक्सपियर महोदय, नाम में बहुत कुछ रखा है। संसद अब सिर्फ नाम पर ही बहस करेगी क्योंकि मौजूदा नरेंद्र मोदी सरकार ने मनमोहन सरकार द्वारा लाई गई योजना महात्मा गांधी नेशनल रूरल एम्प्लॉयमेंट गारंटी एक्ट (मनरेगा) का नाम बदलकर विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबी राम जी) कर दिया है। बहरहाल, विपक्ष ने इसका विरोध बिल के प्रावधानों के साथ ही ये कहकर भी किया कि महात्मा गांधी का नाम हटाना राष्ट्रपिता का अपमान है। ये पहली बार नहीं है जब मोदी सरकार पुरानी योजनाओं की जगह नए नाम के साथ स्कीम लाई हो। योजनाओं के नाम के साथ ही शहरों के नाम, सड़कों के नाम, जगहों के नाम बदले गए हैं। कांग्रेस का आरोप है कि 1975 से 2013 के बीच शुरू की गई 32 योजनाओं को मोदी सरकार ने नाम बदलकर लॉन्च किया। वह सरकार पर पुरानी योजनाओं की रीपैकेजिंग और रीब्रैंडिंग का इल्जाम लगाती रही है। गांधीजी का नाम हटाना उनकी विरासत को मिटाने की कोशिश है। सिर्फ नाम बदलकर क्रेडिट लेने की मांग है जबकि पहले मोदीजी इसे फेलियर का स्मारक कहते थे। जबकि सरकार का कहना है कि यह विकसित भारत 2047 के विजन से जुड़ा है और गांधीजी के विचारों से कोई विरोध नहीं है। नए कानून की सबसे बड़ी घोषणा है कि ग्रामीण परिवारों को मिलने वाले गारंटीड रोजगार के दिन 100 से बढ़ाकर 125 कर दिए जाएंगे। 25 दिन का अतिरिक्त रोजगार मिलने से उनकी आय में इजाफा होगा, साथ ही रोजगार सृजन के नए तरीके विकसित होंगे। पहली नजर में यह फैसला राहत भरा लगता है, लेकिन इसके साथ एक बड़ा बदलाव भी जुड़ा है। अब इस योजना का पूरा खर्च केंद्र सरकार नहीं उठाएगी। राज्यों को 10 से 40 प्रतिशत तक खर्च अपनी जेब से देना होगा। यानी जहां पहले मनरेगा पूरी तरह केंद्र प्रायोजित योजना थी, अब राज्यों पर आर्थिक बोझ बढ़ने वाला है। जमीनी हकीकत यही है कि गरीब राज्य यह योजना लागू नहीं कर पाएंगे क्योंकि उनके पास वित्तीय बोझ उठाने की क्षमता नहीं होगी और केन्द्र ने पहले ही खुद को यह कहकर निकल लेने का जुगाड़ कर लिया है। 'जी राम जी' बिल में एक और अहम प्रावधान है। बुवाई और कटाई के मौसम के दौरान करीब 60 दिन तक इस योजना के तहत काम नहीं दिया जाएगा। सरकार का तर्क है कि इससे खेती के समय मजदूरों की कमी नहीं होगी और किसान परेशान नहीं होंगे। विपक्ष का कहना है कि इससे गरीब मजदूरों को महीनों तक काम से वंचित रहना पड़ेगा। वहीं, मोदी सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलने और रोजगार के दिनों की संख्या बढ़ाने का फैसला पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में होने वाले चुनावों को देखते हुए भी अहम माना जा रहा है।

**असली परीक्षा इस बात की होगी कि क्या गरीब मजदूर को नियमित काम, समय पर भुगतान और सम्मानजनक मजदूरी मिल पाती है या नहीं। फिलहाल, देश की सबसे बड़ी रोजगार योजना एक नए दौर में प्रवेश करने जा रही है।**

अब नए बिल से सरकार विपक्ष के इस आरोप का जवाब देने की कोशिश करेगी। यह योजना बीजेपी और पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी टीएमसी के बीच राजनीतिक विवाद का मुद्दा बनी हुई है, क्योंकि केंद्र ने कथित वित्तीय अनियमितताओं का हवाला देते हुए 2022 से पश्चिम बंगाल को निधि देना रोक रखा था। खैर, सियासत अपनी जगह है, लेकिन हकीकत यह है कि पिछले कुछ वर्षों में, सरकार मांग के अनुरूप 100 दिनों का काम उपलब्ध कराने के अनिवार्य दायित्व के बावजूद, प्रति वर्ष 50-55 दिनों से ज्यादा काम उपलब्ध कराने में लगातार विफल रही है। यह स्थिति तब है जब नौकरियों की मांग लगातार बढ़ी है और ग्रामीण क्षेत्रों का संकट और ज्यादा गहराया है। दूसरी तरफ, मनरेगा के लिए बजट आवंटन में लगातार कटौती की गई है। मनरेगा का उद्देश्य केवल रोजगार प्रदान करना ही नहीं है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, तालाब निर्माण और वृक्षारोपण जैसी अवसंरचनात्मक परियोजनाएं कराकर स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करना भी है। बेशक, 'जी राम जी' के नाम, काम के दिन और ढांचे में बदलाव जरूर बड़ा है, लेकिन असली सवाल यही है कि क्या इससे गांवों में रोजगार की स्थिति सच में सुधरेगी। अनुभव बताता है कि सिर्फ नाम बदलने और कागजी गारंटी बढ़ाने से जमीन पर बदलाव नहीं आता। असली परीक्षा इस बात की होगी कि क्या गरीब मजदूर को नियमित काम, समय पर भुगतान और सम्मानजनक मजदूरी मिल पाती है या नहीं। फिलहाल, संसद की बहस और राजनीतिक घमासान के बीच देश की सबसे बड़ी रोजगार योजना एक नए दौर में प्रवेश करने जा रही है।

# उपयोगी सिद्ध होगी केंद्र सरकार की योजना



**सार्थकता**

विकेश कुमार बडोला

स्वतंत्र स्तंभकार

देश के अधिसंख्यक नागरिकों, मतदाताओं व लोगों की दृष्टि में अस्तित्वहीन विपक्ष के अति अराजक प्रतिरोध के बाद अंततः 18 दिसंबर 2025 को 'विकसित भारत- जी राम जी विधेयक, 2025' लोकसभा में अधिमतों के साथ पारित हो गया। एक दिन पूर्व सभासदन में इस विधेयक पर व्यापक चर्चा हुई। ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा शीतकालीन सत्र में संसदीय पटल पर रखा गया विधेयक कांग्रेस समेत अन्य दलों के सांसदों को रास नहीं आया। विपक्ष का विरोधी आचरण मात्र विरोध के लिए दिखाई दिया।

विपक्षी सांसदों ने जो बातें उठाईं, उनकी कहीं कोई सार्थक उपयुक्तता नहीं दिखाई दी। उल्लेखनीय है कि पारित विधेयक 25 वर्ष पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का स्थान लेगा। हल्ला करने, बड़बोला आचरण दिखाने तथा देश के सभ्य नागरिकों की दृष्टि में स्वयं को अधिक से अधिक पतित करते हुए कहने को तो विपक्ष मनरेगा के नाम परिवर्तन को महात्मा गांधी के अपमान से जोड़ रहा है, पर विचार करने वाली बात ये है कि अखिल भारतीय रोजगार गारंटी की योजना का अपेक्षित क्रियान्वयन किसी व्यक्ति के नाम के साथ जुड़े रहने से होगा अथवा वर्तमान सत्ता, शासन-प्रशासन द्वारा लोकतांत्रिक निष्ठा के साथ इसके उपयोगी अद्यतनीकरण से होगा। विधेयक के महत्त्वपूर्ण परिवर्तनों में से एक है रोजगार दिवसों में 100 के स्थान पर 125 दिवसों की वृद्धि। मनरेगा को जी राम जी नाम के साथ अद्यतन करने वाले विधेयक पर सामान्य नागरिकों की पहली प्रतिक्रिया तो यही होगी कि यह इतना गंभीर विषय नहीं था, जो संसद से लेकर सड़क तक विरोध के नाम पर विरोध करके फैलाया व उठाया जाए। कांग्रेस की गठबंधन वाली सरकार के दो पंचवर्षीय कार्यकाल में मनरेगा से जुड़ा भ्रष्टाचार आये दिन लोगों के बीच चर्चा का विषय हुआ करता था। लोग कैसे भूल सकते हैं कि केंद्रीय शासन-प्रशासन से लेकर ग्रामों के प्रधानों तक ने आभासी मनरेगा रोजगार दिखाकर करोड़ों की धनराशि का हेरफेर किया था। अवैध घुसपैठियों को मनरेगा रोजगार के पत्र मिले हुए थे। धरातल पर इनमें से कोई भी व्यक्ति कोई रोजगार या कार्य नहीं करता था, किंतु इनके नाम पर धनाबंटन होता रहा और अवैध तंत्र में ऊपर से नीचे तक परस्पर विभाजित होता रहा।

**परिवर्तनगामी मनरेगा द्वारा अपेक्षित जनकल्याणकारी लक्ष्य तो प्राप्त होंगे ही होंगे, साथ ही योजना की कमियों, दोषों तथा भ्रष्टाचार का भी निवारण हो सकेगा।**

इस समय भारतीय संसद में विपक्ष का अस्तित्व शून्यगति को प्राप्त है। बात यदि जनता के हित की है, तो वो भलीभांति अवगत है कि ग्रामीण विकास मंत्री के नेतृत्व में जी राम जी योजना लोकहित में परिष्कृत की जा रही है। परिवर्तनगामी मनरेगा द्वारा अपेक्षित जनकल्याणकारी लक्ष्य तो प्राप्त होंगे ही होंगे, साथ ही योजना की कमियों, दोषों तथा भ्रष्टाचार का भी निवारण हो सकेगा।

# ग्रामीण रोजगार योजना पर बने पक्ष-विपक्ष की सहमति



**मुद्दा**

योगेश कुमार सोनी

वरिष्ठ पत्रकार

मनरेगा पर एक बार फिर पक्ष-विपक्ष आमने-सामने आ गया। यह देश की एक बड़ी योजना है जो रीढ़ की हड्डी भी मानी जाती है और अब फिर से चर्चाओं में आ गई। मामला यह है कि कांग्रेस की अगुवाई वाली यूपीए सरकार के दौरान मनरेगा कानून आया था। यूपीए सरकार ने 2005 में 'ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून' को लागू किया था और 2009 में इसके नाम के साथ 'महात्मा गांधी' जोड़ा गया। यह दुनिया की सबसे बड़ी ग्रामीण रोजगार योजना मानी जाती है।

पिछले दो दशकों से मनरेगा ग्रामीण रोजगार की रीढ़ रही है लेकिन अब मोदी सरकार ने मनरेगा का नाम बदलकर 'विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण)' यानी 'वीबी-जी राम जी' बिल कर दिया है। संसद के दोनों सदन से यह बिल पास हो गया है लेकिन इसको विपक्ष के सवालों की बड़ी बौछार हो रही है। विपक्ष का कहना है कि इस अहम कानून में बदलाव करने के लिए जो राज्यों पर बहुत ज्यादा वित्तीय बोझ डालेंगे तो यह योजना निश्चित तौर विफल हो जाएगी, लेकिन इसके लिए पक्ष-विपक्ष को यह समझना चाहिए कि मनरेगा जैसी योजना पर राजनीति नही करनी चाहिए। चूंकि इस योजना से एक बड़ा वर्ग साधा जाता है। मनरेगा के मुख्य लाभों में अकुशल श्रमिकों को न्यूनतम मजदूरी का भुगतान, काम में लिंग-आधारित वेतन अंतर को खत्म करना, ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे का विकास आदि शामिल हैं। इन सब सुविधाओं व इसके लाभ लेने वाले वर्ग से यह तो तय हो जाता है कि इसमें कहीं भी राजनीति की जरूरत नहीं है। देश के उस वर्ग को लाभ देना जो जमीनी स्तर पर अपने काम से देश निर्माण में सबसे बड़ी भूमिका निभाता है,यह किसी भी सरकार का धर्म,फर्ज व कर्तव्य माना जाता है। यदि केवल नाम बदलने की बात है तो इसमें विपक्ष को हंगामा करने की जरूरत नहीं है। यदि सत्ताधारी पक्ष को इसमें



**इस योजना की प्रक्रिया को सरल बनाया जाए। यदि विपक्ष इस योजना को लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराना चाहता है तो वह उस तरह के सुझाव दें जिससे जनता को अधिक से अधिक लाभ मिले।**

कुछ बदलाव करने हैं तो वह इस तरह के बदलाव करे जिससे लाभकारियों को फायदा मिले और इसकी प्रक्रिया को सरल बनाया जाए वहीं यदि विपक्ष इस योजना को लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराना चाहता है तो वह उस तरह के सुझाव दें जिससे जनता को अधिक से अधिक लाभ मिले। राजनीति करने के लिए भारत जैसे देश में इतने मुद्दे हैं कि हर घंटे एक मुद्दे को उठाया या भुनाया जाए तो पक्ष-विपक्ष का पूरा वर्ष बीत जाएगा लेकिन कुछ मुद्दों पर केवल काम किया जाए वह बेहतर ही है। बीती कांग्रेस की सरकार में सैकड़ों योजनाएं लागू की गई थी, जिसमें जनता को लाभ भी मिला लेकिन हमेशा दलालों को बोलबाला रहता था। अब डिजिटल युग आने के बाद प्रक्रियाएं अपडेट व अपग्रेड हुई हैं लेकिन अब भी स्थिति पूर्ण रूप से लाभकारियों के नियंत्रण में नही है चूंकि किसी भी योजना के लिए लागू करने से ज्यादा उसके लिए जागरूक करना होता है।

कांग्रेस की ओर से बयान आया है कि केंद्र सरकार ने मनरेगा का नाम बदलने के साथ ही अब इसका बोझ राज्यों पर डाल दिया है। जो अधिकार पहले पंचायतों के पास थे, उन्हें अब छीनकर केंद्रीयकृत व्यवस्था को सौंपा जा रहा है। यह कदम महात्मा गांधी के आदर्शों का अपमान है और कांग्रेस इसका सख्ती से विरोध करेगी। यह समझना चाहिए कि यदि मौजूदा सरकार किसी भी योजना में बदलाव करती है तो यह तय नहीं है कि वह उसमें जनहित का ख्याल नहीं रखती बल्कि उसको पहले से बेहतर करके लागू करती है। कांग्रेस इस मामले में जरूरत से ज्यादा उपस्थिति दर्ज करवाते हुए खुद अपनी शुरू की हुई योजना पर सवालिया निशान खड़े कर रही है। चूंकि इस योजना को लेकर सबसे ज्यादा विरोध प्रर्दशन उनके ही कालखंड में हुआ था। प्रशासनिक जिम्मेदारी में राज्य सरकार की बड़ी भूमिका है।

इससे तय हो जाता है कि यह केन्द्र व राज्य सरकारों की तालमेल के साथ ही इतनी बड़ी योजना को अंजाम दिया जाता है। इसको लेकर विशेषज्ञों का मानना है कि यह भारत देश की सबसे अहम योजना है जिसके लिए हर रोज बेहतर होना अनिवार्य है व इस पर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए।

# 'विकसित भारत- जी राम जी विधेयक' से मजबूत होगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था



**आर्थिकी**

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री

यकीनन इस समय देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़े हुए दो महत्वपूर्ण परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहे हैं। एक, ग्रामीण भारत में बढ़ती हुई आमदनी और बढ़ती हुई खपत के बीच गरीबी में लगातार कमी आ रही है। दो, हाल ही में 16 दिसंबर को सरकार के द्वारा संसद में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को रद्द करने और इसकी जगह 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)' यानी वी बी जी राम जी नामक नया ग्रामीण रोजगार कानून लाने संबंधी स्वीकृत किया गया विधेयक कानून बनने के बाद ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देते हुए दिखाई देगा।

गौरतलब है कि देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में ग्रामीण भारत का योगदान बढ़ता जा रहा है। भारत ने 2024-25 में 35.77 करोड़ टन अनाज पैदा करके एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया है। पिछले दस सालों में भारत का खाद्यान्न उत्पादन 10 करोड़ टन बढ़ा है। ये खेती में आत्मनिर्भरता और गांवों के विकास की तरफ देश की लगातार बढ़ती प्रतिद्धता को दिखाता है। हाल ही में 11 दिसंबर को राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के द्वारा जारी आठवें चरण के ग्रामीण आर्थिक स्थिति एवं भावना सर्वेक्षण (आरईसीएसएस) में बताया गया है कि देश में पिछले एक साल में ग्रामीण परिवारों की आमदनी बढ़ने से खर्च करने की क्षमता और इच्छा दोनों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। सर्वे के मुताबिक 80 फीसदी ग्रामीण परिवारों के द्वारा पिछले एक साल में अपनी खपत में वृद्धि की सूचना दी गई है। सर्वे यह भी बताता है कि निवेश और औपचारिक ऋण में भी रिकॉर्ड तेजी दर्ज की गई है जो बढ़ती आय के समानुपातिक मानी जा सकती है। 29.3 फीसदी ग्रामीण परिवारों ने पिछले एक साल में पूंजीगत निवेश (खेती और गैर-खेती दोनों क्षेत्रों में) बढ़ाया है। केवल औपचारिक स्त्रोतों (बैंक, सहकारी संस्थाएं आदि) से कर्ज लेने वाले परिवारों का हिस्सा 58.3 फीसदी हो गया, जो सितंबर 2024 के 48.7 फीसदी था। वस्तुतः ग्रामीण भारत में बढ़ती क्रयशक्ति, वास्तविक आय वृद्धि, जीएसटी सुधार, कम महंगाई और मजबूत सरकारी समर्थन का संयुक्त परिणाम है। गाँवों में भविष्य की आर्थिक स्थिति को लेकर विश्वास बढ़ने, ग्रामीण गरीबी में कमी, छोटे किसानों की साहूकारी कर्ज की निर्भरता में कमी, ग्रामीण खपत में वृद्धि, किसानों का जीवन स्तर बढ़ने जैसी विभिन्न अनुकूलताओं से



**केंद्र सरकार को गांवों में साहूकारों और अनौपचारिक ऋणों पर निर्भरता घटाने के लिए बैंक शाखा विस्तार के अलावा नई रणनीति के तहत दूसरे कदम उठाने की भी जरूरत है।**

ग्रामीण भारत मजबूती की राह पर आगे बढ़ रहा है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) रिसर्च के द्वारा गरीबी पर जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि गरीबी में कमी शहरी इलाकों की तुलना में ग्रामीण इलाकों में अधिक तेजी से हुई है। जहाँ वर्ष 2011-12 में ग्रामीण गरीबी 25.7 प्रतिशत और शहरी गरीबी 13.7 प्रतिशत थी, वहीं वर्ष 2023-24 में ग्रामीण गरीबी घटकर 4.86 प्रतिशत और शहरी गरीबी घटकर 4.09 प्रतिशत पर आ गई है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि वर्ष 2019 से शुरू की गई प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना देश के करोड़ों छोटे और सीमांत किसानों को वित्तीय मजबूती देते हुए दिखाई दे रही है। देश के गाँवों में अप्रैल 2020 से शुरु की गई पीएम स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीणों को उनकी जमीन का कानूनी हक देकर उनके आर्थिक सशक्तिकरण का नया अध्याय लिखा जा रहा है। अब संसद में स्वीकृत किए गए वी बी जी राम जी विधेयक के कानून बनने के बाद ग्रामीण रोजगार योजना में बड़ा बदलाव आएगा। प्रत्येक परिवार के लिए रोजगार गारंटी कार्य दिवसों को 100 से बढ़ाकर 125 करने और मौजूदा फंडिंग संरचना को बदलने का प्रस्ताव है। केंद्र और राज्यों के बीच फंडिंग की हिस्सेदारी मौजूदा अधिकतम 90:10 अनुपात के मुकाबले 60:40 के अनुपात में होगी। मसौदा विधेयक में एक केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में कार्य कर रही मनरेगा को एक केंद्रीय क्षेत्र योजना में बदल दिया गया है। ग्रामीण रोजगार स्वाभाविक रूप से स्थानीय है और राज्यों को अब लागत और जिम्मेदारी साझा करनी होगी। जीराम जी के कानून बनने के बाद भी हमें ग्रामीण भारत के विकास और किसानों की प्रगति के लिए कई बातों पर ध्यान देना होगा। गाँवों में साहूकारों और अनौपचारिक ऋणों पर निर्भरता घटाने के लिए बैंक शाखा विस्तार के अलावा नई रणनीति के तहत दूसरे कदम उठाने की जरूरत है। सरकार ने किसानों को साहूकारों के चंगुल से बचाने के लिए जो कानून बनाए हैं, उन कानूनों के पर्याप्त परिपालन पर ध्यान देना होगा।

ग्रामीण ऋण लागत कम करने और विश्वास बढ़ाने के लिए तकनीक का लाभ उठाया जाना होगा। औपचारिक ऋणों के लिए बेहतर प्रोत्साहन और डिजिटल उपकरणों से लैस बैंक प्रतिनिधियों को ग्रामीण परिवारों और संस्थानों के बीच समन्वय का माध्यम बनाया जाना होगा। नए दौर की कौशल युक्त शिक्षा तथा ग्रामीण बेरोजगारी जैसी चुनौतियों के निराकरण के लिए अधिक रणनीतिक प्रयास किए जाने होंगे। उम्मीद करें कि सरकार ग्रामीण भारत में बढ़ती हुई आमदनी और बढ़ती खपत के सुकूनदेह परिदृश्य के बीच मनरेगा के बदलाव के बाद जो वी बी जी राम जी कानून लाने जा रही है, उससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सकेगी और विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी ।



# बिना लाइसेंस रिन्युअल के पैथालॉजी का संचालन

## छिंदवाड़ा का स्वास्थ्य तंत्र लापरवाही के कटघरे में

**छिंदवाड़ा।** जिले में पैथालॉजी टेस्टिंग सेवाओं की विश्वसनीयता पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। बढ़ती शिकायतों पर पार्थ पैथालॉजी पर गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगे है जिसने स्वास्थ्य तंत्र की शैली पर उंगली उठाई है। लैब में लंबे समय से लाइसेंस रिन्युअल लंबित है। इसके बावजूद भी परीक्षण सेवाएं निरंतर जारी है। पार्थ पैथालॉजी का संचालन करने वाले राजेन्द्र पटेल से प्राप्त लाइसेंस LH/6239/APR/2022 दस्तावेजों के आधार पर 31 मार्च 2025 को लाइसेंस की अवधि समाप्त हो गई है। यदि आरोप सही है तो यह न केवल नियमों का खुला उल्लंघन है बल्कि मरीजों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ भी है। मीडिया की टीम जब संबंधित पैथालॉजी पहुंची तो संचालक ने उन्हें गुमराह करने वाली जानकारियों से अवगत कराया। कुछ दस्तावेज भी उपलब्ध कराए। परंतु सत्यता के मापदंडों पर पर्दा डालती इस खबर से स्वास्थ्य तंत्र की लापरवाही देखने को मिल ही जाएगी। स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन अब तक इस मामले में मौन है जबकि आरोपों को गंभीरता को देखते हुए तत्काल जांच, दस्तावेजों की समीक्षा और लाइसेंस की पड़ताल जरूरी है। यदि शिकायतों की अनदेखी की गई तो स्वास्थ्य सेवाओं की विश्वसनीयता पर सीधा प्रहार होगा और यह जहरीले कफ सिरप जैसे दूसरे कांड होने की आहट हो सकती है, इंकार नहीं किया जा सकता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा (मनीष गड़करी)

जिले में कफ सिरप से 25 बच्चों की मौतों के बाद पूरा प्रशासन सख्ते में आया था और आज तक आरोपियों के विरूद्ध जांच चल रही है और कुछ आरोपी जमानत न होने के कारण जेल में है। जहरीली कफ सिरप की वजह से 25 बच्चों की जान गवां देने वाले जिला छिंदवाड़ा की गूंज सड़क से लेकर संसद तक गुंजती रही। परंतु कफ सिरप का मामला अभी शांत ही नहीं हुआ था कि जिले में पैथालॉजी सेवाओं को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए है। मामला है म्यूजियम से पीजी कॉलेज की ओर जाने वाली रोड स्थित पार्थ पैथालॉजी लैब का, जहां मार्च माह में ही लाइसेंस खत्म होने के बाद भी निरंतर पैथालॉजी जांचें चल रही है और पूरी पैथालॉजी लैब ही सवालों के घेरे में है। सूत्रों के अनुसार पैथालॉजी में न केवल लाइसेंस नवीनीकरण लंबी अवधि से लंबित हे जबकि प्रमाणित पैथालॉजिस्ट की अनुपस्थिति के बीच जांच कार्य किया जा रहा है इससे रिपोर्ट की विश्वसनीता और मरीजों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए है।

### लैब में पाई गई अनेकों कमियां

पार्थ पैथालॉजी लैब में मशीनों का कैलीब्रेशन समय पर नहीं किया जाता है तथा सैम्पल कलेक्शन और स्टोरेज की मानक प्रक्रिया का भी पालन नहीं होता। रिपोर्ट वेरीफिकेशन सिस्टम कमजोर है और पैथालॉजिस्ट में नियुक्त किए गए डॉक्टर तय किए गए समय पर नहीं रहती है। वे अन्य कई पैथालॉजी में सेवाएं देती है और केवल फोन पर ही सम्पर्क करती है। मीडिया की जांच टीम ने यह पाया कि पैथालॉजी की सेवाएं प्रत्यक्ष रूप से आम जनता की सेहत से जुड़ी होती है ऐसे में बिना लाइसेंस रिन्युअल और मानकों का पालन किए बिना लैब संचालन को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

### लैब संचालन के लिए आवश्यक नियमों का पालन जरूरी

लैब संचालन के लिए मान्य लाइसेंस अनिवार्य है। स्थानीय स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम या राज्य सरकार के नियामक निकाय से अनुमति आवश्यक है। लैब की मान्यता एनएबीएल/आईएसओ जैसे मानकों के अनुरूप होनी चाहिए। साथ ही लैब के संचालन के लिए योग्य स्टाफ और टेक्नीशियन होना जरूरी है। लैब टेक्शियन के पास मान्यता प्राप्त डिग्री, डिप्लोमा होना चाहिए। पैथालॉजिस्ट और माइक्रोबायोलॉजिस्ट जैसे विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी आवश्यक है। उपकरण और मशीनें बायोकेमिस्ट्री एनालाइजर हेमेटोलॉजी एनालाइजर माइक्रोस्को पसेंट्री फ्यूजग्लूको मीटरकोल्ड स्टोरेज / रेफ्रीजरेशन सभी उपकरणों का कैलिब्रेशन और मेंटेनेंस समय-समय पर होना बहुत जरूरी है।

पार्थ पैथालॉजी के विषय में शिकायत प्राप्त हुई है। जांच टीम से जांच कराई जाएगी। अगर किसी भी प्रकार की अनियमितता पाई गई तो कठोर कार्यवाही की जाएगी। आम आदमी के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**डॉ. नरेश गुन्नाड़े, मुख्य स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी, जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा**

# बच्चों की मासूम अपील पर जागे विधायक: मैहर में जर्जर बाईपास को लेकर अधिकारियों को लगाई कड़ी फटकार





मैहर। आज के डिजिटल दौर में सोशल मीडिया जन-समस्याओं को उठाने का सबसे सशक्त माध्यम बन गया है। इसका ताज़ा उदाहरण मैहर में देखने को मिला,जहाँ छोटे बच्चों द्वारा बनाए गए एक वीडियो ने प्रशासन को हरकत में ला दिया। नेशनल हाईवे बाईपास की जर्जर सड़क और उससे उड़ने वाली धूल से परेशान बच्चों ने वीडियो बनाकर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी से गुहार लगाई थी।

### बच्चों ने बयां किया दर्द

वीडियो में बच्चों ने बड़ी बेबाकी से दिखाया कि सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि धूल के कारण घरों में सांस लेना मुश्किल हो गया है और आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

### विधायक का त्वरित एक्शन

वीडियो संज्ञान में आते ही विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने तुरंत भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को तलब किया। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि सड़क की हालत दयनीय है और यह बड़े हादसों को न्योता दे रही है। विधायक ने अधिकारियों को तत्काल मरम्मत कार्य शुरू करने के निर्देश दिए और चेतावनी दी कि किसी भी दुर्घटना की जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।

# कॉलेज जाने का कहकर निकली, 20 दिनों बाद भी घर नहीं आई

**परासिया।** बरारिया की 18 वर्षीय युवती अपनी माँ को कालेज जाने का कहकर निकली , 20 दिनों बाद भी घर वापस नहीं आई । बेटी की तलाश में माँ यहां वहां भटक रही है । माँ ने पुलिस से उम्मीद बांध रखी है । इधर पुलिस भी युवती का पता लगाने का प्रयास कर रही है ।बरारिया निवासी गीता कहार ने बताया , कि उसकी दो बेटी और एक बेटा है । जो लापता है , वह छोटी बेटी है । 1 दिसंबर को वह कालेज जाने का कहकर निकली । शाम तक घर नहीं आने पर उसे पास - पड़ोस में तलाश किया गया । अगले दिन 2 दिसंबर को वह अपने पति के साथ न्यूटन पुलिस चौकी गई और बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराई । साथ ही गांव के ही शिवम नाम के युवक पर शक जताया । यह युवक भी उसी दिन से गांव में नहीं है , जिस दिन से युवती लापता है । युवती की मां ने .पुलिस को कुछ मोबइल नंबर भी दिए , जिससे बेटी का पता लगाने में मदद मिल सके । हालांकि यह भी बताया , कि उसकी बेटी के पास कोई मोबाइल नहीं है । वह घर से एक काले रंग का बेग लेकर गई थी । 20 दिनों बाद भी बेटी का पता नहीं चलने से माता - पिता और अन्य परिजन परेशान है । माँ को जो भी जानकारी इस सम्बन्ध में मिल रही है , वह पुलिस से साझा कर रही है , ताकि उसकी बेटी की जल्द से जल्द कोई खैर खबर मिल सके । इधर न्यूटन पुलिस युवती को तलाशने का भरसक प्रयास कर रही है ।

# वैक्सीन लगने से नवजात शिशु की मौत से सनसनी





*** बच्चे के परिजनों ने की जांच की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

भुआबिछिया के स्वामी विवेकानंद वार्ड क्रमांक 10 के निवासी किरण चौधरी के डेढ़ माह के बच्चे को वैक्सीन लगने से मौत हो गई, वही जानकारी के मुताबिक वैक्सीन लगने के बाद बच्चों का शरीर धीरे-धीरे नीला पड़ने लगा और बच्चे की मौत हो गई।

जानकारी अनुसार पुलिस थाना बिछिया अंतर्गत स्वामी विवेकानंद वार्ड नंबर 10 जंतीपुर के एक परिवार में एक नवजात शिशु को वैक्सीन लगने के बाद बुखार आया फिर कुछ समय के बाद उस बच्चे की मौत हो गई बच्चा 1 माह 26 दिन का बताया गया मासूम बालक की मौत हो गई कल ही इस मासूम को बीमारी से बचाने के लिए टीका लगाया गया था, देर रात बच्चे को बुखार आया अल सुबह 4 बजे जब बालक कोई हल चल किया तो बच्चे को परिजनो के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिछिया लाया गया जहां चिकित्सक ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया, बच्चे के परिजन को इंजेक्शन के बाद बुखार और फिर मौत के बाद की शंका पर पुलिस के द्वारा बच्चे का पोस्ट मार्टम करा के शव को परिजन को सौंप दिया गया है। बच्चे की माँ रितु चौधरी पिता किरण चौधरी का कहना है कि इस मामले की जांच होनी चाहिए और जो भी अधिकारी कर्मचारी दोषी हो उस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाये।

# हनुमना पुलिस ने अवैध नशीली कफ सिरप के साथ तीन आरोपी को किया गिरफ्तार

**मऊगंज।** जिले के हनुमना थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल काकड़े के नेतृत्व मे पुलिस स्टाफ ने अवैध नशीली कफ सिरप की तस्करी करते हुए तीन आरोपीयो को गिरफ्तार किया है घटना के संबंध मे बताया गया कि दिनांक 19.12.2025 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद रंग की टोयोटो कम्पनी की कार जिसका रजिस्ट्रेशन नम्बर **MP** 53 **ZF** 2001 है गाडी मे ड्राईवर सहित तीन व्यक्ति बैठे है उक्त कार के डिग्गी मे काफी मात्रा मे अवैध नशीली कफ सीरप रखकर बिक्री करने हेतु बड़कुड़ा बार्डर तरफ से हाईवे होते हुए मउगंज सीधी जाने वाले है ,उक्त कार जल्द ही मोटवा पहड़ी पर पहुचने वाली है । यदि तत्काल कार्यवाही की जाती है तो सफलता मिल सकती है वरना वह लोग कफ सीरप को खुर्द बुर्द कर देगे अथवा बेच देगे । मुखबिर की सूचना पर रवाना होकर मोटवा पहड़ी पर हमराह पुलिस स्टाफ एवं गवाहानो को घेराबंदी कर उक्त कार को पकड़ा गया जिसमे तीन व्यक्ति ड्राइवर सहित मिले । उक्त वाहन की तलासी लेने पर उक्त कार मे एक झोले मे 405000/- रुपये नगदी एवं कार की डिग्गी मे 35 शीशी अवैध मादक पदार्थ नशीली कफ सिरफ बरामद होने पर विधिवत कार्यवाही किया जाकर आरोपीयो को गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार किये गए आरोपी मेरविनन्दन तिवारी उर्फ रवि पिता राजकुमार तिवारी उम्र 24 वर्ष, दीपक तिवारी उर्फ दीपू पिता राकेश तिवारी उम्र 32 वर्ष,शिवम गौतम उर्फ मालिक पिता रमेश गौतम उम्र 20 वर्ष सभी निवासी सतोहरी थाना रामपुर नैकिन जिला सीधी (म.प्र.)आरोपियों के पास से 35 शीशी नशीली कफ सिरप जिसकी कीमत 6930/- रुपये एंव नगदी 405000/- रुपये और एक गैलन्जा कार कीमती 10 लाख रुपये जब्त की गई है।

# नाती ने दादा की पीट-पीट कर दी हत्या, ससुर और बहू पी रहे थे शराब, इसी दौरान हुआ था विवाद

**बिछिया थाना क्षेत्र के बदराव में हुई घटना, आरोपी मौके से फरार दिनदहाड़े वारदात से इलाके में सनसनी**



**रीवा।** जिले के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बदराव गांव में शनिवार दोपहर एक पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। यहां नाती ने अपने ही दादा की डंडे से हमला कर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया, जबकि पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, घटना शनिवार दोपहर करीब तीन बजे की है। मृतक की पहचान श्रीनिवास साकेत रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि श्रीनिवास साकेत बैंक से रुपये निकालकर घर लौटे और बाद में अपनी बहू के साथ बैठकर शराब का सेवन कर रहा था। इसी दौरान उनका नाती करण साकेत घर पहुंचा और अपनी मां से किसी बात को लेकर विवाद करने लगा। विवाद बढ़ता देख दादा श्रीनिवास साकेत ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया। इसी बात से नाराज होकर आरोपी करण साकेत ने पास में रखे डंडे से अपने दादा पर हमला कर दिया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आरोपी ने बुजुर्ग दादा पर लगातार वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें संभाल पाते, इससे पहले ही उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बिछिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को घटनास्थल पर मृतक की बहू नशे की हालत में मिली, जबकि आरोपी पुत्र फरार था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।दिनदहाड़े हुई इस वारदात से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला पारिवारिक विवाद का प्रतीत हो रहा है। सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**हरिभूमि न्यूजः कटनी।** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गढ़ौहा के पास रेलवे ट्रैक पर एक 20 वर्षीय युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान अंकित विश्वकर्मा 20 वर्ष निवासी ग्राम गढ़ौहा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अंकित विश्वकर्मा कटनी में काम करता था और घटना से एक दिन पहले ही अपने गांव लौटा था। बताया जा रहा है कि वह रात में घर नहीं पहुंचा, जिसके बाद परिजनों ने तलाश शुरू की। सुबह ग्रामीणों ने रेलवे ट्रैक पर उसका शव देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि युवक के कानों में हेडफोन लगे हुए थे। आशंका जताई जा रही है कि वह संगीत सुन रहा था या फोन पर बात कर रहा था, जिसके चलते उसे ट्रेन की आवाज सुनाई नहीं दी और वह ट्रेन की चपेट में आ गया।

# जिला जेल में देर रात खूनी संघर्ष, हालत गंभीर होने पर ग्वालियर रेफर

**छतरपुर। जिला जेल छतरपुर पिछले कुछ माह से कैदियों के बीच आपस में लड़ाई के लिए चर्चाओं में आ चुकी है। बीती रात 2 बजकर 15 मिनट के लगभग एक विचाराधीन कैदी लख्खू पिता शिवपाल राजपूत ने सोते समय सजायाफ्ता कैदी हाकिम पिता देबी सिंह के सिर पर पत्थर से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे हाकिम सिंह लहूलूहान हो गया और उसे रात में ही जिला अस्पताल लाया गया, लेकिन कैदी की हालत गंभीर होने पर ग्वालियर रेफर कर दिया गया। इन दोनों कैदियों की बीच में जेल के बाहर से ही विवाद चल रहा था।**




सूत्रों ने बताया कि हत्या के मामले में विचाराधीन कैदी लख्खू राजपूत ने कई बार जेलर को आगाह भी किया था कि हम दोनों को अलग अलग बैरिकों में रखा जाए। एक ही बैरिक में दोनो को रखने से कभी भी कोई घटना घटित हो सकती है, लेकिन जेल प्रशासन ने विचाराधीन कैदी लख्खू राजपूत की इस बात की अनसुनी कर दी और जिसका गंभीर परिणाम सामने आ गया।

**आरोपी लख्खू ने पहले ही जेलर से कहा था कि मुझे इसके साथ मत रखो, मैं इसके कारण ही जेल काट रहा हूं, यह मेरा विरोधी है ये मुझे या मैं उसे मार दूंगा फिर भी जेल प्रबंधन द्वारा कोई एक्शन नहीं लिया गया, नतीजा खूनी संघर्ष**

पहले दोनो को बैरिक नम्बर 09 में रखा गया था फिर एक कैदी को बैरिक नम्बर 10 में कर दिया गया। लेकिन कुछ समय बाद ही दोनो को एक ही बैरिक में शिफ्ट कर दिया गया। जिससे बाहर की रंजिश के चलते दोनो एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए। यह दोनो कैदी लवकुशनगर क्षेत्र के रहने वाले बताये जा रहे है। जानकारी के अनुसार विचाराधीन कैदी लख्खू राजपूत पिछले कई दिनों से हमला करने के लिए घात लगाए था इसलिए उसने चोरी से अपने विस्तर पर एक पत्थर छिपा कर रखा था और रात को जैसे ही हाकिम सिंह गहरी नींद में सो गया तभी लख्खू राजपूत ने उसके सिर पर पत्थर से जानलेवा हमला कर दिया। इस पूरे मामले में जेल प्रबंधन कि कार्यशैली पर सवाल उठ रहा है। आजीवन कारावास की सजा वाले अपराधी को तत्काल सेंट्रल जेल सतना भेजने को प्रावधान है लेकिन जेल प्रबंधन ने आजीवन कारावास वाले कैदियों को सेंट्रल जेल सतना ना भेजकर कई दिनों तक जिला जेल में ही रखा गया। सुनने में आया कि जैसे ही यह घटना घटित हुई, तो आनन फानन में आज ही आजीवन कारावास वाले कैदियों को सेंट्रल जेल सतना भेजने के लिए गार्ड काट दी गई।

## ड्रग इंस्पेक्टर की छापेमारी में धराए पेशेवर डोनर, रिपोर्ट दर्ज

**सतना।** सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल में इंसानियत को शर्मसार करने वाला और मासूमों की जिंदगी से खिलवाड़ करने वाला एक बड़ा मामला सामने आया है। अस्पताल में एचआईवी संक्रमित बच्चों के लिए चल रहे ब्लड डोनेशन कैंप के बीच 'प्रोफेशनल ब्लड डोनर्स' और दलालों का गिरोह सक्रिय पाया गया। औषधि निरीक्षक प्रियंका कुमारी चौबे की तत्परता से पुलिस ने दो आरोपियों को रंगे हाथों दबोच लिया है। जिला अस्पताल में 16 दिसंबर से एचआईवी पॉजिटिव बच्चों के लिए ब्लड डोनेशन की जांच प्रक्रिया चल रही थी।

गणेश नगर कछपुरा में संगीतमय भागवत कथा का भव्य आयोजन

# श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से मिलती है मुक्ति : सुरेंद्र शास्त्री



हरिभूमि, जबलपुर। श्रीमद् भागवत कथा परम कल्याणकारी एवं मोक्षदायिनी है। इसके श्रद्धापूर्वक श्रवण मात्र से मनुष्य के समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं और उसे मुक्ति की प्राप्ति होती है। श्रीमद् भागवत साक्षात भगवान श्रीकृष्ण की वाङ्मयी मूर्ति है, जिसका दर्शन स्वयं श्रीकृष्ण के दर्शन के समान फलदायी माना गया है। यह विचार पं. सुरेंद्र कृष्णा शास्त्री महाराज ने गणेश नगर कछपुरा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान व्यासपीठ से व्यक्त किए। पं. सुरेंद्र शास्त्री शिव मंदिर कचनार सिटी (बड़े शंकर जी) विजय नगर के मुख्य आचार्य एवं मां दक्षिणेश्वरी धाम के संस्थापक हैं।

### भागवत कथा का अलौकिक महत्व

शास्त्री जी महाराज ने कहा कि भागवत कथा का रसपान करने के लिए देवता भी सदैव लालायित रहते हैं। किंतु वही व्यक्ति भगवान की इस अनुपम कथा को सहज रूप से सुन पाता है, जिसके जन्म-जन्मांतरों के पुण्यों का उदय हो चुका होता है। भागवत कथा मानव जीवन को भवसागर से पार लगाने वाली दिव्य नौका के समान है।

### व्यासपीठ पूजन व स्वागत

कथा के शुभारंभ पर व्यासपीठ पूजन एवं शास्त्री जी महाराज का पारंपरिक स्वागत मुख्य यजमान निशा वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### वैदिक मंत्रोच्चार से हुआ पूजन

पूजन-अर्चन का कार्य आचार्य अमित उपाध्याय एवं संजय उपाध्याय ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत संपन्न कराया। वातावरण भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत रहा।

### संगीतमय भजनों ने बांधा समां

कथा के दौरान प्रस्तुत किए गए भजनों ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। भजन गायन की प्रस्तुति शिवा विश्वकर्मा एवं शरद तिवारी ने दी, जिनकी मधुर वाणी पर श्रद्धालु झूम उठे।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर संतोष श्रीवास्तव, मुकेश श्रीवास्तव, सौरभ नेहा श्रीवास्तव, विपुल राखी श्रीवास्तव, आकाश शिखा श्रीवास्तव, प्रीति श्रीवास्तव सहित अनेक भक्तजन उपस्थित रहे और कथा श्रवण का पुण्य लाभ प्राप्त किया।



# सर्वधर्म मैत्री मंच ने शुरु की क्रिसमस आयोजनों की श्रृंखला

जबलपुर। सर्वधर्म मैत्री मंच द्वारा संत अलायसियस स्वशासी महाविद्यालय में क्रिसमस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं प्रार्थना नृत्य प्रस्तुति से किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं प्रतीक चिन्हों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में सभी धर्म ग्रंथों से पवित्र वचनों का पाठ किया गया। इसके उपरांत संत जोसेफ कॉन्वेंट सदर के विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक गीतों की प्रस्तुति दी गई। साथ ही संत अलॉयसियस इंजीनियरिंग कॉलेज गौर के विद्यार्थियों द्वारा भी प्रभू ईशा के जन्म की घटना को नाट्य रूप में प्रस्तुत किया गया। श्रद्धेय फा. जार्ज थॉमस ने अपने क्रिसमस संदेश में कहा कि क्रिसमस प्रेम, शांति और भाईचारे का पर्व है। आज समाज में प्रत्येक व्यक्ति को आवश्यकता है कि वह अपने हृदय में पुनः मानवीय मूल्यों को बढ़ावा दे। यही क्रिसमस का मूल आनंद है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक रोहाणी विधायक केंट ने भी अपने संदेश से लोगों में आपसी प्रेम और एकजुटता की भावना पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. राजेश कुमार वर्मा, कुलपति रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर की उपस्थिति रही। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फा. जे. बेन एंटोन रोस के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पूर्व बिशप जेराल्ड अलमेडा, फा. डेविस जॉर्ज, सिस्टर नव्या मैथ्यू की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में संत अलॉयसियस महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सुंदर क्रिसमस गीतों को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. मंजू मारिया सोलोमन एवं टीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन एस शशि कला एवं एबेल वर्गीज ने तथा धन्यवाद ज्ञापन एनोश फिलिप्स ने किया।

# जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज की ग्रैंड एल्यूमिनि मीट 2025 आयोजित



जबलपुर। जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज में 20 दिसंबर 2025 को ग्रैंड एल्यूमिनियम मीट 2025 का भव्य आयोजन JEC के जश्न हॉल में किया गया। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में बैच 2003 से 2007 के पूर्व छात्रों ने भाग लिया। देश-विदेश और भारत के विभिन्न शहरों से पधारे इन प्रतिभागियों ने इस मीट में हिस्सा लेकर कॉलेज के साथ अपने जुड़ाव को फिर से ताज़ा किया और अपने अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर वीरेंद्र कुमार, तकनीकी संचालक, भोपाल ने की। मुख्य अतिथि डॉक्टर मनीष चौबे (पूर्व प्राचार्य) ने कार्यक्रम को संबोधित किया। उनके साथ डॉक्टर एमपी पांडेय एवं अन्य सेवानिवृत्त एवं निवर्तमान सम्मानित वरिष्ठ प्राध्यापकगण भी मौजूद रहे और उन्होंने अपने पुराने एवं वर्तमान अनुभव साझा किए। विशेष अतिथि के रूप में डॉक्टर राजीव चांडक (वर्तमान प्राचार्य) उपस्थित रहे। इस अवसर पर छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए। कॉलेज के विकास में अपने सुझाव दिए और वर्तमान छात्रों के साथ संवाद किया। छात्रों द्वारा अपने पूर्व के डिपार्टमेंट, क्लासरूम्स, लैब्स, वर्कशॉप्स, हॉस्टल, कैंटीन, लाइब्रेरी और प्लेग्राउंड्स आदि का भ्रमण करके अपने कॉलेज लाइफ की यादों को फिर से ताज़ा किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में वर्तमान छात्रों में गुरमीत ओबेरॉय और टीम और पूर्व छात्रों, विशेषकर नेहा गुप्ता, प्रशांत दत्ता, मनीष दहिया, अशुतोष बिलठरिया, डॉ. सुनील पटेल आदि का विशेष योगदान रहा। इस कार्यक्रम को कलरहोम, केसी लक्ष्मीनरसिम्हम, लैंडमार्क डेवलपर्स, ईज़ी ट्रेडिंग के प्रायोजन सहयोग से और भी शानदार बनाया गया।

## हिंदुत्व के संरक्षण संवर्धन से होगी मानवता की रक्षा

जबलपुर। "हिंदू एक मानव धर्म है। सर्वे "भवन्तु सुखिनः सर्वे संतु निरामयाः" बाली सनातन संस्कृति न केवल मानव, बल्कि जीवमात्र के कल्याण की कामना करती है। अतः सनातन धर्म और सनातन संस्कृति के संरक्षण संवर्धन से ही मानवता की रक्षा होगी। इसके लिए दुनिया भर के सनातनियों को संगठित होना पड़ेगा। मंच के कार्यकर्ता इसके लिए कृत संकल्पित हों।" उक्त उद्गार भारत रक्षा मंच के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री महावीर ने जबलपुर में कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक में व्यक्त किए। इस अवसर पर राष्ट्रीय मंत्री डॉ. एच.पी. तिवारी, महाकौशल प्रांत सह संगठन मंत्री जीवेश पांडे, मेजर दिलीप अवस्थी, सूबेदार नरेंद्र कुमार मिश्रा, सचिन अवस्थी, केके शुक्ला, रामायण प्रसाद चौबे, डॉ. सचिन बुधौलिया, डॉ. लोकेंद्र सिंह, राम शंकर शुक्ला, आशुतोष तिवारी, सुनील जैन, संदेश महाराज, इंद्रपुरी गोस्वामी, संतोष दुबे, एमएल शर्मा, सतीश दुबे, राजेंद्र तिवारी, महेश स्थापक, विनीता मिश्रा, सुमन शर्मा, पूजा तिवारी, रागिनी पटेल, शालिनी पटेल व डॉ. मधु अवस्थी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# तिब्बतियों ने शहर में मनाया संत दलाईलामा नोबेल शांति पुरस्कार-सह-मानवाधिकार दिवस



जबलपुर। जबलपुर में पवन पावन 14वें दलाई लामा को प्रदान किए गए नोबेल शांति पुरस्कार की 36वीं वर्षगांठ तथा 77वां अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। यह वर्ष विशेष रूप से महत्वपूर्ण रहा, क्योंकि परम पावन का 90वां जन्म वर्ष कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।

यह कार्यक्रम जबलपुर के तिब्बती ल्हासा मार्केट स्थित तिब्बती समुदाय द्वारा आयोजित किया गया। आयोजन के दौरान परम पावन दलाई लामा के शांति, करुणा औ अहिंसा के संदेश को स्मरण किया जाता है। इस अवसर पर सांस्कृतिक, नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें शांति और एकता का संदेश दिया गया।

करुणा वर्ष को चिन्हित करते हुए करुणा और सभी जीवों के प्रति दया के प्रतिस्वरूप पक्षियों को पिंजड़े से मुक्त किया गया। इसके साथ ही आम नागरिकों को मिठाइयों का वितरण कर खुशियां और सद्भाव साझा किया गया। कार्यक्रम का समापन मानवीय मूल्यों, अहिंसा और शांतिपूर्ण सहअस्तित्व के संकल्प के साथ किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहीद स्मारक प्रबंधक श्री टहनगुरिया एवं त्रिवेणी महिला परिषद जबलपुर की महिला इकाई थे। 18 दिसम्बर 2025 को शहीद स्मारक रंगमंच पर सांस्कृतिक नृत्य संपन्न हुआ।

इस अवसर पर गरीब, यतीम, बेसहारा लोगों को शीतकालीन वस्त्र बांटे गए, फुटपाथ पर सो रहे गरीब एवं धार्मिक स्थलों पर गरीबों को गर्म कपड़े बांटे गए और आगे भी संस्था द्वारा गरीबों की मदद की जाएगी। आयोजन में तेनजिग बामदी डोलकर, जयसिन सोनम आदि उपस्थित रहे।

# 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 23 से

जबलपुर। 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025-26 कलेक्टर जबलपुर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता एवं स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत जबलपुर में दिनांक 23.12.2025 से 28.12.2025 तक खो-खो 19 वर्ष बालक/ बालिका एवं बॉस्केटबॉल 14 वर्ष बालक की राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। इन प्रतियोगिताओं में खो-खो एवं बॉस्केटबॉल के सफल आयोजन का दायित्व संयुक्त संचालक लोकशिक्षण जबलपुर संभाग जबलपुर को सौंपा गया है। उक्त प्रतियोगिता का उद्घाटन एवं समापन कार्यक्रम दिल्ली पब्लिक स्कूल मण्डला रोड जबलपुर में किया जाना है। अध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह (आई.ए.एस.) कलेक्टर जिला जबलपुर, संगठन सचिव अरुण कुमार इन्गले, संयुक्त संचालक लोकशिक्षण, जबलपुर नोडल अधिकारी घनश्याम सोनी, जिला शिक्षा अधिकारी, जबलपुर होंगे। प्रतियोगिता में खो-खो खेल हेतु 328 बालक 316 बालिका एवं 140 ऑफिशियल्स तथा बास्केटबॉल में 366 बालक खिलाड़ी 68 ऑफिशियल्स इस प्रकार दोनों खेलों के कुल 1010 प्रतिभागी एवं 206 ऑफिशियल्स कुल 1216 प्रतिभागी/ ऑफिशियल्स भाग ले रहे हैं। इन प्रतिभागियों की आवास, परिवहन एवं खेल मैदानों की व्यवस्था की गई है।




# संत गाडगे महाराज की पुण्यतिथि पर किया कम्बलों व मिष्ठान का वितरण



जबलपुर। युवा रजक समाज सेवा समिति द्वारा स्वच्छता के जनक संत गाडगे महाराज की 69वीं पुण्यतिथि पर स्वच्छता कर्मचारियों को गर्म कंबल एवं मिष्ठान्न खिलाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नु रहे एवं रजक समाज के वरिष्ठजन एवं युवा रजक समाज की पूरी टीम रही। नगर संरक्षक राजकुमार रजक, नगर संयोजक विवेक रजक, नगर अध्यक्ष निशुतोस मालवीय, एडवोकेट दयाराम रजक, भगवत प्रसाद रजक, कल्लू बाबा, प्रहलाद रजक, संजय रजक, राहुल रजक, जय सिंह रजक, प्रेमलता रजक, गौरव रजक, राजेंद्र रजक, सुशील रजक, एडवोकेट संजय मालवीय आदि उपस्थित रहे।

# नवम स्वरांजलि संगीत समारोह आज

जबलपुर। आंचलिक परिषद लोककला संगठन द्वारा डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, डॉ. बैजनाथ गौतम, पं. रुद्रदत्त दुबे के आतिथ्य में संस्कारधानी के सभी स्वर्गीय कलाकारों को समर्पित नवम स्वरांजलि समारोह ग्राम आगासौद में 21 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे से आयोजित है। संयोजक मदन दाहिया, जितेन्द्र तिवारी ने अनुरागियों से उपस्थिति का अनुरोध किया है।

72वीं जिला एमेच्योर बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता

# अब्बासी हेल्थ क्लब के खिलाड़ियों ने जीते 15 पदक



जबलपुर। जिला एमेच्योर बॉडीबिल्डिंग संघ द्वारा आयोजित 72वीं जिला एमेच्योर बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता सिटी बंगाली क्लब हॉल में आयोजित हुई, जहां जिले भर की व्यायाम शालाओं, हेल्थ क्लबों के बॉडीबिल्डरों ने विभिन्न खिताबों की स्पर्धा में भाग लिया। गोहलपुर स्थित अब्बासी हेल्थ क्लब के गोल्डी अब्बासी के मार्गदर्शन में अभ्यासरत खिलाड़ियों ने 06 स्वर्ण, 03 रजत, 06 कांस्य पदक कुल 15 पदक अर्जित किए। जबलपुर उदय में दानिश आफतालब ने स्वर्ण, जबलपुर कुमार में ऋषभ भारद्वाज ने स्वर्ण, मोहम्मद वारिस ने कांस्य, शकील कुरैशी ने स्वर्ण, मोहम्मद इरशाद ने कांस्य, मोहम्मद जमीर ने स्वर्ण पदक अर्जित किए। जबलपुरश्री में मो. आसिफ ने कांस्य, मो. रजा ने रजत, मो. इमरान ने स्वर्ण, मो. मुबीन ने रजत, मो. परवेज ने कांस्य, जबलपुर केशरी में मो. कदीर ने कांस्य, फैजुलहक ने कांस्य पदक अर्जित किए। खिलाड़ियों की सफलता पर डॉ. राकेश तिवारी, शकील अनवर, सचिन यादव, शहबाज रहमानी ने हर्ष व्यक्त किया है।

# आज नजर आ सकता है माहे रज्जब का चाँद



जबलपुर। मुफ्ती-ए-आज़म मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना डॉक्टर मुशाहिद रज़ा क़ादरी बुरहानी के अनुसार 21 दिसंबर इतवार मुताबिक़ 29 जमादी-उल-आखिर को माहे रज्जब का चाँद नज़र आने की उम्मीद है। लिहाजा आज शाम मगरिब के वक़्त चाँद देखन की पूरी कोशिश करें। चाँद नज़र आने पर तुरंत मौलाना साहब के मोबाइल नंबर 93022 56729 पर सूचना दें, ताकि राब्ता कायम कर चाँद ऐलान किया जा सके।

# स्वामी श्रद्धानंद के 99वें बलिदान दिवस पर कार्यक्रम आज



जबलपुर। शुद्धि आंदोलन के प्रणेता, गुरुकुल कांगड़ी के संस्थापक और प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वामी श्रद्धानंद के 99वें बलिदान दिवस के अवसर पर आर्य समाज गोरखपुर के तत्वावधान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन आज रविवार 21 दिसम्बर को आर्य समाज दयानंद भवन में किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुरुकुल मंडला के आचार्य भीमदेव जी होंगे। कार्यक्रम में प्रातः 8 बजे से यज्ञ, 9 बजे से भजन प्रवचन सत्र और 12 बजे से ऋषि लंगर आयोजित किया जाएगा। अन्य वक्ता के रूप में पुरोहित सतेंद्र शास्त्री और पुरोहित धीरेन्द्र पांडे उपस्थित रहेंगे। राजेंद्र पटेल, गणेश नेमा, श्रीमती कुसुम जिंदल, श्रीमती सुनीता हांडा आदि ने उपस्थिति का आग्रह किया है।

# महिला से अभद्र व्यवहार पर मंडी मदार टेकरी में नीतीश कुमार का पुतला फूंका



जबलपुर। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा एक मुस्लिम महिला के हिजाब के साथ छेड़छाड़ की गयी, एक मुस्लिम महिला के लिए हिजाब उसकी इज़्ज़त आबरू से बढ़कर है जिसे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा बिना इजाज़त के चेहरे से हिजाब हटाने का दस्तूरी हुकूक पर खुला हमला किया है, जो बहुत ही निंदनीय और नारी सम्मान के लिए शर्मनाक है जो कि अपराध है जिसे देश की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। हमारे देश की किसी को भी महिला के साथ इस तरह का व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जायेगा जिसको लेकर AIMIM ने मंडी मदर टेकरी में बिहार के मुख्यमंत्री का पुतला फूँका है। मध्य प्रदेश जबलपुर AIMIM पार्टी इस तरीके की हरकत किसी भी महिला के साथ बर्दाश्त नहीं करेगी। हमारी मांग है कि मुख्यमंत्री अपने पद से इस्तीफ़ा दें अन्यथा AIMIM Party उग्र आंदोलन करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मोहसिन अली ख़ान, जिला अध्यक्ष जावेद अमान, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सैय्यद सारिक अली, पार्षद शमा मो. मतीन, वार्ड अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद गौरी, तंजील खान, अरमान नूरी, सिंबू भाई, साजिद ओवैसी, फाजिल ख़ान, सोहैब अंसारी, महफ़ूज़, सरफ़राज़ बबला, शोएब पहलवान, ज़ीशान पहलवान, इक़राम, ज़ाहिद, राशिद उपस्थित रहे।






क्रिसमस स्पेशल

सदियों से मनाया जा रहा प्रभु यीशु के जन्मोत्सव को समर्पित क्रिसमस का पर्व, अब किसी एक क्षेत्र या वर्ग का नहीं ग्लोबल फेस्टिवल बन चुका है। वैश्विक प्रेरणाओं, मानवीय मूल्यों और व्यक्तिगत संवेदनाओं के संगम से आज का क्रिसमस हमें यह सोचने का अवसर देता है कि हम सिर्फ उत्सव न मनाएं बल्कि उत्सव बन जाएं। यही इस दौर के क्रिसमस की सबसे बड़ी और सबसे सकारात्मक उपलब्धि है।

{ कवर स्टोरी / आर. सी. शर्मा }

# खुशी-उल्लास-उमंग का ग्लोबल फेस्टिवल क्रिसमस

क्रिसमस एक ऐसा पर्व है जो एक समय तक धार्मिक उत्सव के रूप में मनाया जाता था, लेकिन आज इक्कीसवीं सदी में यह वैश्विक संवेदना, मानवीय एकजुटता और सामूहिक खुशी का प्रतीक बन चुका है। बदलती तकनीक, तेज रफ्तार जीवनशैली, वैश्वीकरण और सामाजिक विविधताओं के बीच भी क्रिसमस का रोमांच कम नहीं हुआ बल्कि कई अर्थों में और गहरा हुआ है।

## परंपरा-आधुनिकता का संगम

आज के दौर में क्रिसमस सिर्फ चर्च की घंटियों, कैरोल्स गाने या क्रिसमस ट्री सजाने तक सीमित नहीं है बल्कि यह एक ऐसा अवसर बन चुका है, जहां परंपरा और आधुनिकता एक-दूसरे में घुल-मिल जाती हैं। सोशल मीडिया पर फैली रोशनियां, डिजिटल ग्रीटिंग्स, वर्चुअल पार्टियां और ऑनलाइन गिफ्टिंग, इन सबने क्रिसमस को एक नए स्वरूप से सजा दिया है। जहां पहले क्रिसमस का अनुभव स्थानीय समुदाय तक सीमित रहता था, वहीं आज यह एक ग्लोबल इवेंट बन गया है। न्यूयॉर्क की सड़कों से लेकर टोक्यो, मुंबई और नैरोबी तक हर जगह क्रिसमस की सजावट, संगीत और उल्लास एक साझा भाव पैदा करता है।

## खुशियों का नया एहसास

हाल के दशकों में क्रिसमस को लेकर हमारी भावनाओं में निश्चित ही बदलाव आया है। आधुनिक जीवन में तनाव, प्रतिस्पर्धा और अकेलापन बढ़ा है। ऐसे में क्रिसमस एक भावनात्मक विराम की तरह आता है, जहां लोग रुककर रिश्तों, यादों और मानवीय जुड़ाव को महत्व देते हैं। आज की खुशियां सिर्फ उपहारों तक सीमित नहीं रहीं। मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक सुरक्षा और साथ होने की अनुभूति अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। क्रिसमस के समय परिवार या दोस्तों के साथ बैठकर खाना खाना, पुरानी यादें साझा करना या किसी जरूरतमंद की मदद करना, इन सबमें एक गहरी संतुष्टि छिपी है। यानी खुशी की मात्रा नहीं, लेकिन उसकी गुणवत्ता बदली है। यह अधिक संवेदनशील और अधिक मानवीय हुई है।

## करुणा-साझेदारी की प्रेरणा

इक्कीसवीं सदी का क्रिसमस हमें कुछ बेहद महत्वपूर्ण वैश्विक प्रेरणाएं देता है। आज क्रिसमस के साथ चैरिटी, फूड ड्राइव्स, शेल्टर होम्स और ऑनलाइन फंड रेजिंग जुड़ चुके हैं। लोग यह समझने लगे हैं कि सच्चा उत्सव तभी है, जब खुशियां दूसरों के संग बांटी जाएं। क्रिसमस अब सिर्फ ईसाइयों का पर्व नहीं रह गया। गैर-ईसाई समाज भी इसे एक मानवीय और सांस्कृतिक उत्सव के रूप में मनाता है, जो विविधता में एकता का संदेश देता है। युद्ध, संघर्ष और अस्थिरता के वर्तमान दौर में क्रिसमस का 'पीस ऑन अर्थ' वाला विचार, पहले से ज्यादा प्रासंगिक हो गया है। यह हमें याद दिलाता है कि शांति कोई अमूर्त सपना नहीं बल्कि रोजमर्रा के छोटे व्यवहारों से भी संभव है।



## महत्वपूर्ण है अर्थपूर्ण उत्सव

यह सच है कि आधुनिक क्रिसमस में बाजार का प्रभाव बढ़ा है- सेल्स, ऑफर्स और ब्रांडिंग हर जगह दिखती है। लेकिन इसके समानांतर एक नई सोच भी उभर रही है, मिनिमल और अर्थपूर्ण क्रिसमस। आज कई लोग 'कम खरीदो, बेहतर जियो' के विचार के साथ क्रिसमस मना रहे हैं। हैंडमेड गिफ्ट्स, अनुभव आधारित उपहार (जैसे समय देना, साथ घूमना) और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार सजावट। ये बदलाव बताते हैं कि खुशी की अतिरिक्त परतें दिखावे से नहीं, सार्थकता से आती हैं।

### क्रिसमस मनाने के ऐतिहासिक-धार्मिक संदर्भ

**क्रिसमस ईसाई** धर्म का सबसे बड़ा पर्व है, जिसे यीशु मसीह के जन्म की स्मृति में मनाया जाता है। ईसाई मान्यता के अनुसार यीशु का जन्म मानवता को पाप, हिंसा और अन्याय से मुक्ति दिलाने के लिए हुआ था। बाइबिल की कथा के अनुसार, यीशु का जन्म बेथलेहम में एक गौशाला में हुआ, जहां उनकी माता मरियम ने उन्हें जन्म दिया और यूसुफ उनके संरक्षक थे। यह कथा ईसाई धर्म में विनम्रता, त्याग और करुणा का मूल प्रतीक मानी जाती है। 25 दिसंबर को क्रिसमस मनाने की परंपरा यीशु के जन्मदिन से जुड़ी है। इतिहासकारों के अनुसार चौथी शताब्दी में रोमन साम्राज्य ने 25 दिसंबर को यीशु के जन्म दिवस के रूप में स्वीकार किया। इसका एक कारण यह भी था कि इसी समय रोम में 'सैटर्नेलिया' और 'सोल इन्विक्टस' जैसे सूर्य-उत्सव मनाए जाते थे। ईसाई धर्म के प्रसार के दौरान इन लोकप्रिय पर्वों को एक नए धार्मिक अर्थ के साथ जोड़ा गया, जिससे क्रिसमस व्यापक रूप से स्वीकार्य हो सका।

धार्मिक दृष्टि से क्रिसमस सिर्फ जन्मोत्सव नहीं बल्कि ईश्वर के प्रेम के अवतरण का प्रतीक है। ईसाई आस्था के अनुसार यीशु 'ईश्वर के पुत्र' हैं, जो मानव रूप में धरती पर आए ताकि प्रेम, क्षमा और दया का संदेश दे सकें। इसी कारण क्रिसमस के दौरान चर्चों में विशेष प्रार्थनाएं, मध्यरात्रि मिस्सा, कैरोल गायन और बाइबिल पाठ किए जाते हैं।



### क्रिसमस सेलिब्रेशन से जुड़ी परंपराएं

क्रिसमस को पारंपरिक रूप से एक धार्मिक, पारिवारिक और सामुदायिक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। इसकी तैयारियां एडवेंट काल से शुरू होती हैं, जो क्रिसमस से लगभग चार सप्ताह पहले आता है। इस दौरान लोग आत्मचिंतन, प्रार्थना और संयम पर ध्यान देते हैं। कई परिवार, घरों में एडवेंट कैंडल जलाते हैं, जो आशा और प्रकाश का प्रतीक मानी जाती है। घरों और चर्चों की सजावट, क्रिसमस की सबसे प्रमुख परंपरा है। क्रिसमस-ट्री सजाना भी इसका प्रमुख अंग है, जिसे रोशनी, सितारों, घंटियों और सजावटी गेंदों से सजाया जाता है। ट्री के ऊपर लगाया जाने वाला तारा बेथलेहम के उस तारे का प्रतीक है, जिसने तीन ज्ञानी पुरुषों को यीशु के जन्मस्थल तक पहुंचाया था। साथ ही कई स्थलों पर नैटिविटी सीन (यीशु के जन्म का दृश्य) लगाया जाता है। क्रिसमस ईव (24 दिसंबर की रात) को चर्चों में मिडनाइट मास होती है, जिसमें प्रार्थना, बाइबिल पाठ और सामूहिक कैरोल्स गाए जाते हैं। क्रिसमस के दिन परिवार और मित्र एक साथ मिलते हैं, विशेष भोज का आयोजन होता है और एक-दूसरे को उपहार दिए जाते हैं। बच्चों के लिए सांता क्लॉज की परिकल्पना खास आकर्षण होती है, जो उदारता और खुशी बांटने का प्रतीक है।

## सकारात्मक प्रेरणाओं का उत्स

आज के संदर्भ में क्रिसमस हमें तीन सबसे सकारात्मक बातें सिखाता है।

**उम्मीद:** चाहे दुनिया कितनी भी अनिश्चित क्यों न हो, क्रिसमस उम्मीद का पर्व है। यह नए सिरे से शुरू करने की प्रेरणा देता है।

**रिश्तों की प्राथमिकता:** यह पर्व याद दिलाता है कि जीवन की असली पूंजी हमारे संबंध हैं, न कि भौतिक उपलब्धियां।

**मानवीय गरिमा:** क्रिसमस का मूल संदेश- प्रेम, क्षमा और करुणा, आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना सदियों पहले था। कहने का सार यही है कि इक्कीसवीं सदी में क्रिसमस फेस्टिवल का रोमांच बाहरी चमक से ज्यादा आंतरिक अर्थ में बसता है। हमारी खुशियां शायद अधिक सजावटी नहीं हुईं, लेकिन अधिक सजग जरूर हुई हैं। *

{ अमेजिंग / शिखर चंद जैन }

# दुनिया के सबसे अनूठे क्रिसमस-ट्री

क्रिसमस के अवसर पर दुनिया भर में बेशुमार क्रिसमस ट्री सजाए जाते हैं। लेकिन कुछ क्रिसमस ट्री इतने अनूठे तरीके से सजाए जाते हैं कि उनकी भव्यता देखते ही बनती है। यहां हम आपको दुनिया के कुछ ऐसे ही अमेजिंग क्रिसमस ट्री के बारे में बता रहे हैं।



क्रिसमस का उत्सव क्रिसमस-ट्री के बिना अधूरा है। वैसे तो क्रिसमस-ट्री वास्तव में पाइन, डगलस, बालसम या फर का पेड़ होता है। ये पेड़ सदा हरे-भरे रहते हैं इसलिए इन्हें सजावट के लिए चुना जाता है। लेकिन दुनिया भर में अलग-अलग चीजों के उपयोग से एक से बढ़कर एक कृत्रिम क्रिसमस-ट्री भी खूब बनाए और सजाए जाते हैं। आइए जानते हैं कुछ अनूठे क्रिसमस-ट्री के बारे में।

**टंबलवीड ट्री यूएसए:** चांडलर, संयुक्त राज्य अमेरिका के एरिजोना राज्य में मैरिकोपा काउंटी में स्थित एक शहर और फीनिक्स का एक उपनगर है। यह तकनीक और नवाचार का एक प्रमुख केंद्र है। यहां टंबलवीड-ट्री नामक प्रसिद्ध क्रिसमस-ट्री है, जिसे हर साल एक खास परंपरा के तहत बनाया जाता है। 1957 से चली आ रही इस परंपरा में हजारों टंबलवीड्स और रोशनी का उपयोग होता है। इसकी शुरुआत तब हुई, जब आग लगने से शहर की क्रिसमस की सजावट नष्ट हो गई थी। तब लोगों ने इस अनूठे पेड़ का इस्तेमाल किया था। यह पारंपरिक क्रिसमस-ट्री की तरह नहीं है, बल्कि सूखी झाड़ियों (टंबलवीड्स) को इकट्ठा करके बनाया जाता है। इसे बनाने के लिए लगभग 1,000 से अधिक टंबलवीड्स और 1,200 रंगीन बल्बों का उपयोग किया जाता है।



**बिग क्रिसमस-ट्री इटली:** यह दुनिया के सबसे अनूठे और सबसे ज्यादा लाइटों वाले क्रिसमस-ट्रीज में शामिल है। इटली के गुब्बीओ में माउंट इजिनो पर बना यह विशाल-ट्री 1981 से मौजूद है। यह दुनिया के सबसे बड़े क्रिसमस-ट्री के रूप में जाना जाता है, जिसे 1991 में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया था। यह माउंट इंगिनो की ढलान पर हजारों लाइटों और 7.5 किमी लंबे बिजली के तार से बना एक भव्य लाइट डेकोरेशन से बनता है, जो एक विशाल क्रिसमस-ट्री का आकार लेता है। इसकी ऊंचाई लगभग 750 मीटर और आधार पर चौड़ाई 450 मीटर होती है। इसे आमतौर पर 7 दिसंबर से 6 जनवरी तक सजाया जाता है। हर साल क्रिसमस के समय हजारों पर्यटक इसे देखने आते हैं।



**स्काई ट्री जापान:** क्रिसमस के अवसर पर जापान के टोक्यो में कई प्रसिद्ध क्रिसमस ट्री और लाइट-अप शोज डेकोरेट किए जाते हैं, जिनमें टोक्यो स्काई-ट्री का विशालकाय क्रिसमस-ट्री भी शामिल है। टोक्यो स्टेशन के मारुनोउची क्षेत्र के पास किट्टे बिल्डिंग के बाहर जापान का यह सबसे बड़ा क्रिसमस-ट्री सजाया जाता है। यह 14 मीटर ऊंचा है। इसे आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। यहां लगभग 500,000 बल्ब्स का शो आयोजित होता है, जो 'ट्विंकल थ्री स्टार्स' और अन्य लाइट-अप थीम के साथ प्रदर्शित किया जाता है। किट्टे बिल्डिंग टोक्यो में सबसे ऊंची इमारत है, जो इसका प्रतीक चिन्ह भी बन गया है। इनके निकट ही स्थित ग्योको-डोरी स्ट्रीट और नाका-डोरी स्ट्रीट को भी उत्सव की रोशनी से सजाया जाता है। इसके अतिरिक्त क्रिसमस के अवसर पर यहां के ओमोतेसांडो, रोपोंगी और ओडेबा जैसे कई क्षेत्रों में सुंदर लाइटिंग डिस्प्ले आयोजित किए जाते हैं।



**ओरिगामी क्रिसमस-ट्री यूएसए:** न्यूयॉर्क का वर्ल्ड फेमस ओरिगामी क्रिसमस-ट्री, किसी भी दूसरे क्रिसमस-ट्री से अलग है। यह अमेरिकन म्यूजियम ऑफ नेचुरल हिस्ट्री (एएमएनएच) में मौजूद है। यह लगभग 13 फीट लंबा पेड़, कागज से बने हुए जानवरों, जड़ी-बूटियों और अन्य आकृतियों से सजाया जाता है, जो ओरिगामी कलाकारों द्वारा बनाए जाते हैं। विभिन्न प्रकार के ओरिगामी रंगों में सजा यह पेड़ देखने में बहुत आकर्षक और बेहद रंगीन लगता है। *



### रॉकफेलर सेंटर क्रिसमस-ट्री यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका

रॉकफेलर सेंटर क्रिसमस-ट्री, 3 दिसंबर की शाम से ही आम लोगों के देखने के लिए अपनी सजधज के साथ रेडी हो जाता है। यह 75 फुट ऊंचा नॉर्वे स्प्रूस पेड़ है, जो ईस्ट ग्रीनबुश, न्यूयॉर्क से लाया गया है। इसे मैनहट्टन के मध्य में 30 रॉकफेलर प्लाजा में सजाया जाता है। यह 10 जनवरी तक देखने के लिए उपलब्ध रहता है। 2004 से स्थापित यह क्रिसमस ट्री 30,000 एलईडी लाइटों से रोशन होता है, जो सौर पैनलों से चलती हैं। 2007 से इस पर 550 पाउंड का स्वारोवस्की क्रिस्टल स्टार लगा हुआ है।

{ कविता / हेमधर शर्मा }

## कृतज्ञता और कृतघ्नता

जो देता है हम उसे देवता कहते हैं
फिर क्यों हरदम लेने की
इच्छा रखते हैं?
जड़ जिन्हें समझते हैं हम
पौधे-पेड़ सभी तो देते हैं
फिर याचक बनकर ही
खुश क्यों हम रहते हैं?
हो सकता है हों बुद्धिमान हम
दुनिया में सबसे ज्यादा
खुदगर्ज बनाए लेकिन जो
क्या बुद्धि उसी को कहते हैं?
लेता है कोई काम अगर
प्रतिदान नहीं देता है तो
अन्यायी उसे समझते हैं
फिर जड़-चेतन सबसे लेकर
मन में कृतज्ञ भी हो न सके
ऐसा कृतघ्न मानव बनकर
कैसे हम सब जी लेते हैं?

{ व्यंग्य / सूर्यकुमार पांडेय }

अपने यहां आजकल जो भी होता है, कैमरे के सामने ही होता है। इसकी एक चमक के आगे दुनिया की हर चमक-दमक फीकी है। कैमरा नहीं, तो शादी-ब्याह तक में भी किसी की कमर न लचके।

## कैमरों की चमकती चंचल चाहतें



अपने यहां आजकल जो भी होता है, कैमरे के सामने ही होता है। इसकी एक चमक के आगे दुनिया की हर चमक-दमक फीकी है। कैमरा नहीं, तो शादी-ब्याह तक में भी किसी की कमर न लचके। वह तो यह कैमरा ही है, जिसके आते ही तमाम बाराती नागिन हो जाते हैं और उनकी रूमाल से अपने आप ही बीन की धुनें निकलने लग जाती हैं। सोचता हूं, कहीं कल जंगल में मोर भी यह कहकर नाचने से इनकार न कर दें कि इधर कैमरे तो हैं ही नहीं। जब कोई फिल्म ही नहीं बना रहा, तो फिर जंगल में ऐसे नाच का आखिर फायदा भी क्या?

धरना, प्रदर्शन, अनशन, घेराव, रैली, भाषण, चुनाव, सबको कैमरे चाहिए। वह भी ऐसे-वैसे नहीं, समाचार चैनलों वाले। एक नहीं, अनेक। हर कोण से कवरेज जरूरी है। जिस काम को दुनिया न देखे, वह काम भी किस काम का? जिन्हें इन कैमरों से ज्यादा लगाव होता है, ऐसे साहसी लोग गुप्त कैमरों से भी भय नहीं खाते। यह जानते हुए कि जमाना स्टिंग ऑपरेशन का है और कभी भी धरे जा सकते हैं, वे तब भी अपना असली काम कर ही डालते हैं।

'आप कैमरे की नजर में हैं।' मैं जहां कहीं पर भी यह बोर्ड लगा देखता हूं, मुझे हंसी आने लगती है। ऐसे बोर्ड चोर को पकड़ने के लिए लगाए गए होते हैं कि उन्हें सहयोग करने के लिए कि यहां हरकत की, तो तू पकड़ा जा सकता है। जा, बिना कैमरे वाली जगह तलाश। मैं सोचता हूं, यदि चोर भी सीसीटीवी कैमरों से भयग्रस्त होकर अपना चौर्य-कर्म त्याग चुके होते, तो हम आए दिन चोरी की वारदात की खबरें पढ़ने, सुनने और देखने को तरस जाते। क्या पता, कैमरा उन्हें नया उत्साह देता हो। अब तो कैमरों को प्रोफेशनल फोटोग्राफरों की दरकार भी नहीं रही। सभी के हाथों में मोबाइल कैमरे हैं और सेल्फियों की चमकती हुई चंचल चाहतें। इसके एकनेत्री स्वरूप पर आज पूरा विश्व मोहित है। तभी तो, युद्ध हो या शांति, लोग अपनी आंखों से अधिक इन कैमरों की दिखलाई हुई चीजों पर विश्वास करने लगे हैं। *

{ लघुकथा / चंद्रप्रकाश डाले }

## उपेक्षा के आंसू


एआई इमेज

अस्पताल में चार दिनों से भर्ती सविता जी ने नर्स से पूछा, 'सिस्टर, मेरा बेटा आया था क्या?'

नर्स बोली, 'अरे माता जी, आप चार दिन से यही रट लगाए हैं कि बेटा आया है क्या, अरे आज तो आपकी छुट्टी होने वाली है।'

मां की आंखों में आंसू आ गए। रुंधे गले से बोलीं, 'मैं उसकी मां हूं ना। मैंने बड़ी तकलीफ, त्याग और तपस्या से उसको पाला है। इसलिए बार-बार उसके बारे में पूछती हूं। खैर, कोई बात नहीं।'

नर्स बोली, 'माता जी, बस आप तैयार हो जाइए, अस्पताल से छुट्टी मिल गई है, अब आपको घर जाना है, अपने बेटे के पास। आपके बिल वगैरह सब बन गए, उसका पेमेंट भी मिल चुका है।'

सविता ने फिर पूछा, 'मेरा बेटा लेने आया है क्या?'

'नहीं माता जी, ड्राइवर गाड़ी लेकर आया है।' नर्स ने बताया।

कुछ न कहकर, आंखों में आंसू छुपाते हुए सविता जी गाड़ी में बैठकर घर पहुंच गईं, लेकिन बेटे की उपेक्षा से खुद को थका हुआ और निराश महसूस कर रही थीं।

कुछ देर बाद ही बहू के मायके से फोन आया कि उसकी मां की तबियत खराब हो गई है। बहू ने तत्काल अपने पति को ऑफिस में फोन किया और बोली, 'आप तुरंत घर आ जाइए, मेरी मां की तबियत बहुत खराब है। और सुनो चार-पांच दिनों की छुट्टी भी ले लेना। मां को अस्पताल में भर्ती कराकर उनकी देखभाल के लिए वहां रुकना होगा।'

सासु मां की तबियत की खबर सुनकर सविता जी का बेटा तत्काल घर आ गया और जल्दी से तैयार होकर अपनी पत्नी के साथ ससुराल जाने लगा। दरवाजे से बाहर निकलते हुए जैसे उसे कुछ याद आया और वह पलटकर अपनी मां से बोला, 'मां, हम दोनों चार-पांच दिन के लिए जा रहे हैं। आप घर का ख्याल रखना।'

मां ने उन दोनों को जाते हुए देखा। मायूस होकर पास रखी कुर्सी पर बैठ गई। सोचने लगी, अस्पताल में भी वह अकेली थी, अब घर में भी अकेली है। साथ में थे तो सिर्फ आंसू। उपेक्षा से उपजे आंसू। *




{ पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण }

## अंतस को छूते गीत

वरिष्ठ साहित्यकार ओम निश्चल के गीतों का नया संग्रह 'तुम्हें मीर के एक मिसरे से छू लूं' हाल में छपकर आया है। आज के दौर में जब छंदमुक्त कविताओं की बाढ़ आई हुई है, ऐसे में अत्यंत कोमलता को खुद में समेटे हुए, रुई के फाहे-से ये गीत हमारी रूह को हौले से छू लेते हैं। इन गीतों में खास तौर पर प्रेम के अनेक रंग तो पैबस्त हैं ही, इनके साथ ही जीवन की विडंबनाएं, अलग-अलग ऋतुओं का सौंदर्य, खेती-किसानी, मिट्टी का सोंधापन, सांस्कृतिक नगरों की छटा, पारंपरिक पर्वों की आभा, ईश्वर के प्रति अहैतुक आस्था और कुछ अनकहे से रिश्तों की खुश्बू को भी शिद्दत से महसूस किया जा सकता है। गीतों के रचाव और शब्दों के चयन में ओम जी प्रयोगधर्मी रहे हैं, किसी भाषा को लेकर उनकी रचनात्मकता में कोई हठधर्मिता नहीं दिखती है। इसके साथ ही वे पढ़ने वाले के अंतस में भावनाओं का अप्रतिम प्रतिसंसार भी रचते चलते हैं। इसकी बानगी संग्रह के कई गीतों में देखी जा सकती है। अतीत में घटित प्रेम को बेहद मार्मिकता से वे शब्दों में पिरोते हुए कहते हैं, *'पलकें बोझिल और उनींदी रातें होती थीं/बरसों पहले तुमसे कितनी बातें होती थीं।'* तो कहीं जीवन की क्रूरता के समक्ष विवश मन कराह उठता है, *'प्रार्थना में फूल, मन में अर्घ्य देकर/लौट आए डबडबाई आंख लेकर।'* कहीं अपने आराध्य प्रभु की भक्ति में गीतकार का मन पुलकित होकर गा उठता है, *'दीप घर-घर जले हैं अवध में पिया/आज लौटे अयोध्या में रघुवर-सिया।'* तो कहीं प्राचीन नगर के सांस्कृतिक वैभव को देखकर वे अंतस के उल्लास को व्यक्त करने से रोक नहीं पाते, *'काशी के घाट निराले, रे भैया/काशी के घाट निराले।'* और प्रेम मिलन को व्यक्त करती ये पंक्तियां तो बेमिसाल हैं, *'पलकों को होठों की धड़कन से छू लूं/सुनाऊं गजल कोई गालिब की तुमको/तुम्हें मीर के एक मिसरे से छू लूं।'* *

पुस्तकः तुम्हें मीर के एक मिसरे से छू लूं (गीत-संग्रह), रचनाकारः ओम निश्चल, मूल्यः 300 रुपए, प्रकाशकः हिंदी अकादमी, दिल्ली

# एशेज: इंग्लैंड पर हार का खतरा, 435 के लक्ष्य का पीछा करते हुए 207 रन पर गंवाए 6 विकेट

एजेंसी ▶▶| एडिलेड

इंग्लैंड की एशेज में बने रहने की बेताब कोशिश को शनिवार को उस समय करारा झटका लगा जब नाथन लियोन ने एक के बाद एक तीन विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में जीत और श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने के करीब पहुंचा दिया।

इंग्लैंड की टीम जब 435 रन के रिकार्ड लक्ष्य का पीछा करते हुए एशेज में अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने की कोशिश कर रही थी तब लियोन ने उप कप्तान हैरी ब्रूक (30) को बोल्ड, कप्तान बेन स्टोक्स (05) को बोल्ड और सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली (85) को स्टंप आउट करके इंग्लैंड के खेमे में खलबली मचा दी। इंग्लैंड ने चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक छह विकेट पर 207 रन बनाए हैं और वह अभी लक्ष्य से 228 रन पीछे है।

## नाथन लियोन ने तीन विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को जीत के करीब पहुंचाया

### लियोन ने की शानदारी गेंदबाजी

पहली पारी में 371 रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में 349 रन बनाए। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 286 रन बनाए थे। क्रॉली और ब्रूक ने 68 रन की साझेदारी करके इंग्लैंड का स्कोर तीन विकेट पर 109 रन से 177 रन तक पहुंचाया। ऐसे में लियोन ने गेंद संभाली और अपनी दूसरी ही गेंद पर सफलता हासिल की। उन्होंने इस बीच केवल आठ रन देकर तीन विकेट लिए, जिससे इंग्लैंड का स्कोर छह विकेट पर 194 रन हो गया। आउट होने वाले बल्लेबाजों में स्टोक्स भी शामिल थे। वह टर्न लेती हुई गेंद को समझने में नाकाम रहे, जो उनके ऑफ स्टंप से जा लगी।



### इंग्लैंड की दूसरी पारी की शुरुआत खराब

*इंग्लैंड की दूसरी पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और एक समय उसका स्कोर दो विकेट पर 31 रन था। लेकिन इसके बाद जो रूट (39) और क्रॉली ने तीसरे विकेट के लिए 78 रन की साझेदारी की। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने लंच से पहले अपनी दूसरी ही गेंद पर बेन डकेट (04) का विकेट लिया और फिर लंच के बाद ओली पोप (17) को भी पवेलियन भेज दिया, जिनका मार्नस लाबुशेन ने दूसरी स्लिप से बायीं तरफ डाइव लगाते हुए शानदार कैच पकड़ा। कमिंस ने चाय के विश्राम के तुरंत बाद रूट को पवेलियन की राह दिखाई। टेस्ट क्रिकेट में यह 13वीं बार था जब कमिंस ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान को आउट किया। कमिंस ने अभी तक 24 रन देकर तीन जबकि लियोन ने 64 रन देकर तीन विकेट लिए हैं।*

### हेड और कैरी ने की 162 रन की साझेदारी

स्टोक्स और इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण ने सुबह के सत्र में श्रृंखला को जीवित रखने के लिए हरसंभव प्रयास किया। ऑस्ट्रेलिया ने सुबह अपनी दूसरी पारी चार विकेट पर 271 रन से आगे बढ़ाई लेकिन उसने आखिरी छह विकेट 11 ओवरों में 38 रन पर गंवा दिए। सुबह ट्रैविस हेड ने 142 रन और एलेक्स कैरी ने 52 रन से आगे खेलना शुरू किया लेकिन वह लंबे समय तक नहीं टिके रहे। हेड के 170 रन पर आउट होने से उसकी पारी का पतन शुरू हो गया। हेड और कैरी ने पांचवें विकेट के लिए 162 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी का अंत जोश टोंग (70 रन देकर चार विकेट) ने हेड को आउट करके किया। क्रॉली ने मिडविकेट पर उनका कैच लपका। स्टोक्स ने कैरी को 72 रन पर आउट कर दिया। कैरी ने लेग स्लिप में कैच दिया। इसके बाद ब्रायडन कार्स (80 रन देकर तीन विकेट) ने कमिंस (06) और लियोन को लगातार गेंदों पर आउट किया। जोफ्रा आर्चर ने स्कॉट बोलैंड का अपनी ही गेंद पर कैच लेकर ऑस्ट्रेलिया की पारी का अंत किया।

## खबर संक्षेप



### विजय हजारे ट्रॉफीः बंगाल टीम शामिल किए गए शमी

**कोलकाता।** तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को आगामी विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय प्रतियोगिता के लिए बंगाल की टीम में शामिल किया गया है। शमी लंबे समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं लेकिन उन्होंने चोट से उबरने के बाद बंगाल की तरफ से घरेलू क्रिकेट में शानदार वापसी की। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में वर्तमान सत्र में अभी तक सभी प्रारुप में 36 विकेट लिए हैं। भारतीय घरेलू सत्र की शुरुआत रणजी ट्रॉफी से हुई, जिसमें शमी ने चार मैच में 18.60 के औसत से 20 विकेट लिए। उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 टूर्नामेंट में भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और सात मैचों में 14.93 के औसत से 16 विकेट हासिल किए। विजय हजारे ट्रॉफी में शमी बंगाल के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे। बंगाल की टीम में भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप और मुकेश कुमार भी शामिल हैं। ट्राफी के लिए बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन को कप्तान बनाया गया है।

### 2026 एटीपी टूर के बाद नहीं खेलेंगे वावरिंका

**लुसाने।** स्विट्जरलैंड के खिलाड़ी और तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्टेन वावरिंका ने कहा है कि 2026 एटीपी टूर पर उनका आखिरी साल होगा। वावरिंका 2002 में पेशेवर खिलाड़ी बने थे और उन्होंने 16 टूर एकल खिताब जीते हैं। उन्होंने 2014 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन (राफेल नडाल), 2015 में फ्रेंच ओपन (नोवाक जोकोविच) और 2016 में अमेरिकी ओपन (जोकोविच) के फाइनल में उस समय के नंबर एक रैंकिंग वाले खिलाड़ियों को हराया था। वावरिंका ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'आखिरी प्रयास। हर पुस्तक का अंत जरूरी होता है। अब पेशेवर टेनिस खिलाड़ी के रूप में मेरे करियर का अंतिम अध्याय लिखने का समय आ गया है। 2026 टूर पर मेरा आखिरी साल होगा।'



### पंड्या सुपरहीरो की तरह उनकी चमक अद्वितीय

**अहमदाबाद।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में हार्दिक पंड्या की शानदार पारी के बाद उन्हें सुपरहीरो करार दिया और कहा कि वह मानसिक रूप से एक अलग स्तर पर काम करते हैं और उनकी चमक अद्वितीय है। स्टेन ने कहा, 'हार्दिक ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने एक खिलाड़ी की छवि से आगे निकल कर एक सेलिब्रिटी का दर्जा हासिल कर लिया है। वह किसी एक फिल्म के सुपरहीरो की तरह मैदान में उतरे, जहां कोई भी उनकी रणनीति नहीं बदल सकता।' उन्होंने कहा, 'यह कोई खराब रवैया नहीं है। यह तो पूरी तरह से दबदबा बनाए रखने से जुड़ा है। यह एक ऐसा प्रभाव है, जिसकी बराबरी कोई नहीं कर सकता। आप इसे उनके हावभाव में देख सकते हैं। वह मानसिक रूप से एक अलग ही स्तर पर हैं।



## टी20 विश्व कप 2026 के लिए टीम इंडिया का ऐलान

# टी-20 के राजा सूर्या से रूठी फॉर्म, निराशाजनक प्रदर्शन से शुभमन को खोनी पड़ी अपनी जगह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने जब अपने टी20 करियर की शुरुआत की थी, तो अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर पूरी दुनिया में छा गए थे। साल 2025 सूर्यकुमार यादव के लिए बतौर कप्तान बेहद सफल रहा है, लेकिन एक बल्लेबाज के रूप में उन्होंने निराश किया है।

वहीं शुभमन गिल को भी खराब फॉर्म की वजह से टी20 विश्व कप 2026 में अपनी जगह खोनी पड़ी है। सूर्या और गिल दोनों के लिए टी20 में साल 2025 बेहद निराशजनक रहा है। सूर्यकुमार यादव ने 14 मार्च 2021 को इंग्लैंड के खिलाफ अपने टी20 करियर का आगाज किया था। टी20 फॉर्मेट में शुरुआत के साथ ही सूर्या ने तहलका मचा दिया था। लगातार दमदार प्रदर्शन की वजह से सूर्या 30 अक्टूबर 2022 को आईसीसी की टी20 रैंकिंग में नंबर वन बल्लेबाज बन गए। वह टी20 विश्व कप 2024 जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे थे।



### ईशान का खत्म हुआ वनवास

वर्ल्ड कप स्क्वॉड के लिए टीम इंडिया के स्क्वॉड में अपना नाम देखने के बाद ईशान किशन काफी खुश नजर आए। उन्होंने कहा कि मैं बहुत खुश हूं और टीम के साथ जुड़ने पर काफी उत्साहित हूं। ईशान किशन दो साल बाद भारत की टी20 टीम में वापसी करने में कामयाब रहे हैं। उन्होंने भारत के लिए पिछला टी20 मुकाबला नवंबर, 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था।

### भारतीय टीम का शेड्यूल

| दिनांक | बनाम | स्थान |
|---|---|---|
| 7 फरवरी | यूएसए | वानखेड़े स्टेडियम (मुंबई)। |
| 12 फरवरी | नामीबिया | अरुण जेटली स्टेडियम (दिल्ली)। |
| 15 फरवरी | पाकिस्तान | आर. प्रेमदासा स्टेडियम (कोलंबो)। |
| 18 फरवरी | नीदरलैंड्स | नरेंद्र मोदी स्टेडियम (अहमदाबाद)। |

सुपर-8 के मैच अहमदाबाद, चेन्नई और कोलकाता।
ग्रुप ए : भारत, अमेरिका, पाकिस्तान, नामीबिया और नीदरलैंड्स

### गिल और जितेश बाहर

#### चीफ सेलेक्टर अगरकर ने किया बड़ा खुलासा

चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर ने शुभमन गिल को बाहर करने की वजह का खुलासा करते हुए कहा कि गिल का हालिया फॉर्म और टीम कॉम्बिनेशन की मजबूरियां इस फैसले के पीछे की वजह रहीं। अजीत अगरकर ने कहा, 'हम जानते हैं कि वह कितने क्वालिटी वाले खिलाड़ी हैं, लेकिन शायद इस समय उनके पास कुछ रन कम हैं। पिछले वर्ल्ड कप में भी चूकना दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि हम अलग-अलग कॉम्बिनेशन के साथ गए थे। लेकिन यह फैसला किसी भी और चीज से ज्यादा कॉम्बिनेशन की वजह से लिया गया है, जब आप 15 चुनते हैं तो किसी को चूकना पड़ता है और दुर्भाग्य से, इस समय वह गिल हैं। दूसरी ओर, विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा भी टीम में अपनी जगह बनाने से चूक गए। अगरकर ने इस बात पर जोर दिया कि वह टॉप ऑर्डर में एक ज्यादा विकेटकीपर रखना चाहते थे और इसके लिए उन्हें एक मेन बल्लेबाज का त्याग करना पड़ा। अगरकर ने कहा कि हम कॉम्बिनेशन पर गौर कर रहे हैं। जितेश ने बहुत ज्यादा गलत नहीं किया है। लेकिन वह लोअर ऑर्डर में बल्लेबाजी करते हैं और टॉप ऑर्डर में एक विकेटकीपर बल्लेबाज के विकल्प के चलते उनकी जगह ईशान किशन को मौका दिया गया है।



## न्यूजीलैंड सीरीज के लिए टीम इंडिया का सेलेक्शन पटेल बने उपकप्तान



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए टीम इंडिया के ऐलान के साथ ही न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के लिए भी भारतीय टीम का सेलेक्शन कर दिया गया। टी20 वर्ल्ड कप 2026 और न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज के लिए एक ही टीम चुनी गई है। टीम इंडिया की टी20 टीम का उप-कप्तान बदल चुका है। अक्षर पटेल को न्यूजीलैंड सीरीज और टी20 वर्ल्ड कप 2026, दोनों के लिए उप-कप्तान बना दिया गया है। चूंकि टी20 वर्ल्ड कप 2026 और न्यूजीलैंड सीरीज के लिए एक ही टीम है तो शुभमन गिल इस सीरीज से भी बाहर रहेंगे। ईशान किशन ने टीम में उनकी जगह ली है। ईशान किशन को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में कमाल के प्रदर्शन का इनाम मिला है। ईशान किशन ने 33 छक्कों के साथ 500 से ज्यादा रन बनाए हैं। वो टूर्नामेंट में 500 प्लस रन बनाने वाले इकलौते बल्लेबाज रहे। जितेश शर्मा को भी न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 टीम से ड्रॉप कर दिया गया हैं। वहीं रिंकू सिंह की वापसी हुई है। रिंकू सिंह साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में टीम इंडिया का हिस्सा नहीं थे ।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम इंडिया

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन, हार्दिक पंड्या, तिलक वर्मा, अक्षर पटेल (उपकप्तान), शिवम दुबे, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, रिंकू सिंह।

## अंडर-19 एशिया कप

# रिकॉर्ड 12वीं बार खिताब जीतने के इरादे से उतरेगी टीम इंडिया

**पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबला आज सुबह 10.30 बजे से**



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय टीम रविवार को आईसीसी अकादमी में होने वाले अंडर-19 एशिया कप फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए रिकॉर्ड 12वां खिताब अपनी झोली में डालना चाहेगी।

आयुष म्हात्रे की अगुवाई वाली भारतीय टीम ग्रुप ए के सभी मैच जीतकर पाकिस्तान से आगे शीर्ष पर रही। पाकिस्तान को ग्रुप चरण में एकमात्र हार भारत के खिलाफ मिली थी, जिसमें उसे पिछले रविवार को 90 रन से हार मिली। भारत ने शुक्रवार को सेमीफाइनल में भी यही लय बरकरार रखी और श्रीलंका को आठ विकेट से हराया। दूसरी ओर पाकिस्तान ने गत चैंपियन बांग्लादेश को हराकर फाइनल में जगह बनाई। फा इ न ल तक भारत का सफर हरफनमौला प्रदर्शन पर आधारित रहा है, जिसमें बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने मिलकर एक मजबूत इकाई बनाई।

### बल्लेबाजी में भारत का प्रदर्शन शानदार

*बल्लेबाजी में भारत का प्रदर्शन शानदार रहा है और टीम ने दो बार 400 से ज्यादा का स्कोर बनाया है। इस 50 ओवर के टूर्नामेंट में युवा प्रतिभाओं का उदय हुआ है, जिसमें 17 साल के विकेटकीपर-बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू शामिल हैं। युवा प्रतिभा वैभव सूर्यवंशी ने संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ पहले मैच में 95 गेंद में 171 रन बनाकर भारत को छह विकेट पर 433 रन के स्कोर तक पहुंचाया तो कुंडू ने मलेशिया के खिलाफ रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 125 गेंद में नाबाद 209 रन बनाए और युवा वनडे में दोहरा शतक बनाने वाले पहले भारतीय बन गए। यह जोड़ी पाकिस्तान के अनुशासित गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ एक और अच्छा प्रदर्शन करना चाहेगी। जब भी भारत का शीर्ष क्रम लड़खड़ाया है, मध्यक्रम में ऐसे मौके पर अच्छा प्रदर्शन किया है।*

# श्रीलंका के खिलाफ युवाओं को परखेगी महिला क्रिकेट टीम

एजेंसी ▶▶| विशाखापत्तनम

भारतीय टीम रविवार से श्रीलंका के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की टी20 श्रृंखला से अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए ऐसे युवा खिलाड़ियों की तलाश करना चाहेगी, जो टीम को लंबे समय तक स्थिरता प्रदान कर सके।

टीम में कप्तान हरमनप्रीत कौर, उपकप्तान स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा और रेणुका सिंह जैसे परिचित चेहरे मौजूद हैं, लेकिन यह सभी खिलाड़ी 30 की उम्र पार कर चुके हैं या उस ओर बढ़ रहे हैं। भारतीय टीम प्रबंधन की निगाहें ऐसे में युवा बल्लेबाज जी कमलिनी और उभरती हुई बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा के प्रदर्शन पर टिकी रहेंगी। सत्रह साल की कमलिनी ने तमिलनाडु के लिए बीसीसीआई अंडर-23 टी20 ट्रॉफी, इस साल की शुरुआत में अंडर-19 विश्व कप और फिर महिला प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हुए अपनी परिपक्वता का परिचय दिया है।



### टीमें इस प्रकार

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, हरलीन देओल, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, रेणुका सिंह ठाकुर, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमलिनी (विकेटकीपर), श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा।

# कैवेम हॉज का शानदार शतक वेस्टइंडीज ने टाला फॉलोऑन

एजेंसी ▶▶| माउंट माउंगानुई

कैवेम हॉज ने सूत्रधार की भूमिका अच्छी तरह से निभाते हुए अपना दूसरा टेस्ट शतक बनाया, जिससे वेस्टइंडीज की टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन फॉलोऑन बचाने में सफल रही। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय हॉज 109 रन पर खेल रहे थे।

उनके साथ दूसरे छोर पर एंडरसन फिलिप 12 रन बनाकर खेल रहे हैं। वेस्टइंडीज ने अपनी पहली पारी में छह विकेट पर 381 रन बनाए हैं और वह न्यूजीलैंड से अभी 194 रन पीछे है। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 575 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। वेस्टइंडीज का फॉलोऑन बचाना इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि पहले टेस्ट मैच में शतक बनाने वाले शाई होप बल्लेबाजी करने के लिए नहीं उतर पाए। वह अज्ञात बीमारी के कारण मैदान से बाहर हैं।



## यादें 2025 : भारतीय निशानेबाजों ने प्रत्येक रंग का हासिल किया पदक

# सुरुचि, सम्राट और सिमरनप्रीत ने निशानेबाजी में बिखेरी चमक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुरुचि सिंह, सम्राट राणा और सिमरनप्रीत कौर बराड़ ने वर्ष 2025 में भारतीय निशानेबाजी में अपनी विशेष छाप छोड़ी। इस वर्ष भारतीय निशानेबाजों ने प्रत्येक रंग का पदक हासिल किया और यह साल कई युवाओं के उभरने का गवाह बना।

पिछले कुछ वर्षों में निशानेबाजी का खेल भारत के लिए सबसे अधिक पदक हासिल करने वाले खेलों में से एक के रूप में उभरा है। यह खेल अब छोटे शहरों में लोकप्रिय होता जा रहा है, जिससे भारत को कई शानदार प्रतिभाएं मिली हैं। भारतीय निशानेबाजों के अच्छे प्रदर्शन की शुरुआत ब्यूनस आयर्स में हुई, जहां भारत ने चार स्वर्ण, दो रजत और इतने ही कांस्य पदक जीते।







### सुरुचि ने असाधारण प्रतिभा की दिखाई झलक

सुरुचि ने इस सत्र में विश्व कप में शीर्ष स्थान हासिल करके अपनी असाधारण प्रतिभा की झलक दिखाई। झज्जर की इस युवा निशानेबाज ने विश्व कप में चार स्वर्ण पदक जीते थे और दोहा में सत्र की अंतिम प्रतियोगिता विश्व कप फाइनल्स में भी शीर्ष स्थान हासिल किया था। करनाल के रहने वाले 20 वर्षीय सम्राट राणा ने पुरुषों की एयर पिस्टल स्पर्धा में कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को हराकर काहिरा में विश्व चैंपियन का खिताब जीता और इस तरह से यह उपलब्धि हासिल करने वाले देश के पहले खिलाड़ी बने।

### पाटिल और अनीश का शानदार प्रदर्शन

इस साल एयर राइफल निशानेबाज रुद्रांक्ष पाटिल, 25 मीटर रैपिड फायर विशेषज्ञ अनीश भानवाला, एयर पिस्टल निशानेबाज वरुण तोमर और 25 मीटर पिस्टल निशानेबाज सिमरनप्रीत कौर बराड़ जैसे खिलाड़ियों ने विश्व कप, विश्व चैंपियनशिप, एशियाई चैंपियनशिप और विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया। लेकिन कोई भी सुरुचि और सम्राट की सफलता की बराबरी नहीं कर पाया।




सत्र न्यायालय ने जेएमएफसी कोर्ट का पूर्व आदेश किया निरस्त

जगद्गुरु रामभद्राचार्य पर अनर्गल टिप्पणी से जुड़ा प्रकरण

# जगद्गुरु राघवाचार्य के विरुद्ध परिवाद पर नए सिरे से होगी सुनवाई

हरिभूमि जबलपुर।

अपर सत्र न्यायाधीश प्रवेंद्र कुमार सिंह की अदालत ने जेएमएफसी कोर्ट का वह आदेश निरस्त कर दिया है, जिसके जरिए जगद्गुरु राघवाचार्य के विरुद्ध परिवाद पर क्षेत्राधिकार न होने के आधार पर सुनवाई से मना कर दिया गया था। प्रकरण तुलसी पीठाधीश्वर रामभद्राचार्य पर अनर्गल टिप्पणी से जुड़ा है। सत्र न्यायालय ने जेएमएफसी कोर्ट के पूर्व आदेश को अनुचित करार दिया। साथ ही परिवाद पर नए सिरे से सुनवाई के निर्देश जारी कर दिए।



परिवादी जबलपुर निवासी राम प्रकाश अवस्थी की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि परिवादी तुलसी पीठाधीश्वर रामभद्राचार्य का दीक्षित शिष्य और बीएसएनएल में कार्यरत कर्मचारी नेता है। उसने जगद्गुरु राघवाचार्य द्वारा रामभद्राचार्य के विरुद्ध इंटरनेट मीडिया पर जारी अपमानजनक बयान को गंभीरता से लेकर आपराधिक प्रकरण दर्ज किए जाने की मांग की थी। परिवादी ने जबलपुर में उक्त वायरल वीडियो सुना था, जिसके बाद कानूनी कार्रवाई का निर्णय लिया। लिहाजा, जेएमएफसी कोर्ट द्वारा उसके परिवाद को क्षेत्राधिकार के आधार पर निरस्त करना सर्वथा अनुचित है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायदृष्टांतों की रोशनी में इस तरह के परिवाद को सुनने से मना नहीं किया जा सकता।

**क्या था बयान**

राघवाचार्य ने अपने बयान में कहा था कि रामभद्राचार्य द्वारा ब्रह्मसूत्र पर लिखा गया भाष्य कचरा है। एक अंधे व्यक्ति को आचार्य बनने का अधिकार नहीं है। रामभद्राचार्य स्वयंभू संत हैं। इस बयान का वायरल वीडियो सुनने के बाद परिवादी के जबलपुर निवासी रिश्तेदार व परिचित तंज कस रहे थे, जिससे उसे एहसास हुआ कि न केवल गुरु और शिष्यों का बल्कि सनातन धर्म का भी अपमान किया गया है। इसीलिए परिवाद दायर किया गया। लेकिन जेएमएफसी कोर्ट ने यह कहकर सुनवाई से मना कर दिया कि जिस वीडियो को चुनौती दी गई है, वह जबलपुर का नहीं है।

# सिर्फ एक लाइन के आदेश के जरिए दोष सिद्धि निरस्त करना अनुचित

*हाई कोर्ट ने अपील पर नए सिरे से सुनवाई के दिए निर्देश*

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने सिर्फ एक लाइन के आदेश के जरिए दोष सिद्धि निरस्त करने के रवैये को अनुचित करार दिया। जस्टिस राजेंद्र कुमार वाणी की सिंगल बेंच ने अपीलीय कोर्ट को अपील पर नए सिरे से विचार के निर्देश दिए। हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि एक न्यायिक अधिकारी से यह अपेक्षा नहीं की जा सकती कि वह केस की मेरिट पर बिना जाए और सबूतों पर चर्चा किए बिना इतना छोटा, रहस्यमय और बिना तर्क का आदेश पारित कर दे। हाई कोर्ट में यह मामला राज्य शासन की ओर से दायर किया गया था। जिसमें कहा गया था कि भोपाल अदालत की अपीलीय कोर्ट में अनावेदक बाबूलाल मालवीय ने ट्रायल कोर्ट द्वारा सुनाई गई छह माह के कारावास की सजा को चुनौती दी थी। अपीलीय कोर्ट ने अपील स्वीकार करते हुए महज एक लाइन का आदेश लिखा और ट्रायल कोर्ट का दोष सिद्धि का आदेश निरस्त करते हुए बाबूलाल को दोषमुक्त कर दिया। दिलचस्प बात तो यह रही कि दोषमुक्ति का कारण तक नहीं रेखांकित किया गया। इसलिए वह आदेश गैर कानूनी होने के कारण निरस्त करने योग्य है। अपील कोर्ट को निर्देश दिया जाता है कि नए सिरे से तार्किक आदेश पारित करे।

# सी.एम. हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में प्रदेश में नगर निगम जबलपुर दूसरी बार आया अव्वल

**जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार की मेहनत, सतत प्रयास रंग लाए है। सी.एम. हेल्पलाइन के माध्यम से नगर निगम को प्राप्त अधिकांश शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कर नगर निगम ने वेटेज स्कोर के आधार पर 98.79 प्रतिशत प्राप्त कर प्रदेश में जबलपुर नगर निगम दूसरी बार अव्वल आया है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में नगर निगम द्वारा कुल 2 हजार 6 सौ 91 शिकायतों में से लगभग 59.53 प्रतिशत शिकायतों का शिकायतकर्ताओं से चर्चा कर उनकी संतुष्टि के उपरांत निराकरण कराया गया है। नगर निगम को इसके लिए मध्यप्रदेश शासन के द्वारा जारी ग्रेडिंग लिस्ट में प्रदेश में दूसरी बार प्रथम रैंक प्राप्त करते हुए ए ग्रेड प्राप्त किया है। इस प्रकार नगर निगम जबलपुर के द्वारा अधिकतम प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक एवं साकारात्मक निराकरण किया गया।




निगमायुक्त ने इस उपलब्धि के लिए टीम के सभी सदस्यों को बधाई दी और आगे भी इसी तरह से काम करने की प्रेरणा भी दी।

सी.एम. हेल्प लाइन की प्रभारी तथा सहायक आयुक्त श्रीमती शिवांगी महाजन ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन स्तर पर प्रतिमाह नगर निगम के कार्यो की ग्रेडिंग जारी की जाती है। जिसके अंतर्गत माह नवम्बर 2025 की ग्रेडिंग जारी हुई है, जिसमें जबलपुर को ए ग्रेड और प्रदेश के सभी नगर निगमों में दूसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। यह निगम के लिए बड़ी उपलब्धि है।

श्रीमती महाजन ने बताया कि सभी शिकायतों के निराकरण के लिए निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के द्वारा सही दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन दिये गए, जिसके परिणाम स्वरूप नगर निगम जबलपुर द्वारा यह उपलब्धि हासिल की गई है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि अब आगे भी इसी प्रकार रैंकिंग बनाए रखने की दिशा में टीम भावना से मेहनत करेगें।



पुलिस जांच में जुटी

# नेत्रहीन छात्रों के धर्मांतरण की सूचना से मचा हड़कंप

**जबलपुर।** कटंगा रोड स्थित हवाबाग कॉलेज के पीछे नेत्रहीन छात्रों का धर्मांतरण कराए जाने की सूचना से शनिवार सुबह हड़कंप मच गया। बताया गया कि क्रिसमस के मौके पर ईसाई समाज के एक संगठन द्वारा अंधमूक चौराहा स्थित छात्रावास से नेत्रहीन छात्र-छात्राओं को भोजन के लिए आमंत्रित किया गया था। जानकारी के अनुसार छात्र-छात्राएं जब वहां पहुंचे तो भोजन से पहले मसीह समाज की प्रार्थना की जा रही थी। इसी दौरान धर्मांतरण की सूचना मिलने पर हिन्दू रक्षा दल के विकास कुमार खरे अन्य पदाधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे। सूचना मिलते ही पुलिस भी वहां पहुंच गई। पुलिस के पहुंचने के बाद सभी छात्र उस भवन से बाहर आ गए, जहां प्रार्थना हो रही थी। हंगामे की खबर मिलने पर कुछ भाजपा नेता भी मौके पर पहुंचे। उनका कहना था कि यहां एक खंडहरनुमा भवन में कार्यक्रम चल रहा था और पहले भी बच्चों को यहां लाया जाता रहा है। इधर, मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बच्चों को कटंगा हवाबाग कॉलेज के पीछे स्थित चर्च में लाया गया था। क्रिसमस पर्व के चलते उन्हें भोजन कराने के उद्देश्य से बुलाया गया था। पुलिस के अनुसार फिलहाल धर्मांतरण जैसी कोई स्पष्ट बात सामने नहीं आई है। छात्रों के बयान लिए जा रहे हैं और पूरे मामले की जांच की जा रही है।

फॉग डिवाईस, वॉकीटॉकी और हरी लाल झण्डी भी मिली

# जबलपुर रेल्वे स्टेशन में पकड़ा गया फर्जी लोको पायलट

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे मुख्यालय से लगे जबलपुर रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार देर रात फर्जी असिस्टेंट लोको पायलट (एएलपी) पूरे साजो सामान सहित पकडा गया । पकड़े गये युवक के पास से रेलवे के फाग डिवाइस, वॉकीटॉकी सहित अन्य उपकरण भी मिले हैं।



प्राप्त जानकारी के मुताबिक युवक आईआईटी का विद्यार्थी है, जो अपने रिश्तेदारों, मित्रों, परिचितों को रेलवे में नौकरी लगने का झूठा रौब दिखाने के प्रयास में फर्जी लोको पायलट बनकर घूमता था। आरोपी युवक का नाम देव शर्मा (20 वर्ष) है, जो वीर सावरकर वार्ड जबलपुर का निवासी है।

बताया जाता है कि युवक शुक्रवार की रात नीली पेंट और आसमानी रंग की शर्ट पहनकर मुख्य रेलवे स्टेशन पर लोको पायलट लॉबी के पास खड़ा था और हाथ में फाग डिवाइस व वॉकी-टॉकी रखे था। इस दौरान वह शंटिंग में लगे एक शंटर से बातचीत करने लगा। इस बातचीत के दौरान उसके हाव-भाव और तकनीकी जानकारी में कमी देखकर शंटर पायलट को शक हुआ। इसके बाद उसने युवक से कुछ विभागीय सवाल पूछे जिस पर युवक घबरा गया और सही जवाब नहीं दे सका। इसके बाद लॉबी कर्मचारियों को सूचना दी गई, जिस पर आरपीएफ मौके पर पहुंची और युवक को पकड़ लिया गया।

आरपीएफ ने आरोपी के पास से लोको पायलट को दिए जाने वाले फाग डिवाइस, ट्रेन संचालन में उपयोग होने वाला वॉकी-टॉकी तथा रेल्वे में उपयोग होने वाली लाल और हरी झंडी बरामद की है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी यह सभी उपकरण मुख्य स्टेशन स्थित लोको पायलट लॉबी से ही जारी करवाता था। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह कई दिनों से सहायक लोको पायलट की तरह ड्रेस पहनकर स्टेशन आता था। उसे लॉबी से उपकरण इश्यू कराने की जानकारी रेलवे के एक लोको प्वाइंटमैन से मिली थी। वह सुबह लॉबी पहुंचकर उपकरण लेता और शाम को वापस जमा कर घर चला जाता था। शुक्रवार को भी उसने दोपहर में उपकरण इश्यू कराए थे और रात को वापस जमा करने आया था, तभी उसकी सच्चाई सामने आ गई। इस घटना के बाद रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था, खासकर लोको पायलट लॉबी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

## एनएच-44 पर ट्रक चालक का हंगामा

**जबलपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-44 पर बेलखेड़ा के पास परिवहन सुरक्षा दस्ते की वाहन चेकिंग के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक ट्रक चालक ने हंगामा करते हुए अपनी गाड़ी बीच सड़क पर आड़ी खड़ी कर दी। इससे एनएच-44 पर लंबा जाम लग गया और दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं। जानकारी के अनुसार परिवहन सुरक्षा दस्ता नियमित जांच के तहत चेक प्वाइंट लगाकर वाहनों के बीमा, फिटनेस और अन्य दस्तावेजों की जांच कर रहा था। इसी दौरान ट्रक क्रमांक सीजी सीजी04 एनटीओ0804 को रोका गया। वाहन चालक अरविंद पिता कैलाशचंद, निवासी देवास से कागजात मांगे गए तो वह भड़क गया। बताया गया कि चालक गाड़ी से डंडा लेकर उतरा और उड़नदस्ते के कर्मचारियों से गाली-गलौज करने लगा। उसने डंडे से हमला करने का प्रयास भी किया और बाद में ट्रक को सड़क पर आड़ा खड़ा कर एनएच-44 को पूरी तरह जाम कर दिया।

# पुरानी रंजिश पर दो पक्ष भिड़े, 2 घायल

**जबलपुर।** मझगवां थानातंर्गत महाकाली मोहल्ला मझगवां में पुरानी रंजिश पर दो पक्षों ने एक दूसरे के साथ गालीगलौज व मारपीट कर कड़े से हमला कर घायल कर दिया। मारपीट में एक वृद्ध व एक युवक को चोटें आई हैं।



मझगवां पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार महाकाली मोहल्ला मझगवां निवासी 62 वर्षीय छोटेलाल चौधरी खेत से घर आया तो देखा के मोहल्लें का बादल चौधरी पुरानी रंजिश पर बहू सोना चौधरी के साथ गाली गलौज कर रहा था, उसने गालियां देने से मना किया तो बादल चौधरी ने हाथ में लिये चूड़ा से छोटेलाल के सिर पर हमला कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी।

वहीं दूसरे पक्ष महाकाली मोहल्ला मझगवां निवासी 19 वर्षीय बादल चौधरी के घर के सामने गत शाम लगभग 6.30 बजे छुट्टू चौधरी और विपिन चौधरी पुरानी रंजिश पर गालीगलौज कर रहे थे, उसने गालियां देने से मना किया तो दोनों ने मारपीट कर माथा, हाथ, पैर एवं पीठ में चोटें पहुँचा दी तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 115(1), 351(1), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

शरीर पर चोटों के निशान

# संदिग्ध हालात में युवक का नग्न शव मिलने से सनसनी

**जबलपुर।** शहपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम पौड़ी के पास शनिवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब सड़क किनारे एक अज्ञात युवक का लहुलुहान शव नग्न अवस्था में पड़ा मिला। सुबह ग्रामीणों ने शव को देखा और तत्काल इसकी सूचना शहपुरा थाने को दी। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र करीब 30 से 35 वर्ष के बीच आंकी जा रही है। युवक का शव सड़क किनारे संदिग्ध हालत में पड़ा था और शरीर पर कपड़े नहीं थे, जिससे मामले को लेकर कई तरह की आशंकाएं जताई जा रही हैं। पुलिस को मृतक के हाथ और पैरों पर गंभीर चोटों के निशान मिले हैं, जो किसी संघर्ष या मारपीट की ओर इशारा कर रहे हैं। प्रथम दृष्टया मामला सामान्य मौत का नहीं प्रतीत हो रहा, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। घटनास्थल पर एफएसएल और पंचनामा कार्रवाई के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए शहपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा और यह स्पष्ट हो पाएगा कि मामला हत्या का है या किसी अन्य कारण से युवक की जान गई।



शिनाख्त के प्रयासों में जुटी पुलिस को मृतक के शरीर पर बने टैटू से अहम सुराग मिले हैं। पुलिस के मुताबिक मृतक के बाएं हाथ की कलाई पर टैटू में पापा और दाहिनी कलाई पर रोशनी लिखा हुआ है। इन टैटू के आधार पर आसपास के थानों और जिलों में सूचना भेजी गई है, ताकि युवक की पहचान की जा सके। फिलहाल शहपुरा पुलिस ने अज्ञात मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। आसपास के गांवों और क्षेत्रों में पूछताछ की जा रही है, वहीं यह भी पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि युवक कहां से आया था और किन हालात में उसकी मौत हुई। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है और ग्रामीण तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मृतक की पहचान और मामले की सच्चाई सामने लाई जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## शराब पीने रूपये नहीं देने पर गंज से हमला

**जबलपुर।** घमापुर थानातंर्गत सरकारी कुआं के पास घमापुर में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने पर एक बदमाश ने एक बर्तन व्यापारी के साथ मारपीट कर दुकान में रखा गंज से हमला कर जान से मारने की धमकी दी। घमापुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सरकारी कुआं के पास घमापुर निवासी 45 वर्षीय बर्तन व्यापारी पवन कुमार मौर्य गत शाम लगभग 7 बजे अपनी बर्तन की दुकान में बैठा था, उसी समय प्रेमसागर निवासी प्रकाश उर्फ चपटा आया और उससे शराब पीने के लिये 500 रूपये की मांग करने लगा, रूपये देने से मना करने पर प्रकाश उर्फ चपटा गाली गलौज करते हुए दुकान में रखा गंज उठाकर उसके सिर एवं मुंह में दे मारा जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(ए), 115(2), 119(1), 351(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## पत्नी से तलाक के केस से परेशान युवक ने फांसी लगाई

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना अतंर्गत रविदास मंदिर के पीछे बाबाटोला में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया गया है कि युवक शराब पीने का आदि था और पत्नी से तलाक का केस न्यायालय में चल रहा था जिसकी वजह से उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविदास मंदिर के पीछे बाबाटोला निवासी 29 वर्षीय जयराज चौधरी ने शाम लगभग 4.30 बजे अपने कमरे की खिड़की में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया गया है कि जयराज शराब पीने का आदि था और पत्नी से तलाक का केस न्यायालय में चल रहा था। जिस वजह से परेशान जयराज ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है ।

# बरेला में कार ने किया 4 को घायल, कटंगी में टकराई मोटर-सायकिलें, 2 घायल

**जबलपुर।** बरेला और कटंगी थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना के दो मामलें प्रकाश में आए हैं। बरेला में जहां एक कार ने बाईक सवार को टक्कर मार दी, वहीं कटंगी में दो मोटरसायकिलों की आपस में भिडंत हो गई। इस सड़क दुर्घटना में 6 युवक घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बरेला पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पन्नी मोहल्ला सुहागी थाना अधारताल निवासी 28 वर्षीय मनोज ठाकुर अपने दोस्त हेमराज मर्सकोले, पूरन लाल गौतम, सुनील कुमार परते, संदीप कुमार यादव तथा राशिद शेख के साथ मनेरी से छोटे भाई की शादी के कार्ड रिश्तेदारों को देकर तीन मोटर सायकलों से वापस आ रहे थे। शाम लगभग 5 बजे जैसे ही आशीर्वाद गार्डन के पास पहुँचे, तभी पीछे से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 सीजी 4745 के चालक ने तेज गति से चलाते हुए उसकी मोटर सायकल को ओवरटेक करते हुये उसके आगे चल रहे हेमराज और सुनील की मोटर सायकलों में टक्कर मार दी, जिससे हेमराज, पूरन लाल, सुनील कुमार और संदीप कुमार चारों मोटर सायकल सहित गिर गये, गिरने से चारों को हाथ पैर एवं शरीर में चोटें आईं वहीं कार चालक भीड़ का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। मनोज ठाकुर ने चारों घायलों को उपचार के लिए जबलपुर के अस्पताल में भर्ती कराया है। इसी तरह कटंगी में ग्राम खैरी जबेरा जिला दमोह निवासी 34 वर्षीय भूपेंद्र अठ्या अपने साला वीरेंद्र और राममिलन व अमित लोधी के साथ जैकेट की खरीददारी कर जबलपुर से वापस अपने घर जा रहे थे। एक मोटर सायकल में भूपेंद्र एवं राममिलन तथा दूसरी मोटर सायकल में वीरेन्द्र तथा अमित बैठे थे। रात लगभग 9.30 बजे जैसे ही ग्राम पौड़ी हिरन नदी के पुल के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रही मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 34 जेडसी 2284 के चालक ने वीरेन्द्र एवं अमित की मोटर सायकल में टक्कर मार दी, जिससे दोनों मोटर सायकिल सहित गिर गये जिससे दोनों को हाथ, पैर एवं शरीर में चोटें आ गई। भूपेंद्र और राममिलन ने दोनों घायलों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी कार चालक और बाईक चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240